Q.53 दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।



Poets - कवि

Teachers - शिक्षक

Writers - लेखक

उपरोक्त आरेख के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

Ans

✔ A. उन शिक्षकों की संख्या, जो लेखक और कवि दोनों हैं, 20 है।

✘ B. उन कवियों की संख्या, जो शिक्षक भी हैं, किंतु लेखक नहीं हैं, 48 है।

✘ C. उन लेखकों की संख्या, जो न तो शिक्षक हैं, और न ही कवि हैं, 10 है।

✘ D. उन कवियों की संख्या, जो शिक्षक भी हैं, 44 है।

Q.54 P एक बिंदु से उत्तर की ओर मुख करके चलना शुरू करता है, और फिर दाएं मुड़ता है, और पूर्व की ओर 24 m दौड़ता है, फिर बाएं मुड़ता है, और 26 m चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, और पहले 24 m दौड़ता है, और फिर 6 m चलता है, और फिर दाएं मुड़ता है और 6 m चलता है, वह पुनः दाएं मुड़ता है, और 30 m दौड़ता है। उसने कितनी दूरी चलकर तय की, और अब उसका मुख किस दिशा की ओर है?

(सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

Ans

✘ A. 38 m, पश्चिम

✔ B. 38 m, पूर्व

✘ C. 126 m, पश्चिम

✘ D. 126 m, पूर्व

Q.55 INCURABLE शब्द में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके अगले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पूर्ववर्ती अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए शब्द में कितने स्वर होंगे?

Ans

✘ A. 2

✔ B. 1

✘ C. 3

✘ D. 4

Section : **General Science**

Q.56 एक अवतल दर्पण, जिसकी फोकस दूरी का परिमाण 20 cm है, उससे 60 cm की दूरी पर एक वास्तविक प्रतिबिंब निर्मित करता है। वस्तु की दूरी (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. −30

✘ B. +30

✘ C. −15

✘ D. +15

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.57 निम्न कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन- I: वाशिंग सोडा, सोडियम क्लोराइड से निर्मित किया जाता है।

कथन- II: यह गंदगी और ग्रीस पर हमला करके जल में घुलनशील उत्पादों का निर्माण करता है, जिन्हें बाद में पानी से धो दिया जाता है।

Ans

✔ A. दोनों कथन सत्य हैं।

✘ B. दोनों कथन असत्य हैं।

✘ C. कथन-I सत्य है, और कथन -II असत्य है।

✘ D. कथन-II सत्य है, और कथन-I असत्य है।

Q.58 $ZnO + C \rightarrow Zn + CO$ अभिक्रिया में क्या होता है?

Ans

✘ A. कार्बन अपचयित होकर CO का निर्माण करता है।

✔ B. ZnO अपचयित होकर Zn का निर्माण करता है।

✘ C. ZnO ऑक्सीकृत होकर Zn का निर्माण करता है।

✘ D. Zn रेडॉक्स अभिक्रिया से नहीं गुजरता है।

Q.59 कांच के प्रिज्म से होकर गुजरने पर श्वेत प्रकाश के किस रंग घटक का विचलन अधिकतम होता है?

Ans

✘ A. लाल

✔ B. बैंगनी

✘ C. नीला

✘ D. हरा

Q.60 वायुमंडल की समताप मंडल परत में ओजोन क्षय निम्नलिखित में से किसके लिए उत्तरदायी है?

Ans

✔ A. पृथ्वी की सतह पर पहुंचने वाले UV विकिरणों में वृद्धि

✘ B. ग्रीनहाउस प्रभाव में वृद्धि

✘ C. पृथ्वी के वायुमंडल का ठंडा होना

✘ D. क्षोभमंडल में अवरक्त विकिरणों में वृद्धि

Q.61 निम्न कथनों पर विचार करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन-I: आयनिक यौगिक सामान्यतः भंगुर होते हैं और दाब आरोपित करने पर टुकड़ों में टूट जाते हैं।

कथन-II: आयनिक यौगिकों के गलनांक तथा क्वथनांक निम्न होते हैं।

Ans

✘ A. दोनों कथन सत्य हैं।

✘ B. दोनों कथन असत्य हैं।

✔ C. कथन-I सत्य है, और कथन -II असत्य है।

✘ D. कथन-II सत्य है, और कथन-I असत्य है।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.62 1000 W रेटिंग वाले एक इलेक्ट्रिक हीटर और 2000 W रेटिंग वाले एक इलेक्ट्रिक गीजर को प्रतिदिन 4 घंटे के लिए उपयोग किया जाता है। 10 दिनों में व्यय ऊर्जा (kWh में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 12
- ✓ B. 120
- ✗ C. 1200
- ✗ D. 12000

Q.63 दी गई अभिक्रिया में, _____ अपचायक के रूप में कार्य करता है।

$Fe_2O_3 + 3CO \rightarrow 2Fe + 3CO_2$

Ans
- ✗ A. Fe
- ✗ B. Fe_2O_3
- ✗ C. CO_2
- ✓ D. CO

Q.64 कूपिका (alveoli) की कुछ विशेषताओं का उल्लेख नीचे किया गया है। गलत विकल्प का चयन कीजिए।

Ans
- ✓ A. ये अंगुलीनुमा संरचनाएं होती हैं
- ✗ B. इसका सतही क्षेत्रफल बड़ा होता है
- ✗ C. इनकी भित्तियां पतली होती हैं
- ✗ D. इनमें रक्त वाहिकाओं का एक विस्तीर्ण जाल होता है

Q.65 एथेनॉल का एथेनोइक अम्ल में परिवर्तन निम्नलिखित में से किस अभिक्रिया का उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. दहन अभिक्रिया
- ✓ B. ऑक्सीकरण अभिक्रिया
- ✗ C. योगज अभिक्रिया
- ✗ D. प्रतिस्थापन अभिक्रिया

Q.66 प्रेरित विभवांतर की S.I. इकाई _____ है।

Ans
- ✗ A. A
- ✗ B. mA
- ✓ C. V
- ✗ D. mV

Q.67 श्वसन के दौरान पत्तियों के किस भाग में प्रचुर मात्रा में गैसीय विनिमय होता है?

Ans
- ✓ A. रंध्र (Stomata)
- ✗ B. ग्रेना (Grana)
- ✗ C. थाइलेकॉयड (Thylakoid)
- ✗ D. क्लोरोफिल (Chlorophyll)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.68 कुछ महिलाओं में, अंडवाहिनियां अवरुद्ध हो जाती है। ऐसी महिलाएं बच्चे पैदा करने में असमर्थ होती हैं, क्योंकि शुक्राणु निषेचन के लिए अंडाणु तक पहुंच नहीं पाते हैं। ऐसे मामलों में डॉक्टर IVF (इनविट्रो फर्टिलाइजेशन) की सलाह देते हैं। इस प्रक्रिया के कुछ चरण नीचे दिए गए हैं। गलत चरण का चयन कीजिए।

Ans

✗ A. अंडाणु और शुक्राणुओं का संलयन शरीर के बाहर होता है

✗ B. युग्मनज बनता है, और उसे एक सप्ताह के बाद गर्भाशय में रखा जाता है

✗ C. पूर्ण विकास गर्भाशय में ही होता है

✓ D. युग्मनज को बाहर रखा जाता है, और उसका विकास एक परखनली में होता है

Q.69 निम्न में से कौन सा हेक्सेन की समजातीय श्रेणी का अगला सदस्य होगा?

Ans

✗ A. पेंटेन

✗ B. हेप्टेन

✗ C. पेंटीन

✓ D. हेप्टीन

Q.70 मनुष्यों के परिसंचरण तंत्र की कुछ विशेषताओं का उल्लेख नीचे किया गया है। गलत विकल्प का चयन कीजिए।

Ans


✗ A. प्लेटलेट्स रक्त के थक्के जमाने में सहायक होते हैं

✗ B. केशिकाएं संयुक्त होकर शिराओं का निर्माण करती हैं

✓ C. उच्च रक्तचाप, शिराओं के संकुचन के कारण होता है

✗ D. लसीका को ऊतक द्रव भी कहा जाता है

Q.71 नीचे दिए गए परिपथ में कुल धारा की गणना कीजिए:



Ans

✓ A. 1A

✗ B. 2A

✗ C. 4A

✗ D. 8A

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.72 मानव नरों में, वृषण, उदर गुहा के बाहर वृषणकोश नामक थैली में क्यों स्थित होते हैं?

Ans
✗ A. इन्हें रक्त वाहिकाओं द्वारा शुक्राणु निर्माण के लिए आवश्यक प्रचुर आपूर्ति प्रदान की जाती है

✓ B. यह शुक्राणुओं के निर्माण के लिए शरीर से 2-3 डिग्री निम्न तापमान बनाए रखने में मदद करता है

✗ C. यह शुक्राणु निर्माण के लिए शरीर की तुलना में निम्न दाब बनाए रखने में मदद करता है

✗ D. यह शुक्राणु निर्माण के लिए हार्मोन स्रावित करता है

Q.73 संसाधनों की संधारणीयता के लिए इनमें से कौन से प्रयास उपयोगी होंगे?

a. आवश्यकता न होने पर लाइटों और पंखों को बंद कर देना

b. सीढ़ियों की जगह लिफ्ट का इस्तेमाल करना

c. जल के संरक्षण के लिए टपकने वाले नलों की मरम्मत करवाना

d. वस्तुओं के संग्रहण के लिए खाली कंटेनरों का उपयोग करना

e. स्कूल जाने के लिए साइकिल के बजाए अपनी कार का उपयोग करना

Ans
✗ A. केवल b

✓ B. a, c और d

✗ C. केवल e

✗ D. b और e

Q.74 निम्नलिखित में से कौन सा त्रिक, डॉबेराइनर का त्रिक (Dobereiner's triad) नहीं है?

(i) Li, Na, K

(ii) Ca, Sr, Ba

(iii) N, P, Sb

(iv) Cl, Br, I

Ans
✗ A. केवल i

✗ B. केवल ii

✓ C. केवल iii

✗ D. केवल iv

Q.75 एक उत्तल लेंस, लेंस से 1.5 m की दूरी पर रखी वस्तु के लिए –3 का आवर्धन उत्पन्न करता है। प्रतिबिंब की दूरी (सही चिह्न के साथ) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 4.5 m

✗ B. –4.5 m

✗ C. 0.5 m

✗ D. –0.5 m

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.76 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प पौधों में उत्सर्जन के विभिन्न तरीकों को दर्शाता है?

Ans

✗ A. केवल वाष्पोत्सर्जन और विसरण

✗ B. केवल वाष्पोत्सर्जन और संग्रहण

✗ C. केवल विसरण और संग्रहण

✓ D. वाष्पोत्सर्जन, विसरण और संग्रहण

Q.77 जब किसी चुंबक को किसी कुंडली के पास ले जाया जाता है, तो यह कुंडली में एक प्रेरित विभवांतर उत्पन्न करता है। जब हम कुंडली के पास चुंबक की गति बढ़ाते हैं, तो क्या होता है?

Ans

✓ A. कुंडली में प्रेरित विभवांतर बढ़ जाता है।

✗ B. कुंडली में प्रेरित विभवांतर कम हो जाता है।

✗ C. प्रेरित विभवांतर समान रहता है।

✗ D. कुंडली में प्रेरित धारा समान रहती है।

Q.78 एक गोलीय दर्पण एक किरण पुंज को मुख्य अक्ष पर किसी दिए गए बिंदु पर अभिसरित करता है। दर्पण के बारे में इनमें से कौन से कथन सत्य हैं?

(a) प्रयुक्त दर्पण अवतल है।

(b) दर्पण की फोकस दूरी धनात्मक है।

(c) अभिसरण बिंदु दर्पण का मुख्य फोकस है।

Ans

✗ A. केवल (a)

✗ B. केवल (b)

✓ C. (a) और (c) दोनों

✗ D. (a) और (b) दोनों

Q.79 एक इलेक्ट्रिक हीटर को 220 V पर 2200 W रेट किया गया है। उपकरण से संयोजित फ्यूज तार की न्यूनतम रेटिंग कितनी है?

Ans

✗ A. 5 A

✓ B. 10 A

✗ C. 20 A

✗ D. 22 A

Q.80 निम्नलिखित धातुओं के धात्विक गुण का सही क्रम क्या है?

Ans

✓ A. Mg < Na < Ba < Cs

✗ B. Na < Mg < Cs < Ba

✗ C. Cs < Ba < Na < Mg

✗ D. Ba < Cs < Mg < Na

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.81 2022 में उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा शुरू किए गए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का नाम क्या है?

Ans

✔ A. उपभोक्ता सशक्तीकरण सप्ताह

✘ B. उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह

✘ C. उपभोक्ता व्यवहार सप्ताह

✘ D. उपभोक्ता अधिकार सप्ताह

Q.82 भारत का पहला 'वन हेल्थ कंसोर्टियम' किसने लॉन्च किया?

Ans

✔ A. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

✘ B. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

✘ C. गृह मंत्रालय

✘ D. शिक्षा मंत्रालय

Q.83 चौरी चौरा कांड किस वर्ष हुआ था?

Ans

✘ A. 1921

✔ B. 1922

✘ C. 1920

✘ D. 1919

Q.84 कोकबोरोक, त्रिपुरा की राज्य भाषाओं में से एक है। 19 जनवरी 2022 को, त्रिपुरा ने कौन-सा कोकबोरोक दिवस मनाया?

Ans

✘ A. 24वां

✘ B. 34वां

✔ C. 44वां

✘ D. 55वां

Q.85 जनवरी 2022 में, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए डिजिटल गवर्नमेंट मिशन का उद्देश्य क्या है?

Ans

✘ A. बालिकाओं और महिलाओं के लिए कल्याणकारी सेवा प्रदान करना

✔ B. नागरिकों द्वारा मांग करने से पहले उनकी आवश्यकताओं का अग्रसक्रिय रूप से पूर्वानुमान करके सेवाएं प्रदान करना

✘ C. ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को रोजगार की जानकारी प्रदान करना

✘ D. श्रमिकों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने में उनकी मदद करना

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.86 ईसाई धर्म के उस पवित्र ग्रंथ का नाम क्या है, जिसके दो भाग हैं: पुराना नियम (Old Testament) जो अनिवार्यतः यीशु के समयकाल का हिब्रू ग्रंथ है; और नया नियम (New Testament), जिसमें यीशु मसीह और प्रारंभिक चर्च के बारे में लेख शामिल हैं?

Ans

✔ A. बाइबिल (Bible)

✘ B. बुक ऑफ साल्म्स (Book of Psalms)

✘ C. नोईंग गॉड जीसस (Knowing God Jesus)

✘ D. डी डॉक्ट्रिना क्रिस्टिआना (De doctrina Christiana)

Q.87 मोनेज़ाइट अयस्क भारत के इनमें से किस राज्य की रेत में पाया जाता है?

Ans

✘ A. राजस्थान

✘ B. पंजाब

✔ C. केरल

✘ D. ओडिशा

Q.88 संविधान के भाग _____ में निहित अनुच्छेद 12 से 35 मौलिक अधिकारों से संबंधित हैं।

Ans

✘ A. I

✘ B. II

✔ C. III

✘ D. IV

Q.89 जनवरी 2022 में, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) ने यूनेस्को (UNESCO) की विश्व धरोहर स्थल टैग प्राप्त करने के लिए किस राज्य के "लिविंग रूट ब्रिज" के लिए कुछ ग्रीन नियमों (green rules) को निर्धारित किया है?

Ans

✘ A. केरल

✔ B. मेघालय

✘ C. राजस्थान

✘ D. हरियाणा

Q.90 21 से 25 मार्च 2022 के बीच आयोजित दूसरी राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैंपियनशिप 2022 का आयोजन कहां किया गया था?

Ans

✘ A. चंडीगढ़

✘ B. पुदुचेरी

✔ C. नई दिल्ली

✘ D. लक्षद्वीप

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.91 मार्च 2022 तक, भारत के मुख्य न्यायाधीश कौन थे?

Ans
✗ A. डीवाई चंद्रचूड़

✗ B. उदय उमेश ललित

✓ C. एनवी रमण

✗ D. रंजन गोगोई

Q.92 भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद, राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों में से एक को निहित करता है जो यह निर्धारित करता है कि 'राज्य ग्राम पंचायतों को संगठित करने के लिए कदम उठाएगा और उन्हें ऐसी शक्तियां और अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वशासन के इकाइयों के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक हो सकते हैं'?

Ans
✗ A. अनुच्छेद 32

✗ B. अनुच्छेद 37

✓ C. अनुच्छेद 40

✗ D. अनुच्छेद 48

Q.93 अर्थशास्त्र में, इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है?

Ans
✗ A. कुल लागत, कुल परिवर्ती लागत और कुल नियत लागत का योग होती है।

✗ B. औसत नियत लागत वक्र का ढलान नीचे की ओर होता है।

✗ C.
अल्पकालीन सीमांत लागत (Short run marginal cost), औसत परिवर्ती लागत और अल्पकालीन औसत लागत (short run average cost) के वक्र 'U' आकार के होते हैं।

✓ D. लंबे समय में, सभी इनपुट नियत (fixed) होते हैं।

Q.94 जनवरी 2022 में, भारत की पहली पैरा-बैडमिंटन अकादमी किस राज्य में शुरू की गई थी?

Ans
✗ A. हरियाणा

✓ B. उत्तर प्रदेश

✗ C. झारखंड

✗ D. पंजाब

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.95 1969 में चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान इंदिरा गांधी द्वारा कितने निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?

Ans

✔ A. 14

✘ B. 24

✘ C. 10

✘ D. 17

Q.96 झारखंड की गुआ खान (Gua mines) निम्नलिखित में से किस खनिज से संबंधित है?

Ans

✔ A. लौह अयस्क

✘ B. कोयला

✘ C. जस्ता

✘ D. बॉक्साइट

Q.97 _____ वह धन है, जो किसी व्यक्ति की आय में से स्थानीय, राज्य और संघीय करों का भुगतान करने के बाद उपलब्ध होता है।

Ans

✔ A. प्रयोज्य आय

✘ B. व्यक्तिगत आय

✘ C. राष्ट्रीय आय

✘ D. प्रति व्यक्ति आय

Q.98 सागा दावा उत्सव इनमें से किस भारतीय राज्य में मनाया जाता है?

Ans

✘ A. केरल

✔ B. अरुणाचल प्रदेश

✘ C. मध्य प्रदेश

✘ D. उत्तर प्रदेश

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.99 जनवरी 2022 में, कौन सा गांव मिज़ोरम का पहला खुले में शौच मुक्त (ODF) प्लस गांव बना?

Ans

✗ A. खंपुई (Khanpui)

✗ B. सेलम

✓ C. दक्षिण मौबुआंग

✗ D. दुल्ते (Dulte)

Q.100 जुलाई 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, अटल पेंशन योजना में शामिल होने (अभिदाता बनने) के लिए व्यक्ति को किस आयु वर्ग का होना चाहिए?

Ans

✗ A. 16-25 वर्ष

✓ B. 18-40 वर्ष

✗ C. 21-60 वर्ष

✗ D. 14-35 वर्ष

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर आर सी - ०१/२०१९ - CEN RRC - 01/2019

Test Date	23/08/2022
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	Level 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **Mathematics**

Q.1 एक साइकिल चालक 2.5 km की दूरी 4 मिनट 10 सेकंड में तय करता है। समान चाल से 6 km की दूरी तय करने में उसे कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 11 मिनट
- ✓ B. 10 मिनट
- ✗ C. 9 मिनट
- ✗ D. 12 मिनट

Q.2 $\sqrt{144} + \sqrt{0.0169} - \sqrt{4.41}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 10.03
- ✗ B. 14.23
- ✗ C. 15.4
- ✗ D. 11.2

Q.3 तेरह क्रमागत पूर्णांकों का औसत 36 है। यदि इन 13 पूर्णांकों में से सबसे छोटे पूर्णांक के दो गुने को इन 13 पूर्णांकों में से सबसे बड़े पूर्णांक में जोड़ दिया जाए, तो प्राप्त योगफल कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 121
- ✗ B. 115
- ✗ C. 110
- ✓ D. 102

Q.4 यदि $x^2 + xy + x = 18$ और $y^2 + xy + y = 24$ है, तो $x + y$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 5 या -6
- ✓ B. 6 या -7
- ✗ C. -5 या 6
- ✗ D. -6 या 7

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.5 दस वर्ष पहले, एक मां की आयु उसके पुत्र की आयु की 3 गुनी थी। 5 वर्ष पहले, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की $\frac{5}{2}$ गुनी थी। उसकी वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
- ✔ A. 55 वर्ष
- ✘ B. 45 वर्ष
- ✘ C. 35 वर्ष
- ✘ D. 30 वर्ष

Q.6 यदि चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की गई कोई धनराशि 10 वर्ष में स्वयं की दोगुनी हो जाती है, तो समान ब्याज दर पर समान धनराशि कितने वर्ष में स्वयं की 16 गुनी हो जाएगी?

Ans
- ✘ A. 10
- ✘ B. 20
- ✘ C. 30
- ✔ D. 40

Q.7 निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?

Ans
- ✘ A. सभी वर्ग समचतुर्भुज होते हैं।
- ✘ B. एक समचतुर्भुज की सभी भुजाएं सर्वांगसम होती हैं।
- ✘ C. समचतुर्भुज के विकर्ण एक दूसरे को समकोण पर समद्विभाजित करते हैं।
- ✔ D. समचतुर्भुज के आसन्न कोणों के किसी भी युग्म का योग 180° नहीं होता है।

Q.8 हल कीजिए: $2(5x-3)+3(3x-5)=93$

Ans
- ✔ A. $x=6$
- ✘ B. $x=-6$
- ✘ C. $x=9$
- ✘ D. $x=-9$

Q.9 $(3^0+3^{-2}+3^{-1})\times 27$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 23
- ✘ B. 32
- ✔ C. 39
- ✘ D. 3

Q.10 वर्ष 2000 में, मोनू की आयु उसकी बहन की आयु की 3 गुनी थी। 2010 में, उसकी आयु उसकी बहन की आयु से 24 वर्ष अधिक थी। 2010 में मोनू की आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 38 वर्ष
- ✘ B. 62 वर्ष
- ✘ C. 52 वर्ष
- ✔ D. 46 वर्ष

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.11 तीन संख्याएं एक दूसरे से इस प्रकार सह-अभाज्य (co-prime) हैं, कि उनमें से पहली दो संख्याओं का गुणनफल 357 है, और अंतिम दो संख्याओं का गुणनफल 609 है। तीनों संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 67
- ✘ B. 83
- ✘ C. 75
- ✘ D. 91

Q.12 सरल कीजिए। $\frac{sin\ A}{1+cos\ A}+\frac{1+cos\ A}{sin\ A}$

Ans
- ✘ A. sec A
- ✘ B. cosec A
- ✘ C. 2sec A
- ✔ D. 2cosec A

Q.13 12 cm व्यास वाले एक गोले का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $284\pi\ cm^3$
- ✔ B. $288\pi\ cm^3$
- ✘ C. $864\pi\ cm^3$
- ✘ D. $248\pi\ cm^3$

Q.14 आंकड़ों 9, 3, 5, 4, 4, 5 और y का माध्य y है। इन आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 4
- ✔ B. 5
- ✘ C. 9
- ✘ D. 3

Q.15 एक सम बहुभुज के प्रत्येक अंत: कोण का माप 120^0 है। इस बहुभुज की कितनी भुजाएं हैं?

Ans
- ✘ A. 5
- ✔ B. 6
- ✘ C. 7
- ✘ D. 8

Q.16 एक बाइक 50 km/h की चाल से चलती हुई अपने गंतव्य स्थान पर 10 मिनट देरी से पहुँचती है। यदि यह 60 km/h की चाल से चलती है तो यह 5 मिनट देरी से पहुँचती है। समान मार्ग पर सामान्य चाल से यात्रा को पूरा करने के लिए, और समय पर पहुँचने के लिए बाइक को कितने मिनट लगेंगे?

Ans
- ✘ A. 25 मिनट
- ✔ B. 20 मिनट
- ✘ C. 15 मिनट
- ✘ D. 12 मिनट

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.17 9 के तीन क्रमागत गुणजों का योगफल 2457 है, सबसे बड़ा गुणज ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 819

✓ B. 828

✗ C. 999

✗ D. 990

Q.18 यदि A, किसी वस्तु को ₹384 में खरीदता है, और उसे ₹576 में बेचता है, और B, दूसरी वस्तु को ₹1,254 में खरीदता है, और उसे ₹1,672 में बेचता है। A के प्रतिशत लाभ और B के प्रतिशत लाभ का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{5}{2}$

✗ B. $\frac{3}{4}$

✓ C. $\frac{3}{2}$

✗ D. $\frac{5}{3}$

Q.19 45, 78 और 117 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 7

✗ B. 9

✗ C. 5

✓ D. 3

Q.20 द्विघात समीकरण $6 - 5x^2 - 8x = 0$ के मूलों का गुणनफल क्या होगा?

Ans

✗ A. $\frac{8}{5}$

✗ B. $-\frac{8}{5}$

✓ C. $-\frac{6}{5}$

✗ D. $\frac{6}{5}$

Q.21 एक विक्रेता किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 30% की छूट देता है, और फिर भी वह 10% का लाभ कमाता है। अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)?

Ans

✗ A. 26.67%

✗ B. 33.33%

✗ C. 45.45%

✓ D. 57.14%

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.22 महेश द्वारा कारखाने में एक वस्तु का उत्पादन करने की लागत ₹2,000 थी। उत्पाद को कारखाने से शोरूम तक ले जाने के लिए उसे उत्पादन लागत के 10% के बराबर खर्च करना पड़ा। शोरूम से वह उत्पाद को उस कीमत पर बेचता है, जो महेश द्वारा वस्तु के उत्पादन और परिवहन में खर्च की गई कुल लागत से 15% अधिक थी। महेश शोरूम से उत्पाद को किस मूल्य पर बेचता है?

Ans

✗ A. ₹2,500

✗ B. ₹2,300

✓ C. ₹2,530

✗ D. ₹2,250

Q.23 एक धनराशि को चार सदस्यों A, B, C और D के बीच 4 : 7 : 9 : 3 के अनुपात में बांटा जाना है। यदि C को D से ₹720 अधिक मिलते हैं, तो D का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. ₹160

✗ B. ₹240

✓ C. ₹360

✗ D. ₹480

Q.24 एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके विकर्णों की लंबाइयां 12 cm और 15 cm हैं।

Ans

✗ A. $60\ cm^2$

✗ B. $45\ cm^2$

✗ C. $80\ cm^2$

✓ D. $90\ cm^2$

Q.25

$12 \div 3 \times (7 + 8 - 3)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 48

✗ B. $\frac{6}{13}$

✗ C. $\frac{1}{13}$

✗ D. 24

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**

GET IT ON Google Play

Q.26 दी गई तालिका का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

तालिका विभिन्न वर्षों के लिए विभिन्न वस्तुओं में भारतीय निर्यात के मूल्य को दर्शाती है।

वर्ष	2021	2020	2019	2018	2017	2016
वस्तुएं	(राशि ₹ करोड़ में)					
फल	85	75	70	61	35	30
अनाज	35	20	35	60	70	40
IT उत्पाद	200	160	100	120	90	85
रक्षा उत्पाद	120	80	110	85	60	40
दुग्ध उत्पाद	60	62	68	72	40	30

2018 से 2020 की अवधि के लिए, फलों, IT उत्पादों और रक्षा उत्पादों का वार्षिक औसत निर्यात (संयुक्त) कितना है?

Ans

✗ A. ₹280 करोड़

✗ B. ₹282 करोड़

✗ C. ₹165 करोड़

✓ D. ₹287 करोड़

Q.27 एक निश्चित कूट भाषा में, TOUGH को 20152178 लिखा जाता है, और PLEAD को 1612514 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में CLOVE को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✓ A. 31215225

✗ B. 31315235

✗ C. 31215324

✗ D. 31115215

Q.28 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को समान क्रम में बाएं से दाएं की ओर नीचे दी गई अक्षर शृंखला के रिक्त स्थानों में भरने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

C _ P R _ D T _ R N _ T _ R N _ T P _ N

Ans

✗ A. P N P E R F P

✗ B. T P N D P F R

✗ C. T N T E P F P

✓ D. T N P E P F R

Q.29 निम्न अक्षर-समूह युग्मों में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का पालन करते हुए दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। इन युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन कीजिए, जो निम्न युग्मों के समान तर्क का पालन करता हो।
TOP: VRU
XOR: ZRW

Ans

✗ A. NET: PGY

✗ B. QIP: SLV

✗ C. TOM: VRQ

✓ D. NOR: PRW

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.30 A, B, C और D नामक 4 व्यक्ति एक सीधी पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। A और C एक दूसरे के ठीक बगल में नहीं बैठे हैं, जबकि C और B एक दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी बैठक व्यवस्था संभव नहीं है?

Ans

✗ A. DABC

✗ B. ABCD

✗ C. CBAD

✓ D. BCAD

Q.31 तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

सभी स्केच कार्ड हैं।

सभी कार्ड पोस्टर हैं।

कुछ स्केच फोल्डर हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ फोल्डर पोस्टर हैं।

II. कुछ कार्ड फोल्डर हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✓ C. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

✗ D. या तो निष्कर्ष I या II पालन करता है।

Q.32 उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

13, 27, 56, 115, 234, ?

Ans

✗ A. 332

✗ B. 346

✓ C. 473

✗ D. 482

Q.33 चार मकान A, B, C और D एक ही कॉलोनी में स्थित हैं। मकान A, मकान D के उत्तर में 300 m की दूरी पर स्थित है। मकान C, मकान B के पूर्व में 400 m की दूरी पर स्थित है। मकान A, मकान B के दक्षिण में 300 m की दूरी पर स्थित है। मकान D, मकान B के सापेक्ष किस दिशा में स्थित है?

Ans

✗ A. पूर्व

✗ B. पश्चिम

✗ C. उत्तर


✓ D. दक्षिण

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.34 निम्नांकित पाई-चार्ट एक पॉवर बैंक के निर्माण में किए गए व्यय के प्रतिशत वितरण को दर्शाता है। पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



संदर्भ: [Direct labour cost- प्रत्यक्ष श्रम लागत, Direct material cost- प्रत्यक्ष सामग्री लागत, Advertisement- विज्ञापन, Manufacturing cost - विनिर्माण लागत, Transportation- परिवहन]
यदि 100 पॉवर बैंकों का निर्माण किया जाता है, और उनकी निर्माण लागत ₹50,000 है, तो एक पॉवर बैंक का विक्रय मूल्य कितना होना चाहिए, ताकि निर्माता को 50% का लाभ प्राप्त हो सके?

Ans
- ✗ A. ₹3000
- ✗ B. ₹2400
- ✗ C. ₹2200
- ✓ D. ₹2500

Q.35 इस प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन के संबंध में, दोनों निष्कर्षों में से कौन से सही है?
कथन: C ≤ F < E = D > G ≥ H < I
निष्कर्ष:
I. D > C
II. E < H

Ans
- ✓ A. केवल निष्कर्ष I सही है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष II सही है।
- ✗ C. निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II सही है।

Q.36 A, B, C, D, E और F में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होने वाले किसी एक सप्ताह के अलग-अलग दिन होनी है। सप्ताह में गुरुवार एकमात्र अवकाश का दिन है, जिस दिन कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जानी है। E की परीक्षा शनिवार को है। A और F की परीक्षाओं के बीच एक दिन का अंतर है, जो कि अवकाश का दिन है। D की परीक्षा, F की परीक्षा के ठीक पहले है, लेकिन C की परीक्षा के ठीक बाद है। B की परीक्षा रविवार को है। D की परीक्षा किस दिन आयोजित की जानी है?

Ans
- ✗ A. सोमवार
- ✓ B. मंगलवार
- ✗ C. बुधवार
- ✗ D. शुक्रवार

Q.37 उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
25, 36, 49, 66, 85,?

Ans
- ✗ A. 105
- ✗ B. 103
- ✓ C. 108
- ✗ D. 110

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.38 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / हटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(4, 3, 16)
(3, 5, 19)

Ans
✔ A. (8, 2, 20)
✘ B. (3, 2, 12)
✘ C. (5, 2, 49)
✘ D. (8, 1, 18)

Q.39 एक निश्चित कूट भाषा में, ROUTINE को UORTENI लिखा जाता है, और PLAYERS को ALPYSRE लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में BANKING को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
✔ A. NABKGNI
✘ B. NABGNIK
✘ C. BNAKIGN
✘ D. NBAIGKN

Q.40 दी गई अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

7 T % N 9 * M $ 3 U = L 8 Y @ G & 3 E > 5 & R 3 ! K # 7 % H = Y 6

ऐसे अक्षरों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए, जिनके ठीक बाद एक संख्या और ठीक पहले एक प्रतीक आता है।

Ans
✘ A. 1
✘ B. 2
✘ C. 3
✔ D. 4

Q.41 एक कथन और उसके बाद दो धारणाएं I और II दी गई हैं। कथन में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, और बताएं कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित हैं?

कथन:

इमारत की बाहरी दीवारों में कई दरारें हैं, जिनकी मरम्मत दीवार की पेंटिंग शुरू होने से पहले की जानी चाहिए, जिससे बाद में रिसाव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

धारणा:

I. बाहरी दीवारों को पेंट करने से रिसाव की समस्याएं हो सकती हैं।

II. बाहरी दीवारों में दरारों के कारण रिसाव की समस्याएं हो सकती हैं।

Ans
✘ A. केवल धारणा I निहित है
✔ B. केवल धारणा II निहित है
✘ C. न तो धारणा I, और न ही II निहित है
✘ D. धारणा I और II, दोनों निहित हैं

Q.42 एक सही समय बताने वाली घड़ी की सेकंड वाली सुई द्वारा 12 मिनट में तय की गई कोणीय दूरी कितनी होगी?

Ans
✔ A. 4320°
✘ B. 4762°
✘ C. 5120°
✘ D. 5611°

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.43 V, W, X, Y, Z, A और B सात डिब्बे हैं, जिन्हें एक के ऊपर एक रखा गया है, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। A को W के ठीक ऊपर रखा गया है। B और W के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। V और X के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। X को A के ठीक ऊपर रखा गया है। B को सबसे ऊपर रखा गया है। Z और Y के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans

✗ A. एक

✗ B. दो

✓ C. तीन

✗ D. चार

Q.44 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें मौजूद संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करना, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(7, 175, 5)

(6, 294, 7)

Ans

✓ A. (3, 192, 8)

✗ B. (5, 140, 7)

✗ C. (6, 216, 5)

✗ D. (8, 412, 9)

Q.45 तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

1. सभी ब्लेज़र डंगरी हैं।
2. कोई भी डंगरी स्कार्फ़ नहीं है।
3. सभी पजामा डंगरी हैं।

निष्कर्ष:

I. कोई भी ब्लेज़र स्कार्फ़ नहीं है।

II. कोई भी ब्लेज़र पजामा नहीं है।

III. कुछ ब्लेज़र पजामा हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

✗ B. केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।

✓ C. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ D. कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

Q.46 चार सहेलियां - हिमानी, शलाका, मिताली और बृंदा, एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठी हैं। वे चारों मेज के कोनों पर बैठी हैं। हिमानी, बृंदा के दाईं ओर ठीक बगल में है। मिताली, शलाका के बाईं ओर ठीक बगल में है। हिमानी, शलाका के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। कुछ समय के बाद, हिमानी अपना स्थान छोड़ देती है, और कामिनी उसका स्थान ले लेती है। इसी तरह, तारा, बृंदा का स्थान ले लेती है। अब तारा के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

Ans

✓ A. शलाका

✗ B. मिताली


✗ C. कामिनी

✗ D. बृंदा

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.47 निम्न आरेख का अध्ययन करें, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं, उस भाग से संबंधित व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं। कितने भारतीय उद्योगपति ऑटो का निर्माण करते हैं, किंतु स्टील उत्पादक नहीं हैं?



(संदर्भ - Indian - भारतीय, industrialists - उद्योगपति, auto makers - ऑटो निर्माता, steel producers - स्टील उत्पादक)

Ans

✗ A. 13

✗ B. 3

✗ C. 8

✓ D. 6

Q.48 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

$125.99 - 35.92 + 3.89 \times 16.11 = ?$

Ans

✗ A. 150

✗ B. 158

✓ C. 154

✗ D. 166

Q.49 दिए गए समीकरण में किन दो चिह्नों के स्थान परस्पर बदल देने पर समीकरण संतुलित हो जाएगा?

$24 \times 6 - 12 + 18 \div 3 = 46$

Ans

✗ A. × और +

✓ B. × और ÷

✗ C. + और ÷

✗ D. + और -

Q.50 21 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, प्रत्येक विद्यार्थी ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। P का स्थान नीचे से 9वां है, जबकि Q का स्थान ऊपर से 9वां है। कितने विद्यार्थियों के स्थान Q और P के बीच हैं?

Ans

✗ A. 4

✗ B. 2

✗ C. 5

✓ D. 3

Q.51 संख्या 813924765 के प्रत्येक अंक को आरोही क्रम में बाएं से दाएं की ओर व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans

✗ A. शून्य

✗ B. एक

✓ C. दो

✗ D. तीन

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.52 निम्न अक्षर और प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) U # S & $ F ø G ^ & J % Z K * D X ¥ T X € @ Y $ (दाएं)

उपरोक्त शृंखला में ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है, और ठीक बाद भी एक प्रतीक है?

Ans

✗ A. 2

✗ B. 4

✗ C. 6

✓ D. 5

Q.53 यदि 'DESTROY' शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। यदि इस प्रकार बने शब्द के प्रत्येक अक्षर को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो दाएं सिरे से पांचवें स्थान पर कौन सा अक्षर होगा?

Ans

✗ A. F

✓ B. P

✗ C. Q

✗ D. R

Q.54 एक व्यक्ति बिंदु L से शुरू करके दक्षिण की ओर 125 m चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, और 70 m चलता है। वहां से, वह पुनः बाएं मुड़ता है, और 80 m चलता है। उसके बाद, वह पुनः बाएं मुड़ता है, और 115 m चलता है। अंत में, वह दाएं मुड़ता है, और 45 m चलकर बिंदु M तक पहुंचता है। बिंदु M, बिंदु L से कितनी दूर और किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

Ans

✗ A. 45 m, पूर्व

✓ B. 45 m, पश्चिम

✗ C. 90 m, पूर्व

✗ D. 90 m, उत्तर

Q.55 इस प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन के संबंध में, दोनों निष्कर्षों में से कौन से सही हैं?

कथन: N > M < K = L ≥ I > J

निष्कर्ष:

I. L > J

II. N > L

Ans

✓ A. केवल निष्कर्ष I सही है।

✗ B. केवल निष्कर्ष II सही है।

✗ C. निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

✗ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II सही है।

Section : **General Science**

Q.56 दी गई द्वि-विस्थापन अभिक्रिया में, p और q के स्थान पर क्रमशः क्या आएगा?

$Ag - p + NaCl \rightarrow Ag - q + NaNO_3$

Ans

✗ A. NO_3 और NO_3

✗ B. Cl और NO_3

✗ C. Cl और Cl

✓ D. NO_3 और Cl

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.57 वैद्युत तापन उपकरणों का हीटिंग एलीमेंट बनाने में इनमें से किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है?

Ans

✔ A. नाइक्रोम

✘ B. कॉन्स्टेंटन

✘ C. टिन-लेड मिश्र धातु

✘ D. टंगस्टन

Q.58 इनमें से कौन से घरेलू उपकरण में विद्युत मोटर का उपयोग नहीं होता है?

Ans

✘ A. विद्युत पंखा

✘ B. विद्युत मिक्सर

✘ C. विद्युत वाशिंग मशीन

✔ D. विद्युत इस्त्री

Q.59 प्रत्येक 4 Ω के दो प्रतिरोध 5 V बैटरी स्रोत के साथ समानांतर क्रम में संयोजित हैं। परिपथ में प्रवाहित कुल धारा का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 2.5 A

✘ B. 5 A

✘ C. 10 A

✘ D. 20 A

Q.60 नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन-I: आधुनिक आवर्त सारणी में 18 ऊर्ध्वाधर स्तंभ हैं, जिन्हें समूह कहा जाता है।

कथन-II: आधुनिक आवर्त सारणी में 7 क्षैतिज पंक्तियां हैं, जिन्हें आवर्त कहा जाता है।

Ans

✘ A. कथन I सही है, कथन II गलत है।

✘ B. कथन II सही है, कथन I गलत है।

✔ C. दोनों कथन सही हैं।

✘ D. दोनों कथन गलत हैं।

Q.61 मटर के पौधों पर मेंडल के प्रयोगों के कुछ निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं, जिनमें से एक के अलावा अन्य सभी सही हैं। गलत निष्कर्ष का चयन कीजिए।

Ans

✘ A. जीन युग्मों में आते हैं।

✘ B. जीन विशिष्ट इकाइयों के रूप में वंशागत होते हैं।

✘ C. जीनों का पृथक्करण युग्मकों के निर्माण के दौरान होता है।

✔ D. प्रत्येक युग्मक में एक ही जीन के दो प्रतिरूप होते हैं।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.62 गंगा नदी के कॉलीफार्म जीवाणु द्वारा प्रदूषित होने का मुख्य कारण क्या है?

Ans
✗ A. कपड़े धोना
✗ B. उद्योगों से निकले रासायनिक अपशिष्ट
✗ C. अदग्ध शवों का विसर्जन
✓ D. अनुपचारित सीवेज का इसमें डाला जाना

Q.63 जन्म नियंत्रण के लिए उपयोग की जाने वाली मुखी गोलियां शरीर के हार्मोनल संतुलन को परिवर्तित कर देती हैं। इनके द्वारा गर्भावस्था को रोकने के सही तरीके का चयन कीजिए।

Ans
✓ A. अंडाणु मुक्त नहीं होते हैं, और निषेचन नहीं होता है
✗ B. अंडाणुओं का निर्माण नहीं होता है
✗ C. गर्भाशय का आस्तर टूट जाता है
✗ D. अंडाणु मुक्त होते हैं, लेकिन निषेचन नहीं होता है

Q.64 यौगिक X एक पारदर्शी क्रिस्टलीय ठोस है। इसमें स्वच्छक गुण हैं, और इसका उपयोग कांच के विनिर्माण में किया जाता है। यौगिक X की पहचान कीजिए।

Ans
✗ A. बेकिंग सोडा
✓ B. धावन सोडा
✗ C. सोडियम हाइड्रॉक्साइड
✗ D. ब्लीचिंग पाउडर

Q.65 डायनमो में विद्युत धारा _____ के सिद्धांत का उपयोग करके उत्पन्न की जाती है।

Ans
✗ A. विद्युत चालन
✗ B. विद्युतचुंबकत्व
✗ C. विद्युत चुंबकीय विकिरण
✓ D. विद्युत चुंबकीय प्रेरण

Q.66 चयनित पारगम्य झिल्लियां वे झिल्लियां हैं जो इनमें से किसको प्रवेश की अनुमति देती हैं?

Ans
✗ A. न तो विलायक और न ही विलेय अणुओं
✗ B. केवल विलेय अणुओं, परंतु विलायक अणुओं को नहीं
✗ C. विलायक और विलेय दोनों अणुओं
✗ D. केवल विलायक अणुओं, परंतु विलेय अणुओं को नहीं

Note: For this question, discrepancy is found in question/answer. So, This question is ignored for all candidates.

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.67 रासायनिक अभिक्रिया के दौरान किसी विलयन में बनने वाले अविलेय पदार्थ को _____ कहा जाता है।

Ans

✗ A. अवशिष्ट

✗ B. विलेय लवण

✗ C. जलीय विलयन

✓ D. अवक्षेप

Q.68 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें, और सही उत्तर का चयन करें।

कथन- I: अधिकांश कार्बन यौगिक विद्युत के कुचालक होते हैं।

कथन- II: कार्बन यौगिकों के गलनांक और क्वथनांक निम्न होते हैं।

Ans

✓ A. दोनों कथन सत्य हैं।

✗ B. दोनों कथन असत्य हैं।

✗ C. कथन-I सत्य है, और कथन-II असत्य है।

✗ D. कथन-II सत्य है, और कथन-I असत्य है।

Q.69 निम्न में से क्या ओज़ोन परत के क्षरण का परिणाम नहीं है?

Ans

✓ A. सुनामी

✗ B. सूर्य से पृथ्वी पर अधिक पराबैंगनी किरणें आना

✗ C. त्वचा कैंसर

✗ D. प्रतिरक्षा तंत्र का कमजोर होना

Q.70 पौधों में परिवहन की कुछ विशेषताओं का उल्लेख नीचे किया गया है। कौन सा विकल्प गलत विशेषता को दर्शाता है?

Ans

✗ A. जाइलम जल का परिवहन करता है, और फ्लोएम भोजन का परिवहन करता है

✓ B. जल और भोजन दोनों की गति द्विदिशीय होती है

✗ C.
वाहिकाएं (Vessels) और वाहिनिकाएं (Tracheids) मृत कोशिकाएं होती हैं, और चालनी नलिकाएं (Sieve tubes) जीवित कोशिकाएं होती हैं

✗ D.
जल की गति साधारण भौतिक बलों द्वारा होती है; भोजन की गति के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है

Q.71 वृक्क मनुष्यों में उत्सर्जन और परासरणनियमन का एक अंग है। वृक्कों द्वारा निम्न में से किन दो पदार्थों का नियमन किया जाता है?

Ans

✗ A. CO_2 और प्रोटीन

✗ B. शर्करा और लवण

✓ C. जल और लवण

✗ D. जल और O_2

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.72 निम्न में से कौन सा एंजाइम प्रोटीन का विखंडन करता है?

Ans

✔ A. पेप्सिन (Pepsin)

✘ B. एमाइलेज (Amylase)

✘ C. टायलिन (Ptyalin)

✘ D. लाइपेज (Lipase)

Q.73 एक अवतल लेंस से 30 cm की दूरी पर रखी गई वस्तु द्वारा लेंस से 10 cm की दूरी पर एक आभासी सीधा प्रतिबिंब निर्मित होता है। लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन _____है।

Ans


✘ A. 3

✘ B. −3

✔ C. 1/3

✘ D. −1/3

Q.74 चित्र में प्रदर्शित किए गए अनुसार, P, Q, R और S, एक अवतल दर्पण की सतह पर स्थित चार बिंदु हैं। यदि बिंदुओं - P, Q, R और S से वक्रता केंद्र की दूरियां क्रमशः r_1, r_2, r_3 और r_4 हैं, तो r_1, r_2, r_3 और r_4 के मध्य सही संबंध क्या है?



Ans

✔ A. $r_1 = r_2 = r_3 = r_4$

✘ B. $r_1 > r_2 > r_3 > r_4$

✘ C. $r_1 < r_2 < r_3 < r_4$

✘ D. $r_1 = r_2$, $r_3 = r_4$ $r_2 \neq r_3$

Q.75 किसी दिए गए पदार्थ के एक तार की लंबाई 'l' और प्रतिरोध 'R' है। उसी पदार्थ से निर्मित नौ गुनी लंबाई और समान अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल वाले एक अन्य तार का प्रतिरोध इनमें से किसके बराबर होगा?

Ans

✔ A. 9R

✘ B. 1/9R

✘ C. 3R

✘ D. 1/3R

Q.76 एक अवतल दर्पण मुख्य अक्ष पर किस स्थान पर, किसी वस्तु का अत्यधिक छोटा, वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब निर्मित करता है?

Ans

✔ A. F

✘ B. 2F

✘ C. F और 2F के मध्य

✘ D. 2F से परे

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.77 पानी से भरे बीकर के अंदर रखे नींबू आकार में अपेक्षाकृत बड़े दिखाई देते हैं, इसका कारण क्या है?

Ans

✔ A. प्रकाश का अपवर्तन

✘ B. प्रकाश का परावर्तन

✘ C. प्रकाश का प्रकीर्णन

✘ D. प्रकाश का वर्ण-विक्षेपण

Q.78 निम्न में से कौन सा हाइड्रोकार्बन समूह C_nH_{2n} के सामान्य सूत्र का अनुसरण करता है?

Ans

✘ A. एल्केन (Alkane)

✔ B. एल्कीन (Alkene)

✘ C. एल्काइन (Alkyne)

✘ D. एल्किल (Alkyl)

Q.79 नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन I: रासायनिक गुणों में से, मेंडेलीफ ने कार्बन और हाइड्रोजन युक्त तत्वों द्वारा निर्मित यौगिकों पर ध्यान केंद्रित किया।

कथन II: उन्होंने इन तत्वों का चयन इसलिए किया, क्योंकि वे कम अभिक्रियाशील हैं, और कुछ तत्वों के साथ ही यौगिक बनाते हैं।

Ans

✘ A. कथन I सही है, कथन II गलत है।

✘ B. कथन II सही है, कथन I गलत है।

✘ C. दोनों कथन सही हैं।

✔ D. दोनों कथन गलत हैं।

Q.80 क्लोर-क्षार (chlor-alkali) प्रक्रिया में, क्लोर क्लोरीन गैस को निरूपित करता है और क्षार _____ को निरूपित करता है।

Ans

✘ A. ZnO

✘ B. $CaCO_3$

✔ C. NaOH

✘ D. $Ca(OH)_2$

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 फरवरी 2022 में, भारत _____ एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाला दुनिया का पहला देश बना।

Ans

✘ A. 1100

✔ B. 1000

✘ C. 900

✘ D. 800

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.82 केंद्रीय बजट 2022-23 में सहकारी समितियों के अधिभार को _____ से घटाकर 7% करना प्रस्तावित है, जिनकी आय ₹1 करोड़ से ₹10 करोड़ के बीच है।

Ans

✗ A. 9%

✗ B. 10%

✗ C. 11%

✓ D. 12%

Q.83 भारत के किस राज्य से इसरो (ISRO) ने विकास इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जो भारत के पहले मानव-वाहक रॉकेट गगनयान को शक्ति प्रदान करेगा?

Ans

✓ A. तमिलनाडु

✗ B. पंजाब

✗ C. हरियाणा

✗ D. राजस्थान

Q.84 मार्च 2022 में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सितंबर 2022 तक विस्तारित दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम इनमें से कौन सा है?

Ans

✗ A. अन्नपूर्णा योजना

✗ B. स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना

✗ C. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम

✓ D. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

Q.85 जून 2022 तक, इनमें से कौन सी भाषा भारत की शास्त्रीय भाषा नहीं है?

Ans

✗ A. संस्कृत

✓ B. बंगाली

✗ C. तमिल

✗ D. ओड़िया

Q.86 शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (ग्रामीण) - 2021 के अनुसार, वर्ष 2021 में सरकारी स्कूलों में नामांकित बच्चों की नामांकन दर कितनी थी?

Ans

✗ A. 65.3%

✗ B. 67.5%

✓ C. 70.3%

✗ D. 72.5%

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.87 मार्च 2022 में, किस भारतीय क्रिकेटर ने मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट मैच खेला?

Ans

✔ A. विराट कोहली

✘ B. रोहित शर्मा

✘ C. रविचंद्रन अश्विन

✘ D. इशांत शर्मा

Q.88 निम्नलिखित में से कौन सी, यमुना नदी प्रणाली की सहायक नदी नहीं है?

Ans

✘ A. हिंडन

✘ B. चंबल

✘ C. सिंद

✔ D. चिनाब

Q.89 निम्नलिखित में से कौन सा, संविधान के अनुसार भारत में पंचायती राज व्यवस्था का हिस्सा नहीं है?

Ans

✘ A. ग्राम पंचायत

✔ B. ग्राम निगम

✘ C. पंचायत समिति

✘ D. जिला पंचायत

Q.90 भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील किस राज्य में स्थित है?

Ans

✔ A. ओडिशा

✘ B. गुजरात

✘ C. असम

✘ D. महाराष्ट्र

Q.91 मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी, मदर टेरेसा द्वारा _____ में स्थापित एक कैथोलिक धार्मिक धर्म-संगति (Catholic religious congregation) है।

Ans

✘ A. 1947

✔ B. 1950

✘ C. 1952

✘ D. 1954

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.92 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि 'मंत्रिपरिषद लोक सभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी'?

Ans

✔ A. अनुच्छेद 75 (3)

✘ B. अनुच्छेद 75 (1)

✘ C. अनुच्छेद 75 (2)

✘ D. अनुच्छेद 80 (4)

Q.93 'निशागंधी नृत्य उत्सव' इनमें से किस राज्य में मनाया जाता है?

Ans

✘ A. तमिलनाडु

✘ B. कर्नाटक

✔ C. केरल

✘ D. उत्तर प्रदेश

Q.94 एन. के. सिंह भारत के किस वित्त आयोग के अध्यक्ष बने?

Ans

✘ A. 13वें

✔ B. 15वें

✘ C. 17वें

✘ D. 19वें

Q.95 वे श्रमिक जो अपनी आजीविका कमाने के लिए किसी उद्यम के मालिक हैं और उसका संचालन भी करते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?

Ans

✘ A. भाड़े के श्रमिक

✘ B. सरकारी नौकरीपेशा श्रमिक

✔ C. स्वनियोजित श्रमिक

✘ D. नियमित वेतनभोगी नियोजित श्रमिक

Q.96 राजकोषीय नीति, _____ की नीति है।

Ans

✘ A. नाबार्ड (NABARD)

✔ B. सरकार

✘ C. आरबीआई (RBI)

✘ D. सरकार और आरबीआई (RBI) दोनों

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.97 निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम ईस्ट इंडिया कंपनी के विभिन्न अंगों की शक्तियों और जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हुए ब्रिटिश संसद द्वारा पारित किया गया था?

Ans

✔ A. विनियमन अधिनियम, 1773

✘ B. पिट्स इंडिया एक्ट, 1784

✘ C. भारत सरकार अधिनियम, 1858

✘ D. भारतीय परिषद अधिनियम, 1892

Q.98 कौन सा भूआकृतिक विभाजन (physiographic division) पश्चिम-पूर्व दिशा में सिंधु से ब्रह्मपुत्र तक 2500 km की दूरी को कवर करता है?

Ans

✘ A. उत्तरी मैदान

✔ B. हिमालय पर्वतमाला

✘ C. प्रायद्वीपीय पठार

✘ D. तटीय मैदान

Q.99 ट्वेंटी पॉइंट प्रोग्राम (TPP) भारत सरकार द्वारा _____ में शुरू किया गया था।

Ans

✔ A. 1975

✘ B. 1980

✘ C. 1985

✘ D. 1990

Q.100 CSIR जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए पहली भारतीय वर्चुअल साइंस लैब किसने लॉन्च की है?

Ans

✔ A. डॉ. जितेंद्र सिंह

✘ B. धर्मेंद्र प्रधान

✘ C. अमित शाह

✘ D. डॉ. वीरेंद्र कुमार

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर आर सी - ०१/२०१९ - CEN RRC - 01/2019

Test Date	23/08/2022
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	Level 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **Mathematics**

Q.1 $4^2 + \sqrt{8^2} - 4\sqrt{25} - 10$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. −6
- ✘ B. −25
- ✘ C. −32
- ✘ D. 12

Q.2 यदि a और b , समीकरण $x^2 - 7x + 12 = 0$ के मूल हैं, तो $\frac{a^3+b^3}{a^2+b^2+1}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 3.5
- ✘ B. 4.4
- ✘ C. 5.2
- ✘ D. 2.6

Q.3 यदि एक निश्चित राशि पर 5.5% वार्षिक दर से 18 माह में प्राप्त साधारण ब्याज, उसी राशि पर 6% वार्षिक दर से 14 माह में प्राप्त साधारण ब्याज से ₹62.50 अधिक है। राशि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹8,200
- ✘ B. ₹7,000
- ✘ C. ₹6,500
- ✔ D. ₹5,000

Q.4 रानी की बहन की आयु उसकी आयु से 4 वर्ष अधिक है। यदि उसकी बहन की आयु 28 वर्ष है, तो रानी की आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 32 वर्ष
- ✘ B. 26 वर्ष
- ✔ C. 24 वर्ष
- ✘ D. 22 वर्ष

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.5 A और B एक कार्य को ₹600 में पूरा करने का अनुबंध करते हैं। A अकेले इसे 4 दिन में पूरा कर सकता है, जबकि B अकेले इसे 6 दिन में पूरा कर सकता है। C की सहायता से, वे कार्य को 2 दिन में पूरा करते हैं। प्राप्त भुगतान में C का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. ₹100
- ✘ B. ₹200
- ✘ C. ₹300
- ✘ D. ₹78

Q.6 P, Q और R संयुक्त रूप से एक व्यवसाय शुरू करते हैं। यह सहमति हुई कि P, 6 महीने के लिए ₹25,000 का, Q, 5 महीने के लिए ₹44,000 का, और R, 3 महीने के लिए ₹50,000 का निवेश करेगा। ₹1,04,000 के कुल लाभ में से, P को कितनी राशि प्राप्त होगी?

Ans
- ✘ A. ₹40,920
- ✘ B. ₹27,900
- ✘ C. ₹33,780
- ✔ D. ₹30,000

Q.7 एक मां, पुत्र और पुत्री की आयु का योगफल 70 वर्ष है। यदि मां की आयु, उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है, और पुत्री की आयु उसके भाई से 5 वर्ष अधिक है, तो मां की आयु कितनी है?

Ans
- ✘ A. 35 वर्ष
- ✔ B. 39 वर्ष
- ✘ C. 42 वर्ष
- ✘ D. 45 वर्ष

Q.8 यदि 5 क्रमागत सम संख्याओं का औसत 10 है, तो इन पांच संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर मध्य स्थान पर स्थित संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 20
- ✘ B. 14
- ✔ C. 10
- ✘ D. 12

Q.9 यदि $48 : x :: x : 75$, जहां $x > 0$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 60
- ✘ B. 51
- ✘ C. 63
- ✘ D. 57

Q.10 यदि एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $25\sqrt{3}$ cm^2 है, तो त्रिभुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई _____ है।

Ans
- ✘ A. 5 cm
- ✘ B. 8 cm
- ✔ C. 10 cm
- ✘ D. 12 cm

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.11 यदि एक वृत्त की परिधि $\frac{88}{7}$ cm है, तो उस वर्ग का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए जिसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई दिए गए वृत्त की त्रिज्या के बराबर है। [$\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें]

Ans

✗ A. 6

✗ B. 7

✓ C. 8

✗ D. 9

Q.12 यदि $\tan\theta = 4$ है, तो $\frac{4\cos\theta + 2\sin\theta}{2\sin\theta - \cos\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{12}{8}$

✓ B. $\frac{12}{7}$

✗ C. $\frac{12}{5}$

✗ D. $\frac{12}{10}$

Q.13 एक व्यापारी ने एक वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य का $1\frac{2}{5}$ गुना अंकित किया और उसने उसे अंकित मूल्य के $\frac{17}{20}$ पर बेच दिया। उस वस्तु पर उसका प्रतिशत लाभ कितना है?

Ans

✗ A. 17%

✗ B. 20%

✓ C. 19%

✗ D. 23%

Q.14 $\sqrt{2x + 9} + x = 13$ के मूल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 2 और 8

✗ B. 8 और 6

✗ C. 4 और 20

✓ D. 20 और 8

Q.15 यदि एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $36\pi\ cm^2$ है, तो गोले की त्रिज्या _____ है।

Ans

✗ A. 2 cm

✓ B. 3 cm

✗ C. 4 cm

✗ D. 5 cm

Q.16 $\sqrt{29\frac{4}{25}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 5.5

✗ B. 5.6

✗ C. 5.2

✓ D. 5.4

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.17 यदि $a^4 + \frac{1}{a^4} = 34$ है, तो $a^6 + \frac{1}{a^6}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 243

✗ B. 216

✓ C. 198

✗ D. 185

Q.18 एक बेलन के आधार का व्यास 14 m और ऊंचाई 24 m है। उसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। [$\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें]

Ans

✗ A. $1506\ cm^2$

✗ B. $1065\ cm^2$

✓ C. $1056\ cm^2$

✗ D. $1560\ cm^2$

Q.19 एक बेईमान विक्रेता अपने माल को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है, लेकिन गलत बाट का उपयोग करता है, और इस प्रकार 25% का लाभ अर्जित करता है। वह एक किलोग्राम के लिए अनाज की कितनी मात्रा देता है?

Ans

✗ A. 900 ग्राम

✗ B. 750 ग्राम

✗ C. 975 ग्राम

✓ D. 800 ग्राम

Q.20 यदि 22, 25, 27, 24 और x का माध्य 26 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 41

✗ B. 35

✗ C. 28

✓ D. 32

Q.21 यदि दो समानांतर रेखाओं को एक तिर्यक रेखा द्वारा प्रतिच्छेद किया जाता है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प अनिवार्य रूप से सत्य है?

Ans

✗ A. एकांतर अंत: कोणों के एक युग्म के मापों का योग 180^0 होता है।

✗ B. शीर्षाभिमुख कोणों के एक युग्म के मापों का योग 180^0 होता है।

✓ C. तिर्यक रेखा के एक ही तरफ के अंत: कोणों के एक युग्म के मापों का योग 180^0 होता है।

✗ D. संगत कोणों के एक युग्म के मापों का योग 180^0 होता है।

Q.22 $\sqrt{729} + \sqrt{1681} + \sqrt{576} - \sqrt{1849}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 37

✗ B. 64

✓ C. 49

✗ D. 55

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.23 निम्न में से कौन सी संख्या 7 और 11 दोनों से विभाज्य है?

Ans

✔ A. 1771

✘ B. 2684

✘ C. 2534

✘ D. 3014

Q.24 एक व्यक्ति को 1 घंटे में 8 km की दूरी तय करनी है। यदि वह कुल समय के एक-तिहाई समय में एक-चौथाई दूरी तय करता है, तो शेष समय में शेष दूरी तय करने के लिए उसकी चाल (km/h में) कितनी होनी चाहिए, ताकि वह ठीक समय पर गंतव्य तक पहुंच सके?

Ans

✔ A. 9

✘ B. 8

✘ C. 7

✘ D. 6

Q.25 तीन अंकों वाली ऐसी संख्याओं की कुल संख्या ज्ञात कीजिए, जो 2 या 5 से विभाज्य हैं।

Ans

✘ A. 400

✔ B. 540

✘ C. 245

✘ D. 270

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 निम्न अक्षर और प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) K € T X @ * D X ¥ & J % Z Y $ & # S & $ F ø G ^ (दाएं)

उपरोक्त शृंखला में ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है, और ठीक बाद भी एक अक्षर है?

Ans

✘ A. 1

✘ B. 2

✔ C. 3

✘ D. 4

Q.27 दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का पालन करते हैं?

कथन:

पेय-पदार्थ की पसंद पर हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण में, 65 प्रतिशत लोगों ने चाय, 28 प्रतिशत लोगों ने कॉफी, 5 प्रतिशत लोगों ने दूध पसंद किया, जबकि 2 प्रतिशत लोगों ने कुछ भी पसंद नहीं किया।

निष्कर्ष:

I. चाय, कॉफी से बेहतर पेय-पदार्थ है।

II. दूध की तुलना में, अधिक लोग कॉफी पीना पसंद करते हैं।

Ans

✘ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✔ B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✘ C. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

✘ D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.28 KIT 20 और PRG 50 के बीच एक निश्चित संबंध है। ENT 16 और VMG 40 के बीच भी वही संबंध है। समान तर्क के आधार पर, MFG 18 निम्न में से किससे संबंधित होगा?

Ans

✗ A. NUT 40

✗ B. QUT 45

✗ C. NVT 45

✓ D. NUT 45

Q.29 एक निश्चित कूट भाषा में, MONDAY को ZBEOPN लिखा जाता है, और MARCH को IDSBN लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में APRIL को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. ZKSWC

✗ B. MKSVB

✓ C. MJSQB

✗ D. MJSWB

Q.30 तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

1. कुछ पहाड़ियां पठार हैं।

2. कुछ पठार मरुस्थल हैं।

3. सभी मरुस्थल मैदान हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ मैदान पठार हैं।

II. कुछ मैदान पहाड़ियां हैं।

III. सभी मरुस्थल पहाड़ियां हैं।

Ans

✓ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✗ C. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

✗ D. केवल निष्कर्ष II और III पालन करते हैं।

Q.31 उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
3, 6, 8, 16, 18, 36,?

Ans

✗ A. 72

✗ B. 45

✓ C. 38

✗ D. 42

Q.32 उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

20 : 42 :: 25 : 52 :: 18 :?

Ans

✗ A. 34

✓ B. 38


✗ C. 54

✗ D. 60

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.33 निम्नांकित बार ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



Q.7 तीन पाइप A, B और C एक टंकी को क्रमशः 5 घंटे, 8 घंटे और 12 घंटे में भर सकते हैं। यदि सभी पाइप एक साथ खोले जाते हैं, तो टंकी को भरने में कितना समय लगेगा?

Ans

✗ A. $5\frac{22}{49}$ घंटा

✗ B. $4\frac{22}{49}$ घंटा

✗ C. $3\frac{22}{49}$ घंटा

✓ D. $2\frac{22}{49}$ घंटा

Q.8 यदि ABCD एक समचतुर्भुज है जिसमें $\angle ACB = 40°$ है, तो ∠ADB ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $40°$

✗ B. $45°$

✓ C. $50°$

✗ D. $60°$

Q.9 एक रेलगाड़ी, 200 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म को 40 सेकंड में और एक आदमी को 20 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 500 मीटर

✗ B. 400 मीटर

✗ C. 300 मीटर

✓ D. 200 मीटर

Q.10 यदि $4^x - 4^{x-1} = 24$ है, तो $\frac{2x-1}{2x+3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{1}{3}$

✓ B. $\frac{1}{2}$

✗ C. $\frac{1}{5}$

✗ D. $\frac{3}{7}$

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.11 वामसी के पिता की आयु 60 वर्ष है। उनकी आयु वामसी की आयु के दोगुने से 20 वर्ष अधिक है। वामसी की आयु ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 20 वर्ष

✘ B. 25 वर्ष

✘ C. 15 वर्ष

✘ D. 30 वर्ष

Q.12 दो समरूप त्रिभुजों की संगत भुजाओं का अनुपात $2:3$ है। यदि छोटे त्रिभुज का क्षेत्रफल 48 cm^2 है, तो बड़े त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. 230 cm^2

✘ B. 106 cm^2

✘ C. 107 cm^2

✔ D. 108 cm^2

Q.13 एक कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 15,625 है। यह दो क्रमागत वर्षों में 8% और 12% बढ़ती है, लेकिन तीसरे वर्ष में 22% घट जाती है। तीसरे वर्ष के अंत में कस्बे की जनसंख्या कितनी होगी?

Ans

✘ A. 13,230

✔ B. 14,742

✘ C. 15,120

✘ D. 14,042

Q.14 उस गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसका व्यास 14 cm के बराबर है।

Ans

✔ A. 616 cm^2

✘ B. 524 cm^2

✘ C. 1232 cm^2

✘ D. 1048 cm^2

Q.15 यदि किसी निश्चित धनराशि पर 8 वर्ष में प्राप्त साधारण ब्याज, धनराशि का $\frac{11}{25}$ है, तो वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. $8\frac{1}{2}\%$

✘ B. $7\frac{1}{2}\%$

✘ C. $6\frac{1}{2}\%$

✔ D. $5\frac{1}{2}\%$

Q.16 यदि 3 और -7 एक द्विघात समीकरण के मूल हैं, तो वह द्विघात समीकरण ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. $-x^2 + 4x + 21 = 0$

✔ B. $x^2 + 4x - 21 = 0$

✘ C. $x^2 - 4x - 21 = 0$

✘ D. $x^2 - 4x + 21 = 0$

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.17 एक संख्या को 15 से विभाजित करने पर शेषफल 9 प्राप्त होता है। उसी संख्या को 5 से विभाजित करने पर प्राप्त शेषफल कितना होगा?

Ans

✗ A. 1

✓ B. 4

✗ C. 2

✗ D. 3

Q.18 यदि किसी भिन्न के अंश में 10% की वृद्धि की जाए, और उसके हर में 5% की कमी की जाए, तो प्राप्त भिन्न $\frac{4}{5}$ के बराबर होती है। मूल भिन्न ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{19}{25}$

✗ B. $\frac{17}{25}$

✗ C. $\frac{23}{55}$

✓ D. $\frac{38}{55}$

Q.19 $\left(\frac{64}{25}\right)^{-\frac{3}{2}} \times \left(\frac{2}{5}\right)^{4} \div \sqrt[5]{(32)^{-3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{1}{5}$

✗ B. $\frac{2}{5}$

✗ C. $\frac{8}{25}$

✓ D. $\frac{1}{20}$

Q.20 $\frac{(1+cot\theta-cosec\theta)(1+tan\theta+sec\theta)(sec^2\theta)}{(sec\theta-cos\theta)(cot\theta+tan\theta)}$ का मान इनमें से किसके बराबर है, जहां $0° < \theta < 90°$ है?

Ans

✗ A. $cos\theta$

✗ B. $sin\theta$

✗ C. $2\ sec\theta$

✓ D. $2\ cosec\theta$

Q.21 एक वॉशिंग मशीन का सूची मूल्य ₹13,200 है। इसे एक खुदरा विक्रेता को 25% और 15% की दो क्रमिक छूटें देकर बेचा जाता है। खुदरा विक्रेता ग्राहक को (इसके नए सूची मूल्य पर) 25% की छूट देने के बाद अपने क्रय मूल्य पर 20% का लाभ अर्जित करना चाहता है। उसे वॉशिंग मशीन का सूची मूल्य कितना रखना चाहिए?

Ans

✗ A. ₹13,644

✓ B. ₹13,464

✗ C. ₹13,466

✗ D. ₹13,664

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.22 यदि किन्हीं आंकड़ों का बहुलक, उनके माध्य से 16.2 अधिक हो, तो उनका बहुलक, उनकी माध्यिका से _____ अधिक होता है। (उत्तर ज्ञात करने के लिए प्रयोगसिद्ध सूत्र का प्रयोग करें।)

Ans

✗ A. 8.25

✗ B. 10.2

✓ C. 10.8

✗ D. 12.4

Q.23 $(\frac{x^b}{x^c})^{b+c} \times (\frac{x^c}{x^a})^{c+a} \times (\frac{x^a}{x^b})^{a+b}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 3

✗ B. 2

✓ C. 1

✗ D. 0

Q.24 यदि दो संख्याओं का गुणनफल 8410 है, और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 29 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 310

✓ B. 290

✗ C. 270

✗ D. 330

Q.25 3 बैग और 4 पेन का कुल मूल्य ₹1,285 है, जबकि 5 बैग और 3 पेन का कुल मूल्य ₹1,995 है। 2 बैग का मूल्य, 11 पेन के मूल्य से कितना अधिक है?

Ans

✗ A. ₹390

✗ B. ₹350

✓ C. ₹310

✗ D. ₹300

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 तीन कथनों के बाद, तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे वास्तविक जगत की जानकारी के अनुरूप न हों, तय कीजिए कि कथनों के आधार पर दिए गए निष्कर्ष/संभावनाओं में से कौन से सत्य हो सकते हैं।

कथन:

1. सभी गौरैया, पक्षी हैं।
2. कुछ पक्षी, जानवर हैं।
3. सभी कुत्ते, जानवर हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ कुत्ते, गौरैया हैं।

II. सभी जानवरों के पक्षी होने की संभावना है।

III. कुछ जानवर, गौरैया हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I सत्य है।

✓ B. केवल निष्कर्ष II सत्य है।

✗ C. केवल निष्कर्ष III सत्य है।

✗ D. केवल निष्कर्ष I और II सत्य हैं।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.27 यदि

'-' का अर्थ '÷' है,

'+' का अर्थ '×' है,

'÷' का अर्थ '-' है, और

'×' का अर्थ '+' है,

तो निम्न में से कौन सा समीकरण सही होगा?

Ans

✗ A. 20 + 3 - 9 ÷ 5 × 2 = 20

✓ B. 20 - 3 + 9 × 5 ÷ 2 = 63

✗ C. 20 × 3 ÷ 9 - 5 + 2 = 32

✗ D. 20 ÷ 3 × 9 + 5 - 2 = 50

Q.28 इस प्रश्न में, नीचे तालिका में दिए गए अक्षरों/प्रतीकों और उसके बाद दी गई शर्तों का उपयोग करते हुए अक्षरों के एक समूह को कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

अक्षर/प्रतीक	O	E	R	L	A	V	&	$	@
कूट	7	6	1	4	8	2	3	5	9

शर्त 1: यदि कोई शब्द एक स्वर से शुरू होता है लेकिन एक व्यंजन के साथ समाप्त होता है, तो पहले और आखिरी अक्षर के कूट परस्पर बदल दिए जाएंगे।

शर्त 2: यदि एक शब्द में दो से अधिक स्वर हैं, तो पहले स्वर को 1 के रूप में, दूसरे स्वर को 2 के रूप में और आगे के स्वरों को भी इसी प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा।

शर्त 3: यदि कोई शब्द एक व्यंजन से शुरू होता है, और व्यंजन पर ही समाप्त भी होता है, तो सभी व्यंजनों को कूटबद्ध करने के बाद ही स्वरों को कूटबद्ध किया जाएगा।

"ALOEVERA" का कूट क्या होगा?

Ans

✗ A. 84232615

✗ B. 14762618

✗ C. 84762618

✓ D. 14232415

Q.29 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। A और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, D के ठीक बगल में नहीं बैठा है। G, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F, C के दाईं ओर बगल में बैठा है। पंक्ति के बाएं सिरे पर कौन बैठा है?

Ans

✗ A. E

✓ B. B

✗ C. A

✗ D. G

Q.30 छः बच्चों F, G, H, I, J और K का बुद्धिमत्ता परीक्षण किया गया, और उस परीक्षण में उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें अंक दिए गए। प्रत्येक बच्चे ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। H ने J से अधिक अंक प्राप्त किए। H ने G और K से कम अंक प्राप्त किए। J ने I से कम अंक प्राप्त किए। F ने G से अधिक अंक प्राप्त किए। इन छः बच्चों में से किसने सबसे कम अंक प्राप्त किए?

Ans

✗ A. K

✗ B. H

✗ C. I

✓ D. J

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.31 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

4.49 ÷ 1.49 - 3.33 × 3 + 4.49 = ?

Ans

✗ A. 4.5

✗ B. 2.5

✓ C. −2.5

✗ D. −4.5

Q.32 तमन्ना ने प्रातः 6 बजे चलना शुरू किया, रास्ते में उसने अपने सामने एक पेड़ देखा। उसने पाया कि पेड़ की छाया उसके ठीक बाईं ओर थी। तमन्ना किस दिशा में चल रही थी?

Ans

✗ A. पूर्व

✗ B. पश्चिम

✓ C. उत्तर

✗ D. दक्षिण

Q.33 यदि DUPLICATE शब्द के सभी अक्षरों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans

✗ A. 1

✓ B. 2

✗ C. 3

✗ D. 4

Q.34 पांच व्यक्ति, P, Q, R, S और T, एक ही वर्ष के विभिन्न महीनों; यानि जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल और मई में यात्रा करते हैं।

Q, फरवरी में यात्रा करता है। Q और P के बीच केवल एक व्यक्ति यात्रा करता है। T और R के बीच केवल तीन व्यक्ति यात्रा करते हैं। R, P के बाद वाले महीने में यात्रा करता है। इनमें से कौन मई में यात्रा करता है?

Ans

✗ A. P

✗ B. S

✗ C. T

✓ D. R

Q.35 एक कूट भाषा में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है।

संख्या/प्रतीक	$	5	%	6	^	7	4	&	8	*	9	1	!	2	@	3	#
कूट	A	S	D	F	G	H	J	K	L	M	N	B	V	C	X	Z	Q

शर्तें:

I. यदि पहला घटक एक सम संख्या है, और अंतिम घटक एक विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों के कूटों को परस्पर बदला जाना चाहिए।

II. यदि दूसरे और तीसरे दोनों घटक सम संख्याएं हैं, तो इन दोनों का कूट K होना चाहिए।

III. यदि पहला घटक एक संख्या है, और अंतिम घटक एक प्रतीक है, तो अंतिम घटक के कूट का उपयोग पहले घटक के लिए भी किया जाना चाहिए।

8%7$9@ का कूट क्या होगा?

Ans

✗ A. LDHANX

✗ B. LDHANL

✓ C. XDHANX

✗ D. XDHANL

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.36 निम्न में से कौन-सा पद दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है?

17KDP, 20TMY, 23CVH, 26LEQ,?

Ans

✗ A. 27NZW

✓ B. 29UNZ

✗ C. 29NZW

✗ D. 27UNZ

Q.37 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

22 : 440 :: 14 : 168 :: 19 : ?

Ans

✗ A. 380

✓ B. 323

✗ C. 228

✗ D. 95

Q.38 नीचे दी गई अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएं) B 8 D 5 6 M S 8 # Z @ 7 K $ 2 C B 4 5 N R (दाएं)

उपरोक्त शृंखला में ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक संख्या भी है?

Ans


✗ A. 1

✓ B. 2

✗ C. 3

✗ D. 4

Q.39 निम्नांकित वेन-आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।



कितने हॉस्टलर खिलाड़ी (hosteller sportspersons), पुरुष (males) नहीं हैं, किंतु रैंकधारी (rank holders) हैं?

Ans

✓ A. 24

✗ B. 13

✗ C. 34

✗ D. 5

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.40 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और तय करें कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:
एक रेस में,
1. G, L से पीछे है, जो D से पीछे है।
2. D, G से आगे है, जो R से आगे है।
3. F, V से पीछे नहीं है, जो R से आगे है।

निष्कर्ष:
I. V, D से पीछे है।
II. F, R से आगे है।
III. D, R से आगे है।

Ans

✗ A. निष्कर्ष I और II पालन करते हैं

✗ B. निष्कर्ष I और III पालन करते हैं

✗ C. निष्कर्ष III पालन करता है

✓ D. निष्कर्ष II और III पालन करते हैं

Q.41 यदि L, ÷ को निरूपित करता है; M, × निरूपित करता है; P, + निरूपित करता है; और Q, - को निरूपित करता है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा समीकरण सही होगा?

Ans

✗ A. 13 M 64 P 24 L 18 Q 6 = 36

✗ B. 17 Q 22 M 18 P 13 L 7 = 473

✓ C. 11 L 34 M 17 P 8 Q 3 = 42/ 4

✗ D. 12 Q 13 L 15 M 19 P 23 = 96

Q.42 T, U, V, W, X, Y, Z और A एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। T और V के बीच में केवल Z बैठा है। A पंक्ति के बाएं सिरे पर बैठा है। Z और Y के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। V और W के बीच में केवल X बैठा है। T, U के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। A के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

Ans

✗ A. W

✗ B. T

✗ C. Z

✓ D. U

Q.43 उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

12, 10, 11.5, 10.5, 11, 11, 10.5, 11.5, 10, ?

Ans

✗ A. 8.5

✗ B. 11

✓ C. 12

✗ D. 13

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.44 नीचे एक कथन और उसके दो संभावित निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनें।

कथन:

देश F में मंदी आने के बाद, कई छोटी कंपनियों ने उन सभी कर्मचारियों की छंटनी करने का फैसला किया है, जो छह महीने की परिवीक्षा अवधि पर थे। इसके फलस्वरूप, कंपनी M से 48% से कुछ अधिक कर्मचारी निकाल दिए गए।

दी गई जानकारी के आधार पर निम्नलिखित में से कौन सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

I. कंपनी M में हाल ही में कर्मचारियों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई।

II. मंदी के कारण की गई छंटनी (कर्मचारियों के) कार्य-प्रदर्शन पर आधारित नहीं है।

Ans

✗ A. दी गई जानकारी से केवल I निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

✗ B. दी गई जानकारी से केवल II निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

✓ C. दी गई जानकारी से I और II दोनों निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

✗ D. दी गई जानकारी से न तो I और न ही II निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

Q.45 यदि AMBUSHED शब्द के सभी अक्षरों को वर्णमाला के उल्टे क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans


✓ A. शून्य

✗ B. एक

✗ C. दो

✗ D. तीन

Q.46 दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं वस्तुओं की संख्या को दर्शाती हैं।



ऐसे कितने वॉकर (walkers) हैं, जो ऊंची कुर्सियां (highchairs) भी हैं, लेकिन न तो प्रैम (prams) हैं, और न ही स्ट्रॉलर (strollers) हैं?

Ans

✓ A. 5

✗ B. 6

✗ C. 9

✗ D. 8

Q.47 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो पांचवीं संख्या से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरी संख्या पहली संख्या से और चौथी संख्या तीसरी संख्या से संबंधित है।

59 : 45 :: 46 : 24 :: 85 : ?

Ans

✗ A. 38

✗ B. 44

✓ C. 40

✗ D. 35

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.48 कुछ व्यक्ति उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं। R, P के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। Q, P के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। Q और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। यदि कोई अन्य व्यक्ति पंक्ति में नहीं बैठा है, तो पंक्ति में बैठे हुए व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

Ans

✗ A. 13

✗ B. 12

✓ C. 11

✗ D. 15

Q.49 निम्न संख्या, प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

7 4 & @ 3 4 % @ $ 4 @ 3 4 % 4 $ 5 * @ 4 3 4 5 * 3

उपरोक्त शृंखला में ऐसे कितने 4 हैं, जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans

✗ A. सात

✓ B. पांच

✗ C. नौ

✗ D. तीन

Q.50 शीतल, बिंदु P से चलना शुरू करके, 50 m पश्चिम की ओर चलती है। वहां से, वह दाएं मुड़ती है, और 20 m चलती है। फिर, वह बाएं मुड़ती है, और 47 m चलती है। वह पुनः बाएं मुड़ती है, और 75 m चलती है। फिर, वह बाएं मुड़ती है, और 47 m चलती है। वह पुनः बाएं मुड़ती है, और 20 m चलती है। फिर, वह दाएं मुड़ती है, और 50 m चलती है। अंततः, वह बाएं मुड़ती है, और 10 m चलकर बिंदु Q पर पहुंचती है। बिंदु P, बिंदु Q से कितनी दूर और किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90° डिग्री वाले मोड़ हैं।)

Ans

✓ A. 25 m उत्तर की ओर

✗ B. 25 m दक्षिण की ओर

✗ C. 35 m उत्तर की ओर

✗ D. 15 m उत्तर की ओर

Q.51 निम्नांकित तालिका का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
दी गई तालिका वर्ष 2016 से 2022 के दौरान विभिन्न मदों के तहत एक कंपनी द्वारा किए गए कुल व्यय को दर्शाती है।

	व्यय				
वर्ष	कच्चा माल	परिवहन	वेतन	संस्थापन	कर
2022	789	123	122	987	97
2021	786	112	132	789	98
2020	798	109	189	678	112
2019	879	101	196	897	134
2018	987	98	199	876	141
2017	890	95	173	766	108
2016	908	78	166	567	111

2020 में कंपनी का कुल व्यय, 2022 में कंपनी के कुल व्यय के लगभग कितने प्रतिशत के बराबर था?

Ans

✗ A. 82%

✗ B. 93%


✓ C. 89%

✗ D. 95%

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.52 निम्नांकित ग्राफ का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



	2015	2016	2017	2018	2019
Company A	164	225	305	387	345
Company B	120	297	408	432	426
Company C	198	278	367	476	462

संदर्भ: [expenditures (rs. Lakh) of three different companies in 5 different years- पांच भिन्न वर्षों में तीन अलग-अलग कंपनियों द्वारा किया गया व्यय (लाख रू. में) company A- कंपनी A, company B- कंपनी B, company C- कंपनी C]

वर्ष 2018 में तीनों कंपनियों का कुल व्यय, दिए गए सभी वर्षों में मिलाकर केवल कंपनी B के कुल व्यय का कितने प्रतिशत था?

Ans

✗ A. 78.65%

✗ B. 77.32%

✓ C. 76.95%

✗ D. 75.86%

Q.53 एक बटालियन में 43 कैडेट हैं, जिन्हें उनका कमांडर मंच पर उत्तर की ओर उन्मुख करके एक सीधी पंक्ति में खड़ा करना चाहता है। P पंक्ति के बाएं सिरे से 18वें स्थान पर है, और Q पंक्ति के दाएं सिरे से 31वें स्थान पर है। P और Q के बीच खड़े कैडेट्स की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 6

✗ B. 5

✓ C. 4

✗ D. 3

Q.54 उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

1.6, 2.3, 3, 3.7, 4.4, 5.1, 5.8, 6.5, ?, 7.9, 8.6

Ans

✓ A. 7.2

✗ B. 7.3

✗ C. 7.1

✗ D. 7.4

Q.55 उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

LAPTOP : QPUQBM :: MOBILE : FMJCPN :: DEVICE : ?

Ans

✗ A. EFWJDF

✓ B. FDJWFE

✗ C. FDJFEW

✗ D. FDJFFW

Section : **General Science**

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.56 टूथपेस्ट प्रकृति में सामान्यतः _____ होता है।

Ans
✗ A. अम्लीय
✓ B. क्षारीय
✗ C. हानिकारक
✗ D. उदासीन

Q.57 वायुमंडलीय अपवर्तन के कारण, क्षितिज के निकट देखे जाने पर, किसी तारे की आभासी स्थिति, उसकी वास्तविक स्थिति से थोड़ी _____ होती है, और यह आभासी स्थिति _____। जिसके परिणामस्वरूप तारे टिमटिमाते हैं।

Ans
✗ A. ऊंची ,स्थाई होती है
✓ B. ऊंची ,बदलती रहती है
✗ C. नीचे ,स्थाई होती है
✗ D. नीचे ,बदलती रहती है

Q.58 आनुवंशिकता को प्रभावित करने वाले कारकों के संबंध में मेंडल ने निम्नलिखित में से कौन सी महत्त्वपूर्ण खोज की?

Ans
✗ A. स्व-निषेचन केवल पैतृक विशेषताएं (traits) दर्शाता है।
✗ B. हार्मोन्स उत्पादन के कारण विशेषताएं (Traits) प्रकट होती है।
✗ C. एक पीढ़ी की सभी संतानें केवल माता-पिता में से एक की तरह ही दिखती हैं।
✓ D. यौन प्रजनन करने वाले जीवों में कारकों का युग्म उनके अभिलक्षणों को व्यक्त करता है।

Q.59 निम्न में से कौन सी धातुएं वैद्युत अपघटन द्वारा प्राप्त की जा सकती हैं?

Na, Zn, Au, Ag, Mg, Al, Cu

Ans
✗ A. Au, Ag, Mg
✗ B. Na, Zn, Au
✗ C. Mg, Al, Cu
✓ D. Na, Mg, Al

Q.60 निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रिया पर विचार कीजिए:

$CO(g) + 2H_2(g) \rightarrow P$

इस अभिक्रिया के उत्पाद (P) का पूर्वानुमान कीजिए।

Ans
✗ A. $CHO + H_2$
✗ B. $COOH + H_2$
✗ C. $CHO + 2H_2$
✓ D. CH_3OH

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.61 किसी वस्तु को एक 6 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 24 cm की दूरी पर रखा गया है। दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन _____ होगा।

Ans

✗ A. $\frac{1}{3}$

✓ B. $-\frac{1}{3}$

✗ C. 3

✗ D. −3

Q.62 किसने अष्टक नियम की खोज की, और इसकी तुलना संगीत में पाए जाने वाले अष्टक से की?

Ans

✓ A. जॉन न्यूलैंड्स

✗ B. जोहान डॉबेराइनर

✗ C. दमित्री मेंडेलीफ

✗ D. जोहान जैकब बामर

Q.63 फ्यूज तार से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(a) यह उपकरण के साथ श्रेणी क्रम में संयोजित होता है।

(b) यह निम्न गलनांक वाले पदार्थ से बना होता है।

उपरोक्त में से कौन से कथन सही हैं?

Ans

✗ A. केवल (a)

✗ B. केवल (b)

✓ C. (a) और (b) दोनों

✗ D. न तो (a) न ही (b)

Q.64 पौधों द्वारा उत्पादित कई उत्सर्जी उत्पाद मनुष्यों के लिए उपयोगी होते हैं। उस उत्पाद की पहचान कीजिए, जो अंतःश्वसन किए जाने पर मनुष्यों के लिए हानिकारक होता है।

Ans

✓ A. कार्बन डाइऑक्साइड

✗ B. राल

✗ C. गोंद

✗ D. ऑक्सीजन

Q.65 कार्बन डाइऑक्साइड अणु में एक ऑक्सीजन परमाणु द्वारा एक कार्बन परमाणु के साथ कितने इलेक्ट्रॉनों की साझेदारी की जाती है?

Ans

✗ A. 1

✓ B. 2

✗ C. 3

✗ D. 4

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.66 निम्नलिखित संयोजन अभिक्रिया का उत्पाद क्या है?

$SO_3 + H_2O \rightarrow ?$

Ans
- ✗ A. SO_2
- ✗ B. H_2S
- ✗ C. H_2O_2
- ✓ D. H_2SO_4

Q.67 किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता _____ पर निर्भर करती है।

Ans
- ✗ A. दाब
- ✓ B. तापमान
- ✗ C. लंबाई
- ✗ D. मोटाई

Q.68 प्राक्केंद्रकी कोशिका (prokaryotic cell) की कुछ विशेषताओं का उल्लेख नीचे किया गया है। दिए गए विकल्पों में से गलत विकल्प का चयन कीजिए।

Ans
- ✗ A. अत्यधिक छोटा आकार
- ✗ B. एकल गुणसूत्र
- ✓ C. झिल्ली-बद्ध कोशिकांगों की मौजूदगी
- ✗ D. इसका नाभिकीय क्षेत्र केंद्रकाभ कहलाता है

Q.69 2.0 cm ऊंचाई वाली किसी वस्तु को एक 8.0 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 6.0 cm की दूरी पर उसके मुख्य अक्ष पर रखा गया है। इसके प्रतिबिंब की ऊंचाई _____ होगी, और यह _____ होगा।

Ans
- ✗ A. 2.0 cm से कम, सीधा
- ✓ B. 2.0 cm से अधिक, सीधा
- ✗ C. 2.0 cm से कम, उल्टा
- ✗ D. 2.0 cm से अधिक, उल्टा

Q.70 वायु में कोई प्रकाश किरण, अपवर्तनांक $\sqrt{2}$ वाले माध्यम से वायु को पृथक करने वाली सतह पर 45° के कोण पर आपतित होती है। किरण माध्यम में _____ के कोण पर अपवर्तित होगी।

Ans
- ✗ A. 15°
- ✓ B. 30°
- ✗ C. 45°
- ✗ D. 60°

Q.71 मानव में कौन सा रोग, सूर्य से आने वाले UV विकिरण के कारण होता है?

Ans
- ✓ A. त्वचा का कैंसर
- ✗ B. चेचक (Smallpox)
- ✗ C. पार्किंसन रोग
- ✗ D. निमोनिया (Pneumonia)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.72 नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन-I: डॉबेराइनर ने प्लेटिनम पर उत्प्रेरक के रूप में पहला प्रेक्षण किया, और तत्वों के समान त्रिक की खोज की, जिससे तत्वों की आवर्त सारणी का विकास हुआ।

कथन-II: जे.डब्ल्यू. डॉबेराइनर जेना विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान और फार्मेसी के प्रोफेसर थे।

Ans

✔ A. दोनों कथन सत्य हैं।

✘ B. दोनों कथन असत्य हैं।

✘ C. केवल कथन I सत्य है।

✘ D. केवल कथन II सत्य है।

Q.73 जीवाश्म ईंधन, कोयला और पेट्रोलियम किस प्रकार के संसाधन हैं?

Ans

✘ A. समाप्य और नवीकरणीय

✔ B. समाप्य और गैर-नवीकरणीय

✘ C. अक्षय/असमाप्य

✘ D. नवीकरणीय

Q.74 यीस्ट (खमीर) में किण्वन के दौरान, पाइरूवेट इनमें से किस उत्पाद में परिवर्तित हो जाता है?

Ans

✘ A. ग्लूकोज और कार्बन डाईऑक्साइड

✔ B. एथेनॉल और कार्बन डाईऑक्साइड

✘ C. जल और कार्बन डाईऑक्साइड

✘ D. लैक्टिक अम्ल और कार्बन डाईऑक्साइड

Q.75 यदि किसी AC जनरेटर के आर्मेचर को तेजी से घुमाया जाता है, तो _____।

Ans

✘ A. प्रेरित विभवांतर घटेगा

✔ B. प्रेरित विभवांतर बढ़ेगा

✘ C. प्रेरित धारा घटेगी

✘ D. प्रेरित धारा में कोई परिवर्तन नहीं होगा

Q.76 निम्नलिखित में से किस अणु में तीन कार्बन परमाणु होते हैं?

Ans

✔ A. पाइरूविक अम्ल

✘ B. कार्बन डाइऑक्साइड

✘ C. ग्लूकोज

✘ D. एथेनॉल

Q.77 यदि 4 Ω के एक प्रतिरोधक को 12 V की बैटरी से जोड़ा जाता है, तो उसके द्वारा उपभुक्त शक्ति ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. 3 वाट

✘ B. 9 वाट

✔ C. 36 वाट

✘ D. 1.25 वाट

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.78 '_____' पद मासिक धर्म की समाप्ति को संदर्भित करता है।

Ans
✔ A. रजोनिवृत्ति (Menopause)
✘ B. रजोदर्शन (Menarche)
✘ C. रजोधर्म (Menses)
✘ D. हाइपरमेनोरिया (Hypermenorrhea)

Q.79 किसी चुंबक के चारों ओर का वह क्षेत्र जिसमें चुंबक द्वारा बल लगाया जाता है, _____ कहलाता है।

Ans
✘ A. ध्रुव
✘ B. चुंबकीय रेखाएं
✔ C. चुंबकीय क्षेत्र
✘ D. चुंबकीय पदार्थ

Q.80 वे अभिक्रियाएं, जिनमें अभिकारकों के बीच आयनों का आदान-प्रदान होता है, क्या कहलाती हैं?

Ans
✘ A. विस्थापन अभिक्रियाएं
✔ B. द्वि-विस्थापन अभिक्रियाएं
✘ C. अवक्षेपण अभिक्रिया
✘ D. विनिमय अभिक्रियाएं

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 जवाहरलाल नेहरू ने निम्नलिखित में से किस अधिनियम को 'दासता का एक नया घोषणा-पत्र (A New Charter Of Slavery) के रूप में वर्गीकृत किया था?

Ans
✘ A. भारत सरकार अधिनियम, 1919
✔ B. भारत सरकार अधिनियम, 1935
✘ C. चार्टर अधिनियम, 1853
✘ D. रॉलेट एक्ट

Q.82 पंचायती राज की त्रिस्तरीय प्रणाली की अनुशंसा पहली बार 1957 में _____ के द्वारा की गई थी।

Ans
✔ A. बलवंत राय मेहता समिति
✘ B. अशोक मेहता समिति
✘ C. जीकेवी राव समिति
✘ D. सिंघवी समिति

Q.83 अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए विदेश में अध्ययन हेतु शिक्षा ऋणों पर ब्याज सब्सिडी की योजना निम्नलिखित में से कौन सी है?

Ans
✘ A. पढ़ो विदेश
✔ B. पढ़ो परदेश
✘ C. नया सवेरा
✘ D. नई उड़ान

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.84 भारत का इनमें से कौन सा बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है?

Ans
✗ A. इंडसइंड बैंक
✗ B. तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक
✓ C. इंडियन ओवरसीज बैंक
✗ D. बंधन बैंक

Q.85 श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय _____ में स्थित है।

Ans
✗ A. देहरादून
✓ B. नई दिल्ली
✗ C. जयपुर
✗ D. लखनऊ

Q.86 संविधान में केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों के विभाजन को _____ सूचियों के रूप में दर्शाया गया है।

Ans
✗ A. 2
✓ B. 3
✗ C. 4
✗ D. 5

Q.87 अर्थशास्त्र में, कुल परिवर्तनीय लागत ÷ उत्पादित उत्पादन की इकाइयां = _____।

Ans
✗ A. औसत निश्चित लागत
✓ B. औसत परिवर्तनीय लागत
✗ C. कुल उत्पाद
✗ D. औसत उत्पाद

Q.88 नदी जब बहते हुए अपने मार्ग में नीचे की ओर जाती है, और समुद्र से मिलती है, तो वहां पर कई छोटे छोटे चैनलों में विभाजित हो जाती है, जिन्हें _____ के रूप में जाना जाता है।

Ans
✗ A. सहायक नदियों
✓ B. वितरिकाओं
✗ C. महाखड्डों (gorges)
✗ D. तीक्ष्ण कटक (arêtes)

Q.89 भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद भारत के नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है?

Ans
✗ A. अनुच्छेद 244
✗ B. अनुच्छेद 307
✗ C. अनुच्छेद 13
✓ D. अनुच्छेद 51A

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.90 वैश्विक पीएमआई (Global MPI) 2021 के अनुसार, 109 देशों की सूची में भारत किस स्थान पर था?

Ans

✔ A. 66

✘ B. 87

✘ C. 96

✘ D. 99

Q.91 जनवरी 2022 में, NIPER रिसर्च पोर्टल का शुभारंभ किसने किया?

Ans

✘ A. नरेंद्र मोदी

✔ B. मनसुख मंडाविया

✘ C. अमित शाह

✘ D. पीयूष गोयल

Q.92 मान लीजिए कि सशक्त बल के किसी अधिकारी को उसके महिला होने के कारण पदोन्नति से वंचित किया गया है, तो इस स्थिति में निम्नलिखित में से किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हो रहा है?

Ans

✘ A. शोषण के विरुद्ध अधिकार

✔ B. समानता का अधिकार

✘ C. संवैधानिक उपचारों का अधिकार

✘ D. स्वतंत्रता का अधिकार

Q.93 तमिलनाडु की आधिकारिक और सबसे प्रमुख भाषा तमिल का संबंध किस भाषा परिवार से है?

Ans

✔ A. द्रविड़

✘ B. मुण्डा

✘ C. हिंद-आर्य

✘ D. क्रा-दाई

Q.94 निम्नलिखित में से कौन सा त्यौहार प्रति वर्ष जनवरी के महीने में मनाया जाता है?

Ans

✔ A. पोंगल

✘ B. उगादी

✘ C. गुड़ी पड़वा

✘ D. ओणम

Q.95 भारत का एकमात्र पुष्ट सक्रिय ज्वालामुखी कहां स्थित है, जो अंडमान और निकोबार द्वीप की राजधानी पोर्ट ब्लेयर से लगभग 135 km दक्षिण में स्थित है?

Ans

✔ A. बैरन द्वीप

✘ B. हैवलॉक द्वीप

✘ C. नील द्वीप

✘ D. विल्सन द्वीप

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.96 निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) विश्व कप 2022 में महिलाओं की 10 m एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत रजत पदक जीता था?

Ans

✗ A. राजश्री संचेती

✓ B. ईशा सिंह

✗ C. श्रेया अग्रवाल

✗ D. मनु भाकर

Q.97 भारत _____ से जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ एंड ट्रेड (GATT) का सदस्य है।

Ans

✓ A. 1948

✗ B. 1962

✗ C. 1985

✗ D. 1990

Q.98 भारत का कौन सा शहर 2023 अंतर-राष्ट्रीय ओलंपिक समिति अधिवेशन की मेजबानी करेगा?

Ans

✗ A. चेन्नई

✗ B. शिमला

✓ C. मुंबई

✗ D. गुवाहाटी

Q.99 मार्च 2022 में, निम्नलिखित में से किस कंपनी ने भारत की पहली हाइड्रोजन ईंधन सेल-चालित इलेक्ट्रिक कार लॉन्च की?

Ans

✗ A. टाटा मोटर्स लिमिटेड

✗ B. हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड

✗ C. रेनॉल्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

✓ D. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड

Q.100 'ई-रुपया (e-RUPI)', कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा 2021 में शुरू की गई _____ आधारित एक भुगतान प्रणाली है।

Ans

✓ A. वाउचर

✗ B. क्रेडिट कार्ड

✗ C. मोबाइल वॉलेट

✗ D. डेबिट कार्ड

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर आर सी - ०१/२०१९ - CEN RRC - 01/2019

Test Date	05/09/2022
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	Level 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **Mathematics**

Q.1 $22 \times (63 \div 7) \div 6 - \{7 \times 5 + 4 - (3 - 5) \div 2\}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. −7
- ✘ B. −9
- ✘ C. 7
- ✘ D. 11

Q.2 एक बंद घनाभाकार बॉक्स की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई क्रमशः 2.5 m, 2 m और 90 cm हैं। इस बॉक्स को पूरी तरह से ढकने के लिए आवश्यक कैनवास की लागत क्या होगी, यदि कैनवास का मूल्य ₹80 प्रति वर्ग मीटर है?

Ans
- ✔ A. ₹1,448
- ✘ B. ₹1,502
- ✘ C. ₹1,600
- ✘ D. ₹1,750

Q.3 A, B और C मिलकर एक निश्चित कार्य को 40 दिन में पूरा कर सकते हैं। B और C मिलकर उसी कार्य को 60 दिन में पूरा कर सकते हैं। B, A से 25% अधिक कार्यकुशल है। A, B और C एकसाथ मिलकर 30 दिन तक कार्य करते हैं। B अकेले शेष कार्य को कितने दिन में पूरा करेगा?

Ans
- ✘ A. 20 दिन
- ✔ B. 24 दिन
- ✘ C. 30 दिन
- ✘ D. 32 दिन

Q.4 A और B, अकेले किसी कार्य को क्रमश: 30 दिन और 40 दिन में कर सकते हैं। यदि वे एकांतर दिनों में कार्य करते हैं और पहले दिन B कार्य शुरू करता है, तो कार्य कितने दिनों में पूरा होगा?

Ans
- ✘ A. $17\frac{1}{3}$ दिन
- ✘ B. $17\frac{1}{7}$ दिन
- ✔ C. $34\frac{1}{3}$ दिन
- ✘ D. $34\frac{2}{3}$ दिन

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.5 चार अंकों की वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 24, 40 और 56 से पूर्णतः विभाज्य है।

Ans
✗ A. 1080
✗ B. 1170
✗ C. 1260
✓ D. 1680

Q.6 यदि $(-7)^{2k+1}(-7)^5 = (-7)^{12}$ है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. −2
✗ B. −3
✗ C. 2
✓ D. 3

Q.7 धारा की चाल 4 km/h है। एक नाव धारा की दिशा में 40 km और धारा की विपरीत दिशा में 12 km की दूरी 4 घंटे में तय कर सकती है। शांत जल में नाव की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 10
✓ B. 12
✗ C. 14
✗ D. 16

Q.8 $\frac{1\frac{2}{3}+2\frac{1}{2}\times\frac{2}{3}}{5-4\frac{1}{2}\div\frac{3}{2}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. $1\frac{2}{3}$
✗ B. $2\frac{1}{3}$
✗ C. $3\frac{1}{3}$
✗ D. $4\frac{2}{3}$

Q.9 चार दोस्त अहमद, सुमन, राज और मधु अपनी खुद की कपड़े की दुकानें शुरू करते हैं।

अहमद 6% और 5% की क्रमिक छूट प्रदान करता है।

सुमन 2% और 5% की क्रमिक छूट प्रदान करती है।

राज 7% और 2% की क्रमिक छूट प्रदान करता है, और मधु 5% और 4% की क्रमिक छूट प्रदान करती है।

इनमें से कौन ग्राहकों को अधिकतम कुल छूट दे रहा है?

Ans
✓ A. अहमद
✗ B. राज
✗ C. सुमन
✗ D. मधु

Q.10 संख्या 5, 12.5 और 0.05 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 1.25
✓ B. 25
✗ C. 12.5
✗ D. 125

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.11 $\frac{sin\theta(1+cos\theta)}{1+cos\theta-\sin^2\theta} \times (sec\theta + tan\theta)(1 - sin\theta)$ का मान इनमें से किसके बराबर है, जहां $0° < \theta < 90°$ है?

Ans

✗ A. $cos\theta$

✓ B. $sin\theta$

✗ C. $sec\theta$

✗ D. $cosec\theta$

Q.12 12 वर्ष पहले, एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 28 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्ष बाद, उनकी आयु उनके पुत्र की आयु के दोगुने के बराबर होगी?

Ans

✗ A. 14

✗ B. 15

✓ C. 16

✗ D. 18

Q.13 एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई 16 cm और 12 cm है। समचतुर्भुज की भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 20 cm

✗ B. 8 cm

✓ C. 10 cm

✗ D. 9 cm

Q.14 एक वस्तु को ₹330 में बेचने पर एक व्यक्ति को 12% की हानि होती है। यदि वह इसे ₹367.50 में बेचता है, तो उसका प्रतिशत लाभ/हानि ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. लाभ, 2%

✓ B. हानि, 2%

✗ C. लाभ, 4%

✗ D. हानि, 4%

Q.15 पेट्रोल के मूल्य (प्रति लीटर) में 52% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी की जानी चाहिए, ताकि उस पर होने वाले व्यय में केवल 14% की वृद्धि हो?

Ans

✗ A. 38%

✗ B. 35%

✗ C. 30%

✓ D. 25%

Q.16 यदि किन्हीं आंकड़ों की माध्यिका, उनके बहुलक से 24.12 कम हो, तो आंकड़ों की माध्यिका, उनके माध्य से _____ अधिक होती है। (उत्तर ज्ञात करने के लिए प्रयोगसिद्ध सूत्र का प्रयोग करें)

Ans

✗ A. 16.08

✓ B. 12.06

✗ C. 6.03

✗ D. 8.04

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.17 5 cm भुजा वाले घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 325 cm^2

✗ B. 225 cm^2

✗ C. 250 cm^2

✓ D. 150 cm^2

Q.18 त्रिभुज ABC में, यदि $\angle ABC = 90°$ और BA = BC है, तो A और C कोण क्रमशः _____ होंगे।

Ans

✗ A. $80°, 70°$

✗ B. $80°, 60°$

✗ C. $50°, 40°$

✓ D. $45°, 45°$

Q.19 ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर करते हुए, ₹2,400 की धनराशि पर 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्ष में प्राप्त मिश्रधन कितना होगा?

Ans

✗ A. ₹5,646

✗ B. ₹4,646

✗ C. ₹3,646

✓ D. ₹2,646

Q.20 4 पेन और 3 नोटबुक का मूल्य ₹150 है। 5 नोटबुक का मूल्य, 6 पेन के मूल्य से ₹41 अधिक है। 3 पेन और 2 नोटबुक का मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. ₹110.50

✗ B. ₹109.00

✗ C. ₹104.00

✓ D. ₹105.50

Q.21 एक डीलर ₹600 प्रत्येक के मूल्य पर दो वस्तुएं X और Y खरीदता है। वह उनमें से प्रत्येक पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को 25% और 15% की दो क्रमिक छूट देकर बेचता है, और फिर भी ₹216 का लाभ अर्जित करता है। यदि वह Y को 46% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर मिलने वाला प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 14%

✗ B. 14.5%

✗ C. 15%

✓ D. 15.2%

Q.22 एक विद्यालय में छह विद्यार्थियों की लंबाइयां 160 cm, 175 cm, 142 cm, 136 cm, 148 cm और 182 cm हैं। उनकी लंबाइयों का माध्य (cm में) ज्ञात कीजिए (2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)।

Ans

✗ A. 147.57

✗ B. 152.55

✓ C. 157.17

✗ D. 160.47

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.23 दो पूरक कोणों के मापों का अंतर 24° है। बड़े कोण का माप ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 33°

✗ B. 43°

✗ C. 55°

✓ D. 57°

Q.24 एक थैली में ₹2, ₹5 और ₹10 के सिक्के 5 : 7 : 8 के अनुपात में हैं, जिनका कुल मूल्य ₹1250 है। थैली में ₹5 के सिक्कों की संख्या कितनी है?

Ans

✓ A. 70

✗ B. 84

✗ C. 78

✗ D. 91

Q.25 यदि a और b , समीकरण $x^2 + 3x - 4 = 0$ के मूल हैं, तो $\frac{1}{a} + \frac{1}{b} + ab$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{12}{5}$

✗ B. $-\frac{12}{5}$

✗ C. $\frac{13}{4}$

✓ D. $-\frac{13}{4}$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 किसी कक्षा के सभी 35 छात्र, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके खड़े हैं। राम, दाएं सिरे से 17वें स्थान पर खड़ा है, जबकि राकेश बाएं सिरे से 17वें स्थान पर खड़ा है। सोनू, राम और राकेश के ठीक बीच में खड़ा है। सोनू, बाएं सिरे से किस स्थान पर खड़ा है?

Ans

✗ A. 12वें

✗ B. 3रे

✓ C. 18वें

✗ D. 20वें

Q.27 छह मित्रों; A, L, V, P, Q और M में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। P की लंबाई, केवल चार अन्य मित्रों से अधिक है। V की लंबाई केवल एक मित्र से अधिक है। Q की लंबाई, M से अधिक लेकिन A से कम है। A की लंबाई सबसे अधिक नहीं है। सभी मित्रों में किसकी लंबाई सबसे कम है?

Ans

✗ A. Q

✗ B. L

✓ C. M

✗ D. P

Q.28 यदि ABDUCENT शब्द के सभी अक्षरों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans

✓ A. 2

✗ B. 3

✗ C. 5

✗ D. 6

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.29 शाम के समय ऋषभ ने सूर्य की ओर मुख करके चलना शुरू किया। कुछ समय बाद, उसकी मुलाकात उसके मित्र सुनील से हुई। उससे बात करने के बाद, ऋषभ दाईं ओर मुड़ गया। कुछ देर चलने के बाद, वह अगले चौराहे से बाएं मुड़ा, और अंत में पुनः अपनी बाईं ओर मुड़ा। ऋषभ अब किस दिशा में चल रहा है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

Ans

✗ A. पूर्व

✗ B. पश्चिम

✗ C. उत्तर

✓ D. दक्षिण

Q.30 छह दोस्तों P, Q, R, S, T और U में सभी की लंबाई अलग-अलग है। P केवल एक दोस्त से लंबा है। S केवल तीन अन्य दोस्तों से लंबा है। R, P से लंबा है लेकिन Q से छोटा है। U, Q से लंबा है। सभी दोस्तों में सबसे छोटा कौन है?

Ans

✗ A. R

✓ B. T

✗ C. U

✗ D. Q

Q.31 एक निश्चित कूट भाषा में, 'ADOPT' को 'CGSUZ' लिखा जाता है और 'AGAIN' को 'CJENT' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'BOOST' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. DRSZX

✗ B. DRSXX

✓ C. DRSXZ

✗ D. DRXZS

Q.32 यदि संख्या 2965413 के प्रत्येक विषम अंक से 1 घटाया जाता है, और प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों का औसत क्या होगा?

Ans


✗ A. 8

✗ B. 6

✓ C. 4

✗ D. 2

Q.33 निम्नांकित बार चार्ट दिए गए छह वर्षों की अवधि में गेहूं के उत्पादन के आंकड़ों को दर्शाता है। बार चार्ट का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



संदर्भ: [production of wheat (in 1000 tonnes) over the years-दिए गए वर्षों के दौरान गेंहूं का उत्पादन (1000 टन में), years-वर्ष]

पिछले वर्ष की तुलना में, किस वर्ष उत्पादन में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है?

Ans

✗ A. 2018

✗ B. 2019

✓ C. 2020

✗ D. 2021

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.34 A, B, C, D और E, एक ही इमारत की पांच अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 5 है।

B, किसी सम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है लेकिन मंजिल क्रमांक 4 पर नहीं रहता। A और E के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। D, A के ठीक नीचे वाली पर मंजिल रहता है। मंजिल क्रमांक 5 पर कौन रहता है?

Ans

✗ A. A

✓ B. C

✗ C. D

✗ D. B

Q.35 यदि,
@ का अर्थ 'से गुणा',
% का अर्थ 'से घटाना',
$ का अर्थ 'में जोड़ना', और,
& का अर्थ 'से भाग देना' है,
तो 28 & 7 @ 8 % 6 $ 4 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 31

✓ B. 30

✗ C. 32

✗ D. 33

Q.36 भीम अपने घर से पश्चिम की ओर 5 m चलता है, फिर वह बाएं मुड़ता है, और 50 m चलता है, फिर वह दाएं मुड़कर 30 m चलकर अपने स्कूल पहुंच जाता है। उसका स्कूल उसके घर से किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

Ans

✗ A. दक्षिण-पूर्व

✓ B. दक्षिण-पश्चिम

✗ C. उत्तर-पूर्व

✗ D. उत्तर

Q.37 A, B, C, D, E, F, G और H, एक वर्गाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से कुछ व्यक्ति कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ मेज की भुजाओं के मध्य में बैठे हैं। D, E के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, किसी एक कोने पर बैठा है। H, किसी भी कोने पर नहीं बैठा है। G, H के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। H, D के ठीक बगल में नहीं बैठा है। B और A के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B, F के ठीक बगल में बैठा है। B, किसी भी भुजा के मध्य में नहीं बैठा है।
G के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans

✓ A. C

✗ B. B

✗ C. H

✗ D. D

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.38 यदि संख्या 6472311 के प्रत्येक विषम अंक से 1 घटाया जाता है, और प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
- ✔ A. 6
- ✘ B. 7
- ✘ C. 8
- ✘ D. 9

Q.39 उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्न श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

19, 26, 40, 61, 89,?

Ans
- ✘ A. 125
- ✔ B. 124
- ✘ C. 130
- ✘ D. 126

Q.40 एक कूट भाषा में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है।

संख्या/प्रतीक	1	!	2	@	3	#	4	$	5	%	6	^	7	&	8	*	9
कूट	T	D	C	R	G	B	Y	H	N	J	P	L	Q	S	D	F	Z

शर्तें:
I. यदि पहला घटक एक सम संख्या है, और अंतिम घटक एक विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को K के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
II. यदि दूसरे और तीसरे दोनों घटक, सम संख्याएं हैं, तो इन दोनों के कूटों को परस्पर बदला जाना चाहिए।
III. यदि पहला घटक एक संख्या है, और अंतिम घटक एक प्रतीक है, तो प्रतीक के लिए भी संख्या के कूट का उपयोग किया जाना चाहिए।

6$8^&3 का कूट क्या होगा?

Ans
- ✘ A. KHDLSG
- ✘ B. PHDLSG
- ✔ C. KHDLSK
- ✘ D. GHDLSP

Q.41 तीन कथनों के बाद, तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे वास्तविक जगत की जानकारी के अनुरूप न हों, तय कीजिए कि कथनों के आधार पर दिए गए निष्कर्ष/संभावनाओं में से कौन से सत्य हो सकते हैं।

कथन:
1. कुछ पर्वत, पहाड़ियां हैं।
2. कुछ पहाड़ियां, चट्टान हैं।
3. सभी चट्टान, काली हैं।


निष्कर्ष:
I. कुछ काली, पहाड़ियां हैं।
II. सभी पहाड़ियों के पर्वत होने की संभावना है।
III. कुछ चट्टान, पर्वत नहीं हैं।

Ans
- ✘ A. केवल निष्कर्ष I सत्य है।
- ✘ B. केवल निष्कर्ष II सत्य है।
- ✘ C. केवल निष्कर्ष III सत्य है।
- ✔ D. केवल निष्कर्ष I और II सत्य हैं।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.42 दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। आरेख बच्चों के पसंदीदा चैनलों को निरूपित करता है।



केवल डिस्कवरी टीवी (Discovery TV) पसंद करने वाले बच्चों और तीनों चैनल पसंद करने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 123/59
- ✗ B. 59/536
- ✓ C. 536/59
- ✗ D. 59/123

Q.43 शब्द 'CONFIRM' के सभी अक्षरों को वर्णानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए शब्द में बाएं से चौथे अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 4

Q.44 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

4 : 6 :: 8 : 14 :: 16 : ?

Ans
- ✗ A. 20
- ✗ B. 22
- ✓ C. 30
- ✗ D. 18

Q.45 उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

44, 50, 45, 49, 46, 48, ?

Ans
- ✗ A. 50
- ✗ B. 46
- ✗ C. 49
- ✓ D. 47

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.46 आठ व्यक्ति P, Q, R, S, T, U, V और W एक आयताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार मेज के चारों कोनों पर हैं जबकि अन्य चार मेज की प्रत्येक भुजा के ठीक मध्य में बैठे हैं। इन 8 व्यक्तियों में से, 3 महिलाएं हैं, जो एक दूसरे के ठीक बगल में नहीं बैठी हुई हैं। U, जोकि एक महिला है, V और W दोनों के ठीक बगल में बैठी हुई है। Q, S और V दोनों के ठीक बगल में है। R, जोकि एक महिला है, Q के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। V,जोकि एक पुरुष है, T, जोकि एक महिला है, के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P के बाईं ओर से गणना करने पर P और V के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हुए हैं?

Ans

✗ A. एक

✗ B. दो

✓ C. तीन

✗ D. चार

Q.47 निम्न में से कौन-सा पद दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है?

21UDA, 18BKH, 15IRO, 12PYV,?

Ans

✓ A. 9WFC

✗ B. 7FCW

✗ C. 7WFC

✗ D. 9FCW

Q.48 निम्न संख्या शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

7 2 9 6 3 8 3 8 7 7 3 2 7 3 2 2 1 3 3 9 9 7 4 9 9 0 9

दी गई शृंखला में 7 की पुनरावृत्ति और 9 की पुनरावृत्ति का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 7


✓ B. 11

✗ C. 14

✗ D. 5

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.49 दिया गया बार चार्ट वर्ष 2014, 2015, 2016, 2018, 2020 और 2021 में एक कंपनी द्वारा बेचे गए रंगीन प्रिंटरों की संख्या को दर्शाता है। दिए गए बार चार्ट का अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



[संदर्भ : The Number of Coloured Printers sold (in Thousands) by a company -एक कंपनी द्वारा बेचे गए रंगीन प्रिंटरों की संख्या (हजार में), Years - वर्ष, Number of Coloured Printers sold by a company (in Thousands)-बेचे गए रंगीन प्रिंटरों की संख्या (हजार में)]

2015 में बेचे गए रंगीन प्रिंटरों की संख्या, 2021 में बेचे गए रंगीन प्रिंटरों की संख्या के लगभग कितने प्रतिशत के बराबर है?

Ans
- ✗ A. 55%
- ✗ B. 42%
- ✗ C. 45%
- ✓ D. 50%

Q.50 Q, W, E, R, T और Y एक ही इमारत की सात अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं, जिसमें एक मंजिल खाली है। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 7 है। T, सातवीं मंजिल पर रहता है, और W पहली मंजिल पर रहता है। केवल Y, R और W के बीच में रहता है, तथा R और W के बीच की कोई भी मंजिल खाली नहीं है। 5वीं मंजिल पर E रहता है। केवल Q, T और E के बीच में रहता है। कौन सी मंजिल खाली है?

Ans
- ✗ A. 6
- ✓ B. 4
- ✗ C. 3
- ✗ D. 2

Q.51 यदि 3 जनवरी 2006 को मंगलवार है, तो 15 जून 2010 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?

Ans
- ✗ A. बुधवार
- ✗ B. गुरुवार
- ✓ C. मंगलवार
- ✗ D. रविवार

Q.52 PF 13 और MC 20 के बीच एक निश्चित संबंध है। LR 19 और IO 26 के बीच भी वही संबंध है। समान तर्क के आधार पर, XJ 25 निम्न में से किससे संबंधित होगा?

Ans
- ✓ A. UG 32
- ✗ B. GU 32
- ✗ C. UG 33
- ✗ D. VG 32

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.53 तीन कथनों के बाद, तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे वास्तविक जगत की जानकारी के अनुरूप न हों, तय कीजिए कि कथनों के आधार पर दिए गए निष्कर्ष/संभावनाओं में से कौन से सत्य हो सकते हैं।

कथन:

1. कुछ खेल, क्रिकेट हैं।
2. कुछ क्रिकेट, टेनिस हैं।
3. सभी टेनिस, गेंद हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ टेनिस, खेल हैं।

II. कुछ गेंद, खेल हैं।

III. कुछ गेंद, क्रिकेट हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I सत्य है।

✗ B. केवल निष्कर्ष II सत्य है।

✓ C. केवल निष्कर्ष III सत्य है।

✗ D. केवल निष्कर्ष I और II सत्य हैं।

Q.54 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

198 : 18 :: 253 : 23 :: 44 : ?

Ans

✗ A. 13

✓ B. 4

✗ C. 15

✗ D. 5

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.55 नीचे एक कथन और उसकी दो संभावित अंतर्निहित धारणाएं I और II दी गई हैं। जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनें।

कथन:

हालांकि, देश X में फैशन ब्रांड 'Pick2wear' बुरी तरह विफल रहा, लेकिन यह निश्चित रूप से देश T जैसे अधिक औसत उम्र वाले देश में भारी मुनाफा कमाएगा।

दिए गए कथन के आधार पर निम्नलिखित में से क्या माना जा सकता है?

I. देश X की तुलना में देश T में अधिक उम्र वाले लोगों का प्रतिशत अधिक है।

II. 'Pick2wear' आमतौर पर युवाओं की ड्रेसिंग पसंद के अनुरूप नहीं है।

Ans
✗ A. केवल I को माना जा सकता है
✗ B. केवल II को माना जा सकता है
✓ C. I और II दोनों को माना जा सकता है
✗ D. न तो I और न ही II को माना जा सकता है

Section : **General Science**

Q.56 श्याम-श्वेत (ब्लैक एंड व्हाइट) फ़ोटोग्राफी में निम्न में से किस लवण का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ A. KBr
✓ B. AgBr
✗ C. $AgNO_3$
✗ D. NaBr

Q.57 किसी वस्तु को एक 20 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 30 cm की दूरी पर रखा गया है। इसका प्रतिबिंब _____ की दूरी पर बनेगा, और _____ होगा।

Ans
✗ A. 12 cm, वास्तविक
✗ B. 12 cm, आभासी
✓ C. 60 cm, वास्तविक
✗ D. 60 cm, आभासी

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.58 वन्यजीवों की संख्या और प्रजातियों में कमी के क्या कारण हैं?

a. चमड़े और मांस की मांग

b. वनों की कटाई के परिणामस्वरूप भोजन और स्थान की कमी

c. जंतुओं को संरक्षित क्षेत्रों में रखना

d. आवासों के संरक्षण के लिए कानून बनाना और उनका समर्थन करना

e. बाढ़ और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएं

Ans

✗ A. केवल c

✗ B. केवल d

✓ C. a, b और e

✗ D. केवल c और d

Q.59 मानव परिसंचरण तंत्र में, सभी शिराएं रक्त को हृदय की ओर ले जाती हैं। फुफ्फुसीय शिरा और अन्य शिराओं में क्या अंतर है?

Ans

✓ A. फुफ्फुसीय शिरा ऑक्सीजन युक्त रक्त ले जाती है

✗ B. फुफ्फुसीय शिरा में रक्त का प्रवाह दाब के साथ होता है

✗ C. फुफ्फुसीय शिरा में एक छोटी अवकाशिका (lumen) होती है

✗ D. फुफ्फुसीय शिरा में कोई वाल्व नहीं होता है

Q.60 यदि P, F और C क्रमशः किसी अवतल दर्पण के ध्रुव, मुख्य फोकस और वक्रता-केंद्र को निरुपित करते हैं, तो PC _____के बराबर होगा।

Ans

✗ A. $(\frac{1}{4})$ PF

✗ B. $(\frac{1}{2})$ PF

✓ C. 2PF

✗ D. 4PF

Q.61 10 Ω और 20 Ω के दो प्रतिरोध A और B, 6 V की बैटरी के साथ श्रेणी क्रम में संयोजित हैं। यदि V_1 और V_2 क्रमशः A और B के सिरों पर विभवपात हैं, और I_1 और I_2 उनसे होकर प्रवाहित होने वाली धाराएं हैं, तो (V_1/V_2) और (I_1/I_2) क्रमशः _____हैं।

Ans

✗ A. $(\frac{1}{2})$ और $(\frac{1}{2})$

✗ B. 2 और 1

✓ C. $(\frac{1}{2})$ और 1

✗ D. 2 और $(\frac{1}{2})$

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.62 रासायनिक समीकरण को संतुलित करने की विधि क्या कहलाती है?

Ans
✗ A. मोलर विधि (molar method)
✗ B. तुल्यांक विधि (equivalent method)
✓ C. हिट एंड ट्रायल विधि (hit and trial method)
✗ D. रासायनिक विधि (chemical method)

Q.63 निम्न रासायनिक अभिक्रिया में कौन-सी रासायनिक जाति (chemical species) ऑक्सीकृत हो रही है?
$CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$

Ans
✗ A. CuO
✓ B. H_2
✗ C. H_2O
✗ D. Cu

Q.64 भोजन के संग्रहण के लिए जाइलम की कौन सी कोशिकाएं उत्तरदायी हैं?

Ans
✗ A. वाहिनिकी
✓ B. पैरेंकाइमा
✗ C. वाहिका
✗ D. जाइलम तंतु

Q.65 निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए:
i. जब मैंडेलीफ ने आवर्त सारणी पर अपना काम शुरू किया, तब तक 63 तत्व ज्ञात थे।
ii. मैंडेलीफ ने ऑक्सीजन और हाइड्रोजन वाले तत्वों द्वारा निर्मित यौगिकों पर ध्यान केंद्रित किया।
iii. मैंडेलीफ ने तत्वों के परमाणु क्रमांकों के बीच संबंध की जांच की।
iv. मैंडेलीफ ने तत्वों के भौतिक और रासायनिक गुणों के बीच संबंधों की जांच की।

Ans
✗ A. iv
✓ B. iii
✗ C. ii
✗ D. i

Q.66 एक कांच की पट्टी पर उसके अभिलंब के अनुदिश आपतित एक प्रकाश किरण का आपतन कोण कितना होता है?

Ans
✓ A. 0°
✗ B. 30°
✗ C. 45°
✗ D. 90°

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.67 गर्भनिरोधक उपकरणों के उपयोग के संबंध में निम्नलिखित में से एक के अलावा शेष सभी कथन सत्य हैं। गलत विकल्प का चयन कीजिए।

Ans

✗ A. इनका उपयोग प्राकृतिक प्रक्रिया जनन के विरुद्ध किया जाता है।

✗ B. इनका उपयोग गर्भावस्था को रोकने या उसमें देरी के लिए किया जाता है।

✓ C. इनका कोई अनुषंगी प्रभाव (साइड इफेक्ट) नहीं होता है।

✗ D. जनसंख्या की अनियंत्रित वृद्धि को रोकने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

Q.68 यदि एक ही पदार्थ के चार तार एक माला के मनकों की तरह जुड़े हुए हैं, तो इस माला का तुल्य प्रतिरोध _____।

Ans

✗ A. पूर्ववत ही रहेगा

✓ B. चार गुना हो जाएगा

✗ C. एक-चौथाई हो जाएगा

✗ D. दोगुना हो जाएगा

Q.69 एक विज्ञान की पुस्तक में A और B द्वारा नामांकित दो छड़ चुंबकों के चारों तरफ चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं को दर्शाया गया है। A में, छः रेखाएं इसके दक्षिणी ध्रुव में प्रवेश करती हैं, और B में, इसके उत्तरी ध्रुव से तीन रेखाएं निकलती हैं। A की सामर्थ्य, B की सामर्थ्य _____ होगी।

Ans

✗ A. के समान

✗ B. की चार गुनी

✓ C. की दोगुनी

✗ D. की आधी

Q.70 जलीय पादपों द्वारा उपापचयी अपशिष्ट _____ के माध्यम से उत्सर्जित होते हैं।

Ans

✓ A. विसरण

✗ B. परासरण

✗ C. सक्रिय परिवहन

✗ D. संचयन

Q.71 प्रत्येक श्वसन चक्र के दौरान, जब वायु अंदर ली जाती है, और बाहर निकाली जाती है, तो फेफड़ों में हमेशा कुछ मात्रा में वायु होती ही है, ताकि ऑक्सीजन को अवशोषित करने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वायु की इस मात्रा को क्या कहा जाता है?

Ans

✓ A. अवशिष्ट मात्रा (Residual volume)

✗ B. फुफ्फुसीय मात्रा (Pulmonary volume)

✗ C. वायुकोशीय मात्रा (Alveolar volume)

✗ D. श्वसन मात्रा (Breathing volume)

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.72 पीले बीजों वाले तद्रूप प्रजनन वाले एक लंबे मटर के पौधे का संकरण हरे बीजों वाले तद्रूप प्रजनन वाले बौने मटर के पौधे के साथ कराया जाता है। F1 पीढ़ी में, सभी पौधे लंबे थे। इस प्रयोग से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

Ans

✗ A. जनक पौधे विषमयुग्मजी थे।

✗ B. यह जीनों के स्वतंत्र अपव्यूहन को दर्शाता है।

✓ C. लंबापन, बौनेपन पर प्रभावी/हावी था।

✗ D. एक जनक पौधा समयुग्मजी था, और दूसरा विषमयुग्मजी था।

Q.73 नीचे दिए गए जीवों में से, शीर्ष शिकारी का चयन कीजिए।

Ans

✗ A. चूहा

✗ B. टिड्डा

✗ C. अजगर

✓ D. गरुड़

Q.74 8 Ω, 12 Ω और 24 Ω के तीन प्रतिरोध समानांतर क्रम में संयोजित हैं। इस संयोजन का प्रतिरोध _____ होगा।

Ans

✓ A. 4 Ω

✗ B. 4.8 Ω

✗ C. 8 Ω

✗ D. 44 Ω

Q.75 किसी वस्तु को एक 15 cm फोकस दूरी वाले अवतल लेंस के मुख्य अक्ष पर 30 cm की दूरी पर रखा गया है। इसका प्रतिबिंब _____ की दूरी पर बनेगा।

Ans

✓ A. 10 cm

✗ B. 15 cm

✗ C. 20 cm

✗ D. 30 cm

Q.76 फ्लेमिंग के दाएं हाथ के नियम का उपयोग किसकी दिशा ज्ञात करने के लिए किया जाता है?

Ans

✗ A. विद्युत क्षेत्र

✗ B. बल

✗ C. विभव

✓ D. प्रेरित धारा

Blackbook

संस्थानों U, T, P और Q से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की कुल संख्या, संस्थानों S और R से उत्तीर्ण हुए कुल विद्यार्थियों की संख्या से कितनी अधिक है?

Ans
- ✗ A. 234
- ✓ B. 235
- ✗ C. 265
- ✗ D. 225

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.41 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका सातवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है, और छठी संख्या का पांचवीं संख्या से है।

6: 36 :: 13 : 169 :: 17 : 289 :: 23 : ?

Ans

✗ A. 578

✗ B. 533

✗ C. 521

✓ D. 529

Q.42 यदि संख्या 5613742678 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है, और प्रत्येक सम अंक से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans

✗ A. 8

✗ B. 9

✓ C. 10

✗ D. 11

Q.43 यदि '+' का अर्थ '-' है, '-' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?
$38 \div 10 \times 5 - 7 + 10 \times 2 = ?$

Ans

✓ A. 47

✗ B. 45

✗ C. 48

✗ D. 50

Q.44 पांच विद्यार्थी एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हुए हैं। A और B क्रमशः पंक्ति के बाएं और दाएं सिरों पर बैठे हैं। D, B के ठीक बगल में बैठा है। C, D के ठीक बगल में और A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E, A के ठीक बगल में बैठा है। दाएं सिरे से तीसरे स्थान पर निम्नलिखित में से कौन बैठा है?

Ans

✗ A. E

✓ B. C

✗ C. D

✗ D. B

Q.45 तीन कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

कुछ पाउच, कंघी हैं।

सभी कंघी, लाल हैं।

सभी लाल, छड़ी हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ पाउच, छड़ी हैं।
II. सभी कंघी, छड़ी हैं।
III. कुछ लाल, कंघी हैं।
IV. कुछ छड़ी, पाउच हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I, II और III पालन करते हैं।

✗ B. केवल निष्कर्ष II, III और IV पालन करते हैं।

✗ C. केवल निष्कर्ष I, III और IV पालन करते हैं।

✓ D. सभी निष्कर्ष पालन करते हैं।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.46 100 विद्यार्थियों की एक कक्षा में 24 विद्यार्थी शर्मिष्ठा से अधिक अंक प्राप्त करते हैं, जबकि 18 विद्यार्थी अमित से कम अंक प्राप्त करते हैं। कितने विद्यार्थी शर्मिष्ठा से कम, लेकिन अमित से अधिक अंक प्राप्त करते हैं?

Ans

✗ A. 54

✗ B. 55

✓ C. 56

✗ D. 57

Q.47 अजय, पूर्व दिशा में ड्राइव करता है और 2.5 km की दूरी तय करता है और फिर बाईं दिशा में मुड़ता है और 3 km की दूरी तय करता है। आगे, वह दाईं ओर मुड़ता है और 4.5 km की दूरी तय करता है। अंत में, वह अपनी दाईं ओर मुड़ता है और 3 km की दूरी तय करता है। वह आरंभ बिंदु से कितनी दूर है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

Ans

✗ A. 5 km

✗ B. 6 km

✓ C. 7 km

✗ D. 8 km

Q.48 FLOWER शब्द में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके अगले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके पूर्ववर्ती अक्षर से बदल दिया जाता है। यदि इस प्रकार बने प्रत्येक अक्षर को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो कौन सा अक्षर दाईं ओर से दूसरे स्थान पर होगा?

Ans

✗ A. K

✗ B. P

✓ C. Q

✗ D. E

Q.49 तीन कथन और उनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से, तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:
सभी लताएं, सब्जियां हैं।
सभी सब्जियां, फल हैं।
कुछ फल, फूल हैं।

निष्कर्ष:
I. कुछ लताएं, फूल हैं।
II. कुछ फल, लताएं हैं।
III. सभी सब्जियां, फूल हैं।

Ans

✓ A. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं

✗ B. केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं

✗ C. केवल निष्कर्ष II और III पालन करते हैं

✗ D. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

Q.50 छह दोस्तों P, Q, R, S, T और U में सभी की लंबाई अलग-अलग है। S केवल दो अन्य दोस्तों से लंबा है। R केवल एक दोस्त से छोटा है। P, S से छोटा है लेकिन Q से लंबा है। T, U से छोटा है। सभी दोस्तों में सबसे छोटा कौन है?

Ans

✗ A. P

✗ B. T

✓ C. Q

✗ D. R

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.51 निम्न अक्षर, प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) D # Y * C $ O A T U @ I & E % N F P % & L # Z (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले और ठीक बाद में एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.52 एक पंक्ति में मनीष आगे से 18वें स्थान पर है, और अमन पीछे से 12वें स्थान पर है, और उनके बीच 8 व्यक्ति हैं। यदि पंक्ति में अमन, मनीष के पीछे किसी स्थान पर खड़ा है, तो पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✗ A. 37
- ✓ B. 38
- ✗ C. 39
- ✗ D. 40

Q.53 उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।
2, 3, 4, 4, 6, 8, 6, 9, 12, 8, 12, 16, ?

Ans
- ✗ A. 12
- ✓ B. 10
- ✗ C. 15
- ✗ D. 20

Q.54 REPUBLICAN शब्द में (अग्र और पश्च दोनों दिशाओं में) अक्षरों के ऐसे कितने युग्म हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में हैं?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 4
- ✗ C. 5
- ✗ D. 6

Note: For this question, discrepancy is found in question/answer. So, This question is ignored for all candidates.

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.55 इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का पालन करने वाले कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है।

संख्या/ प्रतीक	2	@	9	5	$	&	3	%	#	7	+	4	8	6
कूट	T	F	A	J	L	E	W	Q	D	P	R	B	U	S

शर्तें:

(i) यदि पहला तत्व एक प्रतीक है और अंतिम तत्व एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम तत्व) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाएगा।

(ii) यदि पहला तत्व एक विषम संख्या है और अंतिम तत्व एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम दोनों तत्वों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों तत्व पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे तत्व को दूसरे तत्व के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

प्रश्न: + # 7 & 6 का कूट क्या होगा?

Ans

✔ A. SDPER

✘ B. RDPRS

✘ C. PERDS

✘ D. DEPSR

Section : **General Science**

Q.56 बेकिंग पाउडर को गर्म करने पर इनमें से कौन से पदार्थ बनते हैं?

Ans

✘ A. कार्बन मोनोऑक्साइड, और टार्टरिक अम्ल का सोडियम लवण बनता है।

✔ B. कार्बन डाईऑक्साइड और सोडियम कार्बोनेट बनता है।

✘ C. कार्बन डाईऑक्साइड, और टार्टरिक अम्ल का सोडियम लवण बनता है।

✘ D. कार्बन मोनोऑक्साइड और सोडियम कार्बोनेट बनता है।

Q.57 DC जेनरेटर और AC जेनरेटर के बीच सर्वाधिक अनिवार्य अंतर क्या है?

Ans

✘ A. उच्च वोल्टेज केवल DC जेनरेटर द्वारा उत्पन्न किए जाते हैं

✘ B. उच्च वोल्टेज केवल AC जेनरेटर द्वारा उत्पन्न किए जाते हैं

✔ C. DC जेनरेटर में कम्यूटेटर का उपयोग किया जाता है, और AC जेनरेटर में स्लिप रिंग का उपयोग किया जाता है

✘ D. DC जेनरेटर में स्थायी चुंबक होता है, और AC जेनरेटर में वैद्युतचुंबक होता है

Q.58 मान लीजिए कि किसी परिपथ में 220 V विद्युत आपूर्ति वाली लाइन पर कई विद्युत लैंपों का उपयोग किए जाने की आवश्यकता है, और बल्बों की रेटिंग 20 W निर्धारित है। यदि अधिकतम स्वीकार्य धारा 10 A है, तो 220 V लाइन के दोनों तारों के बीच एक दूसरे के समानांतर क्रम में संयोजित किए जा सकने वाले लैंपों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. 55

✔ B. 110

✘ C. 165

✘ D. 220

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.59 मान लीजिए कि दो परिपथ A और B हैं, जिनमें से प्रत्येक में छह प्रतिरोध हैं, और उनमें से प्रत्येक परिपथ का प्रतिरोध क्रमशः R_A और R_B है। प्रत्येक परिपथ में, प्रतिरोधों को इस प्रकार संयोजित किया गया है कि प्रत्येक परिपथ का निवल प्रतिरोध (net resistance) न्यूनतम हो। अब नगण्य आंतरिक प्रतिरोध वाली 20 V की एक बैटरी को अलग-अलग, प्रत्येक परिपथ में जोड़ने पर परिपथ A और परिपथ B द्वारा कर्षित धाराएं क्रमशः 6 A और 8 A हैं। R_A और R_B के मान क्या होंगे?

Ans

✗ A. $R_A = 15\ \Omega$ और $R_B = 20\ \Omega$

✓ B. $R_A = 20\ \Omega$ और $R_B = 15\ \Omega$

✗ C. $R_A = 30\ \Omega$ और $R_B = 15\ \Omega$

✗ D. $R_A = 15\ \Omega$ और $R_B = 30\ \Omega$

Q.60 जब किसी जलीय विलयन में पाए जाने वाले एक अभिकारक के धनायन और दूसरे अभिकारक के ऋणायन, संयोजित होकर _____ का निर्माण करते हैं, तब अवक्षेपण अभिक्रिया होती है।

Ans

✗ A. एक विलेय अम्ल

✗ B. एक विलेय आयनिक ठोस

✗ C. एक अविलेय अम्ल

✓ D. एक अविलेय आयनिक ठोस

Q.61 एचआईवी-एड्स (HIV-AIDS) विषाणु का संक्रमण _____ नहीं हो सकता है।

Ans

✓ A. हाथ मिलाने से

✗ B. रक्त आधान से

✗ C. यौन संपर्क से

✗ D. स्तनपान से

Q.62 सोडियम क्लोराइड के जलीय विलयन के वैद्युत अपघटन के दौरान क्रमशः एनोड और कैथोड पर निम्न में से कौन सी गैसें उत्पन्न होती हैं?

Ans

✗ A. एनोड पर H_2 गैस, और कैथोड पर Cl_2 गैस

✓ B. एनोड पर Cl_2 गैस, और कैथोड पर H_2 गैस

✗ C. एनोड पर H_2 गैस, और कैथोड पर O_2 गैस

✗ D. एनोड पर O_2 गैस, और कैथोड पर H_2 गैस

Q.63 जब किसी वस्तु को एक उत्तल दर्पण के सामने 21 cm की दूरी पर स्थित एक बिंदु पर रखा जाता है, तो इसका प्रतिबिंब दर्पण के पीछे 7 cm की दूरी पर बनता है। अब, कोई व्यक्ति वस्तु को खिसकाकर दर्पण के सामने 14 cm की दूरी पर ले जाता है। अब दर्पण से प्रतिबिंब की दूरी (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. $+6$

✗ B. -6

✗ C. -3

✗ D. $+3$

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.64 निम्नलिखित में से कौन से कोशिकांग केवल पादपों में पाए जाते हैं?

Ans
✗ A. माइटोकॉन्ड्रिया
✓ B. लवक (Plastids)
✗ C. रसधानी (Vacuoles)
✗ D. लाइसोसोम

Q.65 $6CO_2(aq) + 12H_2O(l) \xrightarrow{?} C_6H_{12}O_6(aq) + 6O_2(aq) + 6H_2O(l)$

दी गई अभिक्रिया के लिए सही अभिक्रिया परिस्थितियों का चयन करें।

Ans
✓ A. सूर्य-प्रकाश और क्लोरोफिल
✗ B. उच्च दाब
✗ C. उच्च तापमान
✗ D. अक्रिय वातावरण

Q.66 आधुनिक आवर्त सारणी में, किसी समूह में नीचे की ओर जाने पर परमाणु आकार बढ़ता है क्योंकि:

Ans
✓ A. कोश की संख्या बढ़ जाती है।
✗ B. संयोजकता बढ़ जाती है।
✗ C. इलेक्ट्रॉनों को खोने की प्रवृत्ति घट जाती है।
✗ D. नाभिकीय आवेश बढ़ जाता है।

Q.67 आवर्धन का मात्रक क्या है?

Ans
✗ A. डायोप्टर
✗ B. cm
✗ C. न्यूटन
✓ D. इसका कोई मात्रक नहीं है

Q.68 सिल्वर नाइट्रेट के जलीय विलयन को सोडियम क्लोराइड विलयन में मिलाए जाने पर क्या होता है?

Ans
✗ A. सिल्वर क्लोराइड का भूरा अवक्षेप उत्पन्न होता है।
✗ B. सिल्वर क्लोराइड का पीला अवक्षेप उत्पन्न होता है।
✓ C. सिल्वर क्लोराइड का सफ़ेद अवक्षेप उत्पन्न होता है।
✗ D. सिल्वर क्लोराइड का कोई अवक्षेप उत्पन्न नहीं होता है।


Q.69 संतृप्त कार्बन यौगिक में सामान्यतः _____।

Ans
✗ A. असंतृप्त यौगिकों की तुलना में कम स्थिरता होती है
✓ B. असंतृप्त यौगिकों की तुलना में कम अभिक्रियाशीलता होती है
✗ C. स्थिरवैद्युत (इलेक्ट्रोस्टैटिक) आकर्षण बल होता है
✗ D. कार्बन परमाणुओं के बीच द्विआबंध होता है

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.70 निम्नांकित आकृति मानव के वृक्काणु (nephron) को दर्शाती है। कौन सा भाग संग्रह नलिका है?



Ans

✔ A. क्षेत्र a

✘ B. क्षेत्र b

✘ C. क्षेत्र c

✘ D. क्षेत्र d

Q.71 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' जैसे कई समूह बड़े बांधों के निर्माण का विरोध करते हैं। किसी बड़े बांध के निर्माण का वह नकारात्मक सामाजिक प्रभाव क्या है, जिसका ऐसे समूह विरोध करते हैं?

Ans

✘ A. बांधों से मिलने वाले लाभों के लिए लोगों को कई वर्षों (दशकों) तक इंतजार करना पड़ता है।

✘ B. यह अनुप्रवाह क्षेत्र में आकस्मिक बाढ़ आने का कारण बनता है।

✔ C. इसकी वजह से लोगों को प्रतिप्रवाही जलाशय क्षेत्र (upstream reservoir area) में विस्थापित किया जाता है।

✘ D. यह विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच संघर्ष का कारण बन जाता है।

Q.72 'त्रिक' शब्द का प्रयोग किसके द्वारा किया गया था?

Ans

✘ A. मेंडलीफ

✔ B. जोहान वोल्फगैंग डॉबेराइनर

✘ C. जॉन न्यूलैंड्स

✘ D. हेनरी मोजले

Q.73 निम्न में से कौन सा, उपयुक्त परिस्थितियों में नवोद्भिद् (seedling) के रूप में विकसित होता है?

Ans

✘ A. बीजपत्र (Cotyledons)

✘ B. भ्रूणपोष (Endosperm)

✘ C. बीजावरण (Seed coat)

✔ D. भ्रूण (Embryo)

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.74 निम्न में से कौन सा बांध गंगा नदी पर बनाया गया था?

Ans

✔ A. टिहरी बांध

✘ B. रिहंद बांध

✘ C. कोयना बांध

✘ D. चमेरा बांध

Q.75 उस प्रक्रिया का नाम बताइए, जिसके द्वारा कोशिका झिल्ली के आर-पार गैसीय विनिमय होता है।

Ans

✔ A. विसरण

✘ B. परासरण

✘ C. अंतः कोशिकता

✘ D. अवशोषण

Q.76 आकाश नीला क्यों दिखाई देता है?

Ans

✘ A. उच्च तरंगदैर्ध्य के प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण

✔ B. निम्न तरंगदैर्ध्य के प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण

✘ C. उच्च तरंगदैर्ध्य के प्रकाश के वर्ण-विक्षेपण के कारण

✘ D. निम्न तरंगदैर्ध्य के प्रकाश के वर्ण-विक्षेपण के कारण

Q.77 एक 4 cm ऊंची सुई को 30 cm फोकस दूरी वाले अवतल लेंस के सामने 45 cm की दूरी पर रखा जाता है। सुई के प्रतिबिंब की ऊंचाई कितनी होगी?

Ans

✔ A. 1.6 cm

✘ B. 1.9 cm

✘ C. 2.2 cm

✘ D. 2.5 cm

Q.78 10 Ω वाले प्रतिरोध में 5 मिनट तक 5 A की धारा प्रवाहित करने पर उत्पन्न ऊष्मीय ऊर्जा का मान क्या होगा?

Ans

✘ A. 7.5×10^3 J

✔ B. 7.5×10^4 J

✘ C. 7.5×10^5 J

✘ D. 7.5×10^6 J

Q.79 अस्थि कोशिकाएं एक कठोर आधात्री में अंतःस्थापित होती हैं, जो _____ से बनी होती है।

Ans

✘ A. फॉस्फोरस और पोटैशियम

✘ B. पोटैशियम और कैल्शियम

✘ C. फ्लोराइड और कैल्शियम

✔ D. कैल्शियम और फॉस्फोरस

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.80 15 Ω प्रतिरोध वाली कुंडली A और 5 Ω प्रतिरोध वाली कुंडली B को समय के साथ परिवर्तनशील चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव में रखे जाने पर, इन कुंडलियों में प्रेरित धारा _____ होगी।

Ans

✗ A. समान

✓ B. भिन्न

✗ C. 1 : 2 के अनुपात में

✗ D. 1 : 1 के अनुपात में

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 निम्न में से कौन सा कार्य स्थानीय निकायों के क्षेत्राधिकार (jurisdiction) के अंतर्गत नहीं आता है?

Ans

✗ A. जन स्वास्थ्य

✗ B. स्वच्छता

✗ C. जन्म और मृत्यु का पंजीकरण

✓ D. कानून एवं व्यवस्था

Q.82 'सोलंग (Solung)' उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?

Ans

✓ A. अरुणाचल प्रदेश

✗ B. उत्तर प्रदेश

✗ C. मध्य प्रदेश

✗ D. हिमाचल प्रदेश

Q.83 निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी को 2022 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

Ans

✗ A. अवनि लेखरा

✗ B. सुमित अंतिल

✗ C. प्रमोद भगत

✓ D. देवेंद्र झाझरिया

Q.84 पीवी सिंधु ने 27 मार्च 2022 को बासेल में आयोजित स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में किसे हराकर महिला एकल खिताब जीता था?

Ans

✗ A. चेन यू फी

✓ B. बुसानन ओंगबामरुंगफान

✗ C. क्रिस्टी गिल्मर

✗ D. मिशेल ली

Q.85 _____, भारत का अग्रणी मैंगनीज अयस्क उत्पादक राज्य है, और 2018-19 में कुल उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 33% थी।

Ans

✗ A. ओडिशा

✗ B. महाराष्ट्र

✗ C. कर्नाटक

✓ D. मध्य प्रदेश

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.86 अर्थशास्त्र में, निम्नलिखित में से कौन सा वक्र 'उलटे U के आकार' का होता है?

Ans

✗ A. औसत परिवर्तनीय लागत वक्र

✗ B. अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र

✗ C. दीर्घकालीन औसत लागत वक्र

✓ D. सीमांत उत्पाद वक्र

Q.87 किस समाज सुधारक ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी?

Ans

✗ A. नारायण गुरु

✗ B. दयानंद सरस्वती

✗ C. केशव चंद्र सेन

✓ D. ज्योतिराव फुले

Q.88 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 123 निम्न में से किसे अध्यादेश अधिनियमित करने की शक्ति प्रदान करता है?

Ans

✓ A. राष्ट्रपति

✗ B. प्रधानमंत्री

✗ C. उपराष्ट्रपति

✗ D. लोकसभा अध्यक्ष

Q.89 जनवरी 2021 में, _____ को भारतीय मूल्य प्रणाली पर आधारित ऐसे अभिनव खिलौनों की संकल्पना हेतु लॉन्च किया गया था, जो बच्चों में सकारात्मक व्यवहार और अच्छे मूल्य अंतर्वेशित करेंगे।

Ans

✗ A. स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (Smart India Hackathon)

✗ B. कोड ग्लेडियेटर्स (Code Gladiators)

✓ C. टॉयकैथॉन (Toycathon)

✗ D. ग्रेट इंडियन एलेक्सा हैकाथॉन (Great Indian Alexa Hackathon)

Q.90 भारत में अवसंरचनात्मक विकास के मामले में, नीचे दिए गए विकल्पों में से किसे, ब्रिटिश शासन का सबसे महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है?

Ans

✓ A. रेलमार्ग

✗ B. बंदरगाह

✗ C. वायुमार्ग

✗ D. राजमार्ग

Q.91 कोई फर्म समान उत्पाद के लिए अलग-अलग ग्राहकों से अलग-अलग कीमत वसूलती है, कीमत निर्धारण (pricing) की यह नीति क्या कहलाती है?

Ans

✗ A. टू पार्ट प्राइसिंग (Two Part Pricing)

✗ B. कीमत तंत्र (Price mechanism)

✓ C. कीमत विभेद (Price discrimination)

✗ D. कीमत लोच (Price elasticity)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.92 निम्न में से कौन-सी नदी यमुना की सहायक नदी नहीं है?

Ans
✗ A. चम्बल
✓ B. गंडक
✗ C. बेतवा
✗ D. केन

Q.93 क्राइस्ट चर्च, जिसे पूर्वोत्तर भारत का प्राचीनतम चर्च माना जाता है, किस पूर्वोत्तर शहर में स्थित है?

Ans
✗ A. आइजोल
✓ B. गुवाहाटी
✗ C. कोहिमा
✗ D. ईटानगर

Q.94 'तमिल यूनिवर्सिटी' तमिलनाडु में किस स्थान पर स्थित है?

Ans
✗ A. सेलम
✗ B. मदुरै
✗ C. इरोड
✓ D. तंजावुर

Q.95 भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के लिए आयु सीमा क्या है?

Ans
✗ A. 70 वर्ष
✓ B. 65 वर्ष
✗ C. 60 वर्ष
✗ D. 62 वर्ष

Q.96 मार्च 2022 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने माइक्रोफाइनेंस ऋणों के लिए पात्रता मानदंडों को _____ तक की वार्षिक आय वाले परिवारों तक विस्तारित कर दिया है।

Ans
✓ A. ₹3 लाख
✗ B. ₹3.25 लाख
✗ C. ₹4 लाख
✗ D. ₹3.5 लाख

Q.97 निम्नलिखित में से उन राज्यों की पहचान कीजिए, जो पूर्व-मानसूनी बौछार 'काल बैशाखी (Nor westers)' से संबंधित हैं।

Ans
✗ A. केरल और कर्नाटक
✓ B. पश्चिम बंगाल और असम
✗ C. राजस्थान और पंजाब
✗ D. गुजरात और महाराष्ट्र

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.98 2021-22 की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2021 तक कितने प्रतिशत लोगों ने अटल पेंशन योजना के तहत ₹1,000 की मासिक पेंशन का विकल्प चुना है?

Ans

✔ A. 78%

✘ B. 80%

✘ C. 85%

✘ D. 90%

Q.99 नीति आयोग के एस.डी.जी. (SDG) इंडिया इंडेक्स के तहत, कुल मिलाकर राज्य और केन्द्र - शासित प्रदेश के स्कोर, 16 एस.डी.जी. (SDG) पर उनके प्रदर्शन के आधार पर उप-राष्ट्रीय इकाई के समग्र प्रदर्शन को मापने के लिए गणना किए गए लक्ष्य-वार स्कोर में से निकाले जाते हैं। इस स्कोर के आधार पर राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन सी उनमें से एक श्रेणी नहीं है?

Ans

✘ A. प्रतियोगी (Aspirant)

✘ B. प्रदर्शन करने वाला (Performer)

✘ C. सबसे आगे चलने वाला (Front Runner)

✔ D. लक्ष्य पाने वाला (Excellent)

Q.100 प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) केंद्रों ने मार्च 2022 में अपने प्रोडक्ट बास्केट में न्यूट्रास्यूटिकल्स को शामिल किया। इनमें से कौन सा उत्पाद न्यूट्रास्यूटिकल्स के अंतर्गत शामिल नहीं है?

Ans

✘ A. प्रोटीन पाउडर

✘ B. इम्यूनिटी बार

✘ C. विटामिन सप्लीमेंट (Vitamin supplements)

✔ D. सूखे मेवे (Dry fruits)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर आर सी - ०१/२०१९ - CEN RRC - 01/2019

Test Date	20/09/2022
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	Level 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **Mathematics**

Q.1 शिंजन और आम्या की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 4 है। 10 वर्ष बाद यह अनुपात 5 : 6 हो जाएगा। आम्या की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 18
- ✗ B. 60
- ✓ C. 20
- ✗ D. 65

Q.2 आयत PQRS में, यदि m∠QPR = 26^0 हो, तो m∠SQR = _____होगा।

Ans
- ✗ A. 26°
- ✗ B. 52°
- ✓ C. 64°
- ✗ D. 74°

Q.3 बीना और नीना मिलकर प्रतिदिन 10 घंटे काम करके 8 दिनों में एक दर्जन स्वेटर बुनती हैं। यदि उन्हें यह काम 5 दिनों में पूरा करना है, तो उन्हें प्रतिदिन कितने घंटे काम करना होगा?

Ans
- ✓ A. 16
- ✗ B. 12
- ✗ C. 14
- ✗ D. 11

Q.4 पहले 46, 64, 87, 41, 58, 77, 35, 90, 55, 92 और 33 की माध्यिका ज्ञात कीजिए। फिर इन आंकड़ों में 92 को 99 से और 41 को 43 से प्रतिस्थापित करके नई माध्यिका ज्ञात कीजिए। अब पुरानी माध्यिका और नई माध्यिका का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 3
- ✗ C. 2
- ✓ D. 0

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**

Q.5 अरिंदम ने 20% की छूट पर ₹2,100 में एक कोट खरीदा, और फिर छूट प्राप्त मूल्य पर 5% की दर से जीएसटी का भुगतान किया। कोट का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. ₹2,490

✗ B. ₹2,520

✗ C. ₹2,480

✓ D. ₹2,500

Q.6 एक समबाहु त्रिभुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई 6 cm है। इसका क्षेत्रफल (cm^2 में) कितना होगा?

Ans

✗ A. 210

✗ B. $6\sqrt{3}$

✗ C. $21\sqrt{3}$

✓ D. $9\sqrt{3}$

Q.7 एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹7,200 है। इस पर 9% और 15% की दो क्रमिक छूटें दी जाती हैं। उस वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. ₹5,472.00

✗ B. ₹6,400.00

✓ C. ₹5,569.20

✗ D. ₹5,600.00

Q.8 मान लीजिए कि r वह सबसे बड़ी संख्या है, जिसे 41, 71 और 91 से विभाजित किए जाने पर प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल प्राप्त होता है। r और 45 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 45

✓ B. 90

✗ C. 10

✗ D. 75

Q.9 यदि $x = a\,sec^n\theta, y = b\,tan^n\theta$ है, तो _____ होगा।

Ans

✓ A. $\left(\frac{x}{a}\right)^{2/n} - \left(\frac{y}{b}\right)^{\frac{2}{n}} = 1$

✗ B. $\left(\frac{a}{x}\right)^{2/n} - \left(\frac{b}{y}\right)^{\frac{2}{n}} = 1$

✗ C. $\left(\frac{x}{a}\right)^{2/n} + \left(\frac{y}{b}\right)^{\frac{2}{n}} = 1$

✗ D. $\left(\frac{a}{x}\right)^{2/n} + \left(\frac{b}{y}\right)^{\frac{2}{n}} = 1$

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.10 $4x^2 - 1 = 0$ का धनात्मक मूल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 2

✗ B. $\frac{1}{4}$

✓ C. $\frac{1}{2}$

✗ D. 1

Q.11 निम्नांकित तालिका का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

तालिका, किसी परीक्षा में एक अभ्यर्थी द्वारा पांच विषयों में प्राप्त अंकों के प्रतिशत और विषयों को प्रदत्त भारांक दर्शाती है।

विषय	अंग्रेजी	हिंदी	गणित	सामाजिक अध्ययन	विज्ञान
प्रतिशत अंक	90	92	93	78	86
विषयों का वेटेज	2	2	3	1	2

भारित औसत तथा सभी विषयों के भारांक समान होने पर प्राप्त औसत के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 2%

✗ B. 1%

✓ C. 1.5%

✗ D. 0.5%

Q.12 यदि $\sqrt{21} = 4.58$ है, तो $\sqrt{\frac{7}{3}}$ का मान क्या है (3 दशमलव स्थान तक लिखें)?

Ans

✗ A. 1.520

✗ B. 1.521

✗ C. 1.523

✓ D. 1.527

Q.13 यदि परिमेय गुणांकों वाले एक द्विघात समीकरण का एक मूल $2 + \sqrt{3}$ हो, तो द्विघात समीकरण _____ होगा।

Ans

✗ A. $x^2 - 2 = 0$

✗ B. $x^2 = 2 - \sqrt{3}$

✓ C. $x^2 - 4x + 1 = 0$

✗ D. $x^2 + 4x - 1 = 0$

Q.14 यदि $(x + y + z) = 0$ और $x^2 + y^2 + z^2 = 36$ है, तो $xy + yz + zx$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 18

✗ B. -28

✗ C. -6

✓ D. -18

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.15 यदि $a+\frac{1}{a}=9$ है, तो $a^3+\frac{1}{a^3}$ का मान निम्नलिखित में से कितना होगा?

Ans

✗ A. 732

✓ B. 702

✗ C. 729

✗ D. 726

Q.16 वह छोटी से छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 217800 को गुणा करने पर प्राप्त गुणनफल एक पूर्ण वर्ग संख्या होगी।

Ans

✓ A. 2

✗ B. 3

✗ C. 4

✗ D. 5

Q.17 जब कोई व्यक्ति V_1 और V_2 km/h की चाल से समान दूरी तय करता है, तो उसकी औसत चाल 5 km/h है। लेकिन जब वह समान समयावधि में इन्हीं चालों से यात्रा करता है, तो उसकी औसत चाल 5.5 km/h होती है। दोनों चालों के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\sqrt{10}$ km/h

✗ B. 10 km/h

✗ C. 11 km/h

✓ D. $\sqrt{11}$ km/h

Q.18 $(x^{\frac{2}{3}}-x^{\frac{1}{3}}y^{\frac{1}{3}}+y^{\frac{2}{3}})(x^{\frac{1}{3}}+y^{\frac{1}{3}})$ का मान _____ होगा।

Ans

✗ A. $x-y$

✗ B. $\frac{1}{x}+\frac{1}{y}$

✓ C. $x+y$

✗ D. $\frac{1}{x}-\frac{1}{y}$

Q.19 ₹3,903 की राशि A और B के बीच इस प्रकार बांटी जाती है कि उनके हिस्सों पर 4% की वार्षिक ब्याज दर से चक्रवृद्धि ब्याज प्राप्त होने पर, 7 वर्षों के अंत में A को प्राप्त हिस्सा, 9 वर्षों के अंत में B के हिस्से के बराबर होता है। A के हिस्से की राशि कितनी थी?

Ans

✓ A. ₹2,028

✗ B. ₹1,875

✗ C. ₹1,828

✗ D. ₹2,075

Q.20 एक मैदान का आकार त्रिभुजाकार है। इसका क्षेत्रफल 25000 m^2 और आधार की लंबाई 500 m है। इसके दिए गए आधार के संगत इसकी ऊंचाई _____ m होगी।

Ans

✗ A. 50

✓ B. 100

✗ C. 175

✗ D. 200

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.21 एक व्यक्ति का मासिक वेतन ₹28,000 है और माह का व्यय, उसके वेतन का 92% है, तो माह के वेतन से उसकी शेष बचत राशि _____ होगी।

Ans

✗ A. ₹2,200

✓ B. ₹2,240

✗ C. ₹2,340

✗ D. ₹2,400

Q.22 वह सबसे छोटा धनात्मक भिन्न क्या है जिसे भिन्न $\frac{3}{5}\times\frac{16}{21}\times\frac{7}{10}\times\frac{3}{4}$ में जोड़ने पर एक पूर्णांक प्राप्त होगा?

Ans

✗ A. $\frac{20}{5}$

✗ B. $\frac{23}{2}$

✓ C. $\frac{19}{25}$

✗ D. $\frac{19}{16}$

Q.23 मोनू और सोनू की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 4 है। 5 वर्ष पूर्व की मोनू की आयु और 5 वर्ष बाद की सोनू की आयु का अनुपात 2 : 5 है। मोनू की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 15 वर्ष

✗ B. 20 वर्ष

✗ C. 18 वर्ष

✗ D. 66 वर्ष

Q.24 एक चतुर्भुज के तीन कोणों के माप 90°, 96° और 88° हैं। इसके चौथे कोण का माप_____ होगा।

Ans

✗ A. 82°

✓ B. 86°

✗ C. 88°

✗ D. 96°

Q.25 निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

1. एकल-अंक वाली अभाज्य संख्याएं केवल चार हैं।
2. अभाज्य संख्याओं की संख्या अगणनीय है।
3. किसी भी अभाज्य संख्या में केवल दो गुणनखंड होते हैं।
4. सभी अभाज्य संख्याएं विषम संख्याएं होती हैं।

Ans

✗ A. 1

✗ B. 2

✗ C. 3

✓ D. 4

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.26 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

81 : 49 :: 36 : 16 :: 64 :: ?

Ans

✗ A. 32

✓ B. 36

✗ C. 25

✗ D. 49

Q.27 निम्न संख्या शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

7 2 9 6 3 7 3 9 7 7 3 9 7 3 2 2 1 3 3 9 3 7 3 9 3 9

उपरोक्त शृंखला में ऐसे कितने 3 हैं, जिनके ठीक पहले 7 है और ठीक बाद 9 है?

Ans

✗ A. पांच

✗ B. दो

✓ C. तीन

✗ D. चार

Q.28 उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

ADJUST : BEKWUV :: BACKED : CBDMGF :: PACKUP : ?

Ans

✗ A. QBDMWQ

✗ B. QBDMWS

✓ C. QBDMWR

✗ D. QBDMVR

Q.29 तीन कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

सभी कार्पेट, स्कॉलर हैं।
सभी स्कॉलर, ट्रिप एडवाइजर हैं।
कोई हैट, ट्रिप एडवाइजर नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कोई ट्रिप एडवाइजर, स्कॉलर नहीं है।
II. सभी कार्पेट, ट्रिप एडवाइजर हैं।
III. कुछ ट्रिप एडवाइजर, स्कॉलर है।
IV. कोई कार्पेट, हैट नहीं है।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ B. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

✓ C. केवल निष्कर्ष II, III और IV पालन करते हैं।

✗ D. सभी निष्कर्ष पालन करते हैं।

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.30 अपने स्नातक दिवस पर, कक्षा I के कुछ विद्यार्थी एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। रुचि, प्रणवी के दाईं ओर नौवें स्थान पर बैठी है। प्रणवी के बाईं ओर कोई विद्यार्थी नहीं है। तान्या, रुचि के दाईं ओर पांचवें स्थान पर बैठी है। विपंची, तान्या के दाईं ओर सातवें स्थान पर बैठी है। यदि पंक्ति में कोई अन्य विद्यार्थी नहीं बैठा है, तो पंक्ति में कुल कितने विद्यार्थी बैठे हैं?

Ans

✗ A. 19

✗ B. 20

✗ C. 21

✓ D. 22

Q.31 एक ही विभाग के छह प्रोफेसरों - जयंत, किरन, लास्या, मैथिली, निश्चल और ओमप्रकाश में से प्रत्येक की कक्षाएं सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के शनिवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के छह अलग-अलग दिनों में होती हैं, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। मैथिली की कक्षा से पहले केवल दो प्रोफेसरों की कक्षाएं हैं। जयंत की कक्षा मंगलवार को है और ओमप्रकाश की कक्षा शनिवार को है। किरन की कक्षा के बाद केवल एक प्रोफेसर की कक्षा है। निश्चल की कक्षा किरन और मैथिली की कक्षाओं के बीच के किसी भी दिन नहीं है।

निम्न में से किसकी कक्षा सोमवार को है?

Ans

✗ A. किरन

✓ B. निश्चल

✗ C. मैथिली

✗ D. लास्या

Q.32 तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

सभी अंडे, बाजरा हैं।
सभी बाजरा, गुब्बारे हैं।
सभी गुब्बारे, कैदी हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी गुब्बारे, अंडे हैं।
II. कुछ कैदी, बाजरा हैं।
III. सभी कैदी, गुब्बारे हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ B. केवल निष्कर्ष III पालन करता है।

✓ C. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✗ D. सभी निष्कर्ष पालन करते हैं।

Q.33 यदि संख्या 5317846 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाता है, और प्रत्येक सम अंक से 1 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से दूसरे, और दाईं ओर से दूसरे स्थान पर मौजूद अंकों का योग कितना होगा?

Ans

✓ A. 8

✗ B. 10

✗ C. 11

✗ D. 12

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.34 एक कथन के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। बताएं कि कौन से निष्कर्ष दिए गए कथन के आधार पर सत्य हैं?

कथन: H > L ≥ M ≥ N > O ≤ P ≤ Q

निष्कर्ष:

I. L > P

II. M ≤ Q

Ans


✗ A. केवल निष्कर्ष I सत्य है।

✗ B. केवल निष्कर्ष II सत्य है।

✓ C. न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है।

✗ D. निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।

Q.35 निम्न पाई-चार्ट एक राज्य के बजट के व्यय के प्रतिशत वितरण को दर्शाता है। पाई-चार्ट का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।



संदर्भ: [A SATE BUDGET EXPENDITURE- एक राज्य का बजट व्यय, Railway-रेलवे, Defence-रक्षा, Health-स्वास्थ्य, Social Welfare-समाज कल्याण, Education-शिक्षा, Agriculture-कृषि]

कृषि व्यय का केंद्रीय कोण लगभग कितना होना चाहिए?

Ans

✗ A. 142°

✗ B. 152°

✓ C. 162°

✗ D. 172°

Q.36 रोहिणी उत्तर की ओर मुख करके एक सीधी सड़क पर 2 km चली। फिर वह दाईं ओर मुड़ी और 1 km चली। वह फिर से दाईं ओर मुड़ी और 2 km चली। अब उसका मुख किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

Ans

✗ A. उत्तर

✓ B. दक्षिण

✗ C. पूर्व

✗ D. पश्चिम

Q.37 यदि 'SCIENCE' शब्द में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, तो इस प्रकार बने नए शब्द में कौन सा अक्षर सबसे अधिक बार आएगा?

Ans

✗ A. T

✗ B. H

✗ C. O

✓ D. D

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.38 निम्न अक्षर शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) J B I S O E Z I L U B O P A R D I H O M A K O (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans
- ✔ A. आठ
- ✘ B. छह
- ✘ C. तीन
- ✘ D. चार

Q.39 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को समान क्रम में बाएं से दाएं की ओर नीचे दी गई अक्षर शृंखला के रिक्त स्थानों में भरने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

D _ B _ A _ C _ _ G F _ E _ _ H

Ans
- ✔ A. CABDHEFG
- ✘ B. BACDHEFG
- ✘ C. CABDEFGH
- ✘ D. BACDEFGH

Q.40 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(16, 64, 5)
(9, 27, 4)

Ans
- ✘ A. (11, 56, 7)
- ✘ B. (10, 50, 5)
- ✘ C. (13, 91, 10)
- ✔ D. (21, 126, 7)

Q.41 एक कथन और उसके बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। कथन और तर्कों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

कथन:

रीक्लेम्ड भूमि से बचा जाना चाहिए क्योंकि इससे केवल हानि ही होती है।

तर्क:

I. कई देशों के पास बढ़ती आबादी के लिए भूमि को रीक्लेम करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं है।


II.जिस भूमि को रीक्लेम किया जाता है उसका प्रकृति पर लंबे समय तक प्रभाव रहता है, क्योंकि यह पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को खराब करती है।

Ans
- ✔ A. I कथन का समर्थन नहीं करता, जबकि II कथन का समर्थन करता है
- ✘ B. II कथन का समर्थन नहीं करता, जबकि I कथन का समर्थन करता है
- ✘ C. I और II दोनों कथन का समर्थन नहीं करते हैं
- ✘ D. I और II दोनों कथन का समर्थन करते हैं

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.42 दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं। वृत्त 'अभिनेताओं' को निरूपित करता है, वर्ग 'निर्देशकों' को निरूपित करता है, और त्रिभुज 'निर्माताओं' को निरूपित करता है। ऐसे कितने अभिनेता हैं, जो निर्देशक हैं और निर्माता भी हैं?



Ans

✗ A. 1

✗ B. 2

✗ C. 3

✓ D. 4

Q.43 उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

14, 27, 40, 53, 66, 79, 92, ?

Ans

✓ A. 105

✗ B. 104

✗ C. 102

✗ D. 103

Q.44 छह विद्यार्थियों - पवन, विनय, रेशमा, सुनयना, तरुण और उन्मुक्त में से प्रत्येक की इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के शनिवार को समाप्त होने वाले एक सप्ताह के अलग-अलग दिनों में होनी है, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। रेशमा की परीक्षा मंगलवार को है। पवन और रेशमा के बीच केवल एक विद्यार्थी की परीक्षा है। विनय की परीक्षा, पवन के ठीक बाद वाले दिन है। उनमें से किसी की भी परीक्षा उन्मुक्त से पहले नहीं है। सुनयना की परीक्षा रेशमा के ठीक बाद वाले दिन है।

तरुण की परीक्षा किस दिन है?

Ans

✗ A. शुक्रवार

✓ B. शनिवार

✗ C. बुधवार

✗ D. गुरुवार

Q.45 MAJESTY शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके बाद आने वाले अक्षर और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके पहले आने वाले अक्षर से बदलने पर बनने वाले अक्षर-समूह के अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित करने पर बाईं ओर से तीसरा अक्षर निम्न में से कौन सा होगा?

Ans

✗ A. L

✓ B. I

✗ C. B

✗ D. F

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.46 निम्न तालिका का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।

छात्र का नाम	अंक		
	प्रश्नपत्र I	प्रश्नपत्र II	प्रश्नपत्र III
अनुश्री	83	79	83
जय	71	90	60
विनय	64	93	72
पूजा	81	88	87

एक परीक्षा में तीन प्रश्नपत्र थे। यदि प्रत्येक प्रश्नपत्र 100 अंकों का था, तो परीक्षा में सबसे अधिक प्रतिशत किसने प्राप्त किया?

Ans

✗ A. जय

✗ B. अनुश्री

✓ C. पूजा

✗ D. विनय

Q.47 ऋषभ अपने घर से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 14 m चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 30 m चलता है। फिर से वह बाएं मुड़ता है और 50 m चलता है। वह फिर बाएं मुड़ता है और 10 m चलता है। वहां से वह बाएं मुड़ता है और 36 m चलता है। अब वह अपने घर से कितने मीटर की दूरी पर और किस दिशा में है?

Ans

✗ A. 68 m, दक्षिण-पूर्व

✗ B. 30 m, पश्चिम

✓ C. 20 m, पूर्व

✗ D. 10 m, दक्षिण

Q.48 संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

संख्या /प्रतीक	2	&	5	^	@	6	4	*	3	+	#	7	%	9
कूट अक्षर	A	O	B	Q	T	D	J	G	L	M	K	S	N	R

शर्तें:

(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटकों) के कूटों को परस्पर बदलना होगा।

(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

3 * 6 2 का कूट क्या होगा?

Ans

✓ A. ©GD©

✗ B. ©GDA

✗ C. LGDA

✗ D. LGD©

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.49 सात दोस्त - अनमोल, भावना, कोमल, दीक्षा, एकता, फलक और गोपी एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है)। फलक, एकता के दाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। एकता, गोपी के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठी है। कोमल, भावना और दीक्षा दोनों के के ठीक बगल में बैठी है। दीक्षा के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा व्यक्ति, किसी एक सिरे पर है।

निम्न में से कौन, गोपी और कोमल दोनों के ठीक बगल में बैठा है?

Ans

✔ A. भावना

✘ B. एकता

✘ C. फलक

✘ D. दीक्षा

Q.50 यदि निम्न समीकरण में '+' और '-' तथा '×' और '÷' के चिह्नों को परस्पर बदल दिया जाए, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी?

120 × 4 ÷ 2 − 8 + 10 = ?

Ans

✔ A. 58

✘ B. 68

✘ C. 78

✘ D. 48

Q.51 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TALCUM' को 'LSZHVN' और 'GRAINS' को 'RLFWMA' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'LOWER' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✘ A. QCTKH

✘ B. QDTKH

✘ C. PCTKG

✔ D. QCTKG

Q.52 मोना, राहुल, विकास, कविता, पूनम और खुशी, में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। वे अपनी लंबाई के बढ़ते क्रम के अनुसार एक पंक्ति में खड़े हुए हैं। विकास केवल एक व्यक्ति से लंबा है। खुशी और विकास के बीच केवल राहुल खड़ा है। मोना केवल एक व्यक्ति से छोटी है। पूनम और राहुल के बीच केवल दो व्यक्ति खड़े हैं। पंक्ति में सबसे छोटा व्यक्ति कौन है?

Ans

✘ A. राहुल

✘ B. विकास

✘ C. पूनम

✔ D. कविता

Q.53 उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

1, 5, 13, 29, 61, ?

Ans

✘ A. 131

✘ B. 128

✘ C. 253

✔ D. 125

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.54 A, C, E, G, J, L, N और O एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (लेकिन उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है)। उनमें से कुछ मेज के कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ मेज की भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं। 'A' और 'G' दोनों 'E' के ठीक बगल में बैठे हैं।'A', 'C' के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। 'O', 'J' के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। 'J' और 'N' दोनों 'L' के ठीक बगल में बैठे हैं।

G के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

Ans

✗ A. N

✗ B. C

✗ C. E

✓ D. O

Q.55 दिए समीकरण को संतुलित करने के लिए, इनमें से कौन से दो गणितीय चिह्नों के स्थान परस्पर बदलने होंगें?

$18 \times 6 + 12 - 7 \div 2 = 1$

Ans

✓ A. × और ÷

✗ B. ÷ और −

✗ C. − और +

✗ D. + और ×

Section : **General Science**

Q.56 यदि एक गोलीय दर्पण की फोकस दूरी दोगुनी हो जाती है, तो दर्पण की वक्रता त्रिज्या पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans

✗ A. पूर्ववत ही रहेगी

✓ B. बढ़कर दोगुनी हो जाएगी

✗ C. घटकर आधी रह जाएगी

✗ D. बढ़कर चार गुनी हो जाएगी

Q.57 भारत का इनमें से कौन सा संगठन लोगों को वाहन चलाते समय पेट्रोल/डीजल बचाने के तरीकों से संबंधित परामर्श देता है?

Ans

✓ A. PCRA

✗ B. PRCA

✗ C. ACRP

✗ D. PARC

Q.58 शरीर में उत्पन्न होने वाले किस नाइट्रोजनी अपशिष्ट का उत्सर्जन मानव वृक्क द्वारा किया जाता है?

Ans

✓ A. यूरिया और यूरिक अम्ल

✗ B. यूरिया और अमोनिया

✗ C. केवल अमोनिया

✗ D. अमोनिया और यूरिक अम्ल

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.59 दी गई अभिक्रिया के संबंध में इनमें से कौन सी व्याख्या सही है?

$Fe_{(s)} + CuSO_{4(aq)} \rightarrow FeSO_{4(aq)} + Cu_{(s)}$

Ans ✔ A.
आयरन, कॉपर को विस्थापित करता है, क्योंकि आयरन कॉपर की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील होता है।

✘ B.
आयरन, कॉपर को विस्थापित करता है, क्योंकि आयरन का परमाणु क्रमांक कॉपर की तुलना में कम होता है।

✘ C.
आयरन, कॉपर को विस्थापित करता है, क्योंकि आयरन का परमाणु द्रव्यमान कॉपर की तुलना में कम होता है।

✘ D.
आयरन, कॉपर को विस्थापित करता है, क्योंकि आयरन कॉपर की तुलना में कम अभिक्रियाशील होता है।

Q.60 एक पुष्प के प्रजनन अंग, _____ होते हैं।

Ans ✘ A. बाह्यदल और दल

✔ B. पुंकेसर और स्त्रीकेसर

✘ C. पुंकेसर और दल

✘ D. स्त्रीकेसर और बाह्यदल

Q.61 आणविक सूत्र C_3H_4 वाला यौगिक, _____ की समजातीय श्रेणी से संबंधित है।

Ans ✘ A. केवल एल्केन

✘ B. केवल एल्कीन

✔ C. केवल एल्काइन

✘ D. ऐल्कोहॉल

Q.62 सोडियम कार्बोनेट के इनमें से किस हाइड्रेट में क्रिस्टलन जल के दस अणु होते हैं?

Ans ✘ A. बेकिंग सोडा

✘ B. बेकिंग पाउडर

✔ C. धावन सोडा

✘ D. ब्लीचिंग पाउडर

Q.63 इनमें से कौन सी अभिक्रिया जल में अविलेय लवण उत्पन्न करती है?

Ans ✘ A. योगज अभिक्रिया

✘ B. विस्थापन अभिक्रिया

✘ C. उत्प्रेरक अभिक्रिया

✔ D. अवक्षेपण अभिक्रिया

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.64 किसी परिपथ में, L लंबाई और A अनुप्रस्थ-काट के क्षेत्रफल वाले चांदी (silver) के तार को 5L लंबाई और 9A अनुप्रस्थ-काट के क्षेत्रफल वाले एल्यूमिनियम (aluminium) के तार से बदल दिया जाता है। परिपथ के प्रतिरोध पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

(दिया गया है $\rho_{silver} = 1.6 \times 10^{-8}\ \Omega\,\mathrm{m}$ और $\rho_{Aluminium} = 2.6 \times 10^{-8}\Omega\mathrm{m}$)

Ans

✗ A. बढ़कर पूर्व का 1.1 गुना हो जाएगा

✗ B. बढ़कर पूर्व का 1.2 गुना हो जाएगा

✓ C. घटकर पूर्व का 0.9 गुना हो जाएगा

✗ D. घटकर पूर्व का 0.8 गुना हो जाएगा

Q.65 निम्न में से कौन सा कथन समजातीय श्रेणी में क्वथनांक की क्रमबद्धता (gradation) के संबंध में सही है?

Ans

✓ A. आणविक द्रव्यमान में वृद्धि होने पर, क्वथनांक में वृद्धि होती है।

✗ B. आणविक द्रव्यमान में वृद्धि होने पर, क्वथनांक में कमी होती है।

✗ C. क्वथनांक, आणविक द्रव्यमान पर निर्भर नहीं करता है।

✗ D. आणविक द्रव्यमान में कमी होने पर, क्वथनांक में वृद्धि होती है।

Q.66 मशरूम में किस प्रकार का पोषण होता है?

Ans

✗ A. स्वपोषी

✓ B. मृतपोषी

✗ C. रसायनपोषी

✗ D. सहजीवी

Q.67 आधुनिक आवर्त सारणी में किसी आवर्त में आगे बढ़ते समय, परमाणु क्रमांक की प्रवृत्ति क्या होती है?

Ans

✓ A. परमाणु क्रमांक में एक इकाई की वृद्धि होती है।

✗ B. द्रव्यमान संख्या में एक इकाई की वृद्धि होती है।

✗ C. परमाणु क्रमांक में दो इकाई की वृद्धि होती है।

✗ D. परमाणु क्रमांक में एक इकाई की कमी होती है।

Q.68 निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

Ans

✗ A. प्लास्टिक और कागज़ जैव निम्नीकरणीय होते हैं।

✗ B. प्लास्टिक का पुनर्चक्रण नहीं किया जा सकता है।

✓ C. कागज़ जैव निम्नीकरणीय होता है।

✗ D. कागज़ का पुनर्चक्रण नहीं किया जा सकता है।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.69 प्लास्टर ऑफ पेरिस को सीलबंद कंटेनरों में संग्रहीत किया जाना चाहिए।

निम्न में से कौन सा, दिए गए अभिकथन की सही व्याख्या करता है?

Ans
✔ A. यह वायु में मौजूद नमी से अभिक्रिया करके कठोर ठोस में परिवर्तित हो जाता है।

✘ B. यह सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में अपघटित हो जाता है।

✘ C. यह वायु में मौजूद ऑक्सीजन से अभिक्रिया करके कठोर ठोस में परिवर्तित हो जाता है।

✘ D. यह ऑक्सीजन की उपस्थिति में अपघटित हो जाता है।

Q.70 जब रात के समय धूल भरी सड़क पर कोई कार गुजर रही हो, तो हेडलाइट से प्रकाश पुंज का पथ _____ प्रभाव के कारण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

Ans
✘ A. वर्ण-विक्षेपण

✘ B. निमज्जन

✘ C. अपवर्तन

✔ D. प्रकीर्णन

Q.71 मान लीजिए एक तार का प्रतिरोध 10 Ω है। यदि उसी पदार्थ और समान लंबाई का एक अन्य तार है, जिसकी अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल, पहले वाले तार से दोगुना है, तो दूसरे तार का प्रतिरोध क्या होगा?


Ans
✘ A. 20 Ω

✘ B. 10 Ω

✘ C. 7.5 Ω

✔ D. 5 Ω

Q.72 मछली की निम्नांकित आकृति में क्लोम कहां स्थित हैं?



Ans
✔ A. स्थान 1 पर

✘ B. स्थान 2 पर

✘ C. स्थान 3 पर

✘ D. स्थान 4 पर

Q.73 फलों में मुख्यतः कौन सा हार्मोन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?

Ans
✘ A. जिबरेलिन (Gibberellins)

✘ B. ऑक्सिन (Auxins)

✔ C. साइटोकाइनिन (Cytokinin)

✘ D. एब्सिसिक अम्ल (Abscisic acid)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.74 मेंडल के संकरण में, एक शुद्ध लंबे पौधे (TT) का एक बौने पौधे (tt) के साथ संकरण कराया गया। F_2 पीढ़ी में जीनोटाइप अनुपात (Phenotypic ratio) क्या था?

Ans

✗ A. 1 : 1

✗ B. 2 : 1

✗ C. 3 : 1

✗ D. 1 : 3

Note: For this question, discrepancy is found in question/answer. So, This question is ignored for all candidates.

Q.75 एक घर को एक 15 A फ्यूज द्वारा विद्युत आपूर्ति प्रदान की जाती है। 2KW AC के साथ-साथ उपयोग किए जा सकने वाले 100 W लैंपों की संख्या ज्ञात कीजिए। (AC और लैंप दोनों को 220 V आपूर्ति के लिए रेट किया गया है)

Ans

✗ A. 23

✗ B. 18

✗ C. 15

✓ D. 13

Q.76 प्राकृतिक रूप से कितने तत्व पाए जाते हैं?

Ans

✗ A. 92

✗ B. 93

✓ C. 94

✗ D. 95

Q.77 40 cm वक्रता त्रिज्या वाले गोलीय दर्पण द्वारा वस्तु का उल्टा और आवर्धित प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए वस्तु को _____ रखा जाना चाहिए।

Ans

✗ A. उत्तल दर्पण से 20 cm दूर

✓ B. अवतल दर्पण से 20 cm से 40 cm के बीच

✗ C. उत्तल दर्पण से 20 cm से 40 cm के बीच

✗ D. उत्तल दर्पण से अनंत पर

Q.78 30°C पर 1 m लंबाई के किसी धातु के तार का प्रतिरोध 50 Ω है। मान लीजिए तार का व्यास 0.3 mm है। उसी धातु के समान लंबाई के एक अन्य तार, जिसका व्यास बढ़ाकर 0.6 mm कर दिया गया हो, का प्रतिरोध (30°C पर) कितना होगा?

Ans

✗ A. 120.5 Ω

✗ B. 20.5 Ω

✓ C. 12.5 Ω

✗ D. 2.5 Ω

Q.79 एक लंबी धारावाही सीधी परिनालिका के अंदर चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता (strength) _____ होती है।

Ans

✗ A. मध्य में अधिकतम

✗ B. केंद्र में न्यूनतम

✗ C. केंद्र की तुलना में सिरे पर अधिक

✓ D. परिनालिका के अंदर सभी बिंदुओं पर एकसमान

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.80 एक प्रकाश किरण, माध्यम A से माध्यम B में प्रवेश करती है, और परिणामस्वरूप, यह माध्यम B में अभिलंब से दूर की ओर झुक जाती है। माध्यम A के सापेक्ष माध्यम B का अपवर्तनांक _____ होगा।

Ans

✔ A. एक से कम

✘ B. एक से अधिक

✘ C. एक के बराबर

✘ D. दो के बराबर

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 निम्न में से कौन-सा कार्य जिला प्रशासन का हिस्सा नहीं है?

Ans

✔ A. डाक सेवाएं

✘ B. राजस्व संग्रह

✘ C. ग्रामीण विकास

✘ D. दीवानी न्याय

Q.82 भारत के किस शैक्षणिक संस्थान में परम प्रवेग नामक देश का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर स्थापित किया गया है, जो फरवरी 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी भी भारतीय शैक्षणिक संस्थान में स्थापित सबसे बड़ा सुपर कंप्यूटर भी है?

Ans

✘ A. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-दिल्ली

✔ B. भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc)-बेंगलुरु

✘ C. इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (IUCAA)-पुणे

✘ D. भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (IISER)-तिरुपति

Q.83 निम्न में से किस भारतीय मंत्रालय ने पब्लिक कमेंट के लिए 2022 राष्ट्रीय वायु खेल नीति (NASP) का मसौदा जारी किया है?

Ans

✔ A. नागरिक उड्डयन मंत्रालय

✘ B. खेल एवं युवा मंत्रालय

✘ C. संस्कृति मंत्रालय

✘ D. शिक्षा मंत्रालय

Q.84 किस मंत्रालय के अंतर्गत, 2021 में भारत में कोविड-19 महामारी से प्रभावित बच्चों के लिए संवेदना (SAMVEDNA) के माध्यम से टेली काउंसलिंग (Tele Counselling) शुरू की गई थी?

Ans

✔ A. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

✘ B. स्वास्थ्य मंत्रालय

✘ C. शिक्षा मंत्रालय

✘ D. आयुष मंत्रालय

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.85 निम्न में से कौन-सा राजस्व व्यय का उदाहरण है?

Ans
✗ A. ऋण के रूप में दूसरे देश को दी गई आर्थिक मदद
✗ B. अस्पतालों और स्कूल भवनों का निर्माण
✗ C. सरकार द्वारा ऋण की अदायगी
✓ D. सरकारी कर्मचारियों का वेतन

Q.86 निम्न में से कौन सी नदी नेपाल से होकर भारत में बहती है?

Ans
✗ A. सोन
✗ B. धौलीगंगा
✓ C. करनाली
✗ D. भिलंगना

Q.87 2 फरवरी 2022 को किस प्रसिद्ध भारतीय हॉकी कप्तान की जन्म शताब्दी मनाई गई?

Ans
✗ A. मेजर ध्यानचंद
✗ B. बलबीर सिंह दोसांझ
✓ C. कुंवर दिग्विजय सिंह 'बाबू'
✗ D. लेस्ली क्लॉडियस

Q.88 'ताउते (Tauktae)' चक्रवात भारत में किस वर्ष आया था?

Ans
✗ A. 2019
✗ B. 2020
✓ C. 2021
✗ D. 2022

Q.89 भारत के संघीय न्यायालय ने किस वर्ष कार्य करना शुरू किया?

Ans
✗ A. 1935
✓ B. 1937
✗ C. 1947
✗ D. 1950

Q.90 _____ में 42वें संशोधन द्वारा नागरिकों के मूल कर्तव्यों को भारतीय संविधान में शामिल किया गया था।

Ans
✗ A. 1973
✗ B. 1974
✗ C. 1975
✓ D. 1976

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.91 4 जून 2021 को, भारत की पहली CAR-T सेल थेरेपी, जो कि मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर में की गई थी, इनमें से किस बीमारी के लिए थी?

Ans

✔ A. रक्त कैंसर

✘ B. एड्स

✘ C. अस्थि प्रत्यारोपण

✘ D. फेफड़े का प्रत्यारोपण

Q.92 भारत में किस बजट वर्ष से रेल बजट को केंद्रीय बजट में मिला दिया गया था तथा उसे अलग से प्रस्तुत नहीं किया गया था?

Ans

✔ A. 2017 - 18

✘ B. 2016 - 17

✘ C. 2015 - 16

✘ D. 2014 - 15

Q.93 सांस्कृतिक प्रदर्शन 'मिलन 2022' का आयोजन संस्कृति मंत्रालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में किस शहर में किया गया था?

Ans

✘ A. मैसूरु

✘ B. मदुरै

✘ C. कोयंबटूर

✔ D. विशाखापट्टनम

Q.94 निम्न में से कौन-सा राज्य गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) का आवास है?

Ans

✘ A. सिक्किम

✘ B. बिहार

✘ C. उत्तर प्रदेश

✔ D. राजस्थान

Q.95 भारत के निम्नलिखित में से किस केंद्रशासित प्रदेश ने जुलाई 2021 में 'तेजस्विनी' नामक कार्यक्रम की शुरुआत की, जो कि महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा पर केंद्रित एक पहल है?

Ans

✘ A. पुदुचेरी

✘ B. चंडीगढ़

✔ C. दिल्ली

✘ D. लक्षद्वीप

Q.96 निम्न में से किस तिथि को हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा के रूप में अपनाया गया था?

Ans

✔ A. 14 सितंबर 1949

✘ B. 15 अगस्त 1947

✘ C. 26 जनवरी 1950

✘ D. 30 नवंबर 1954

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.97 'त्रिपिटक' इनमें से किस धर्म का पवित्र ग्रंथ है?

Ans
✗ A. पारसी धर्म
✗ B. सिख धर्म
✗ C. जैन धर्म
✓ D. बौद्ध धर्म

Q.98 निम्न में से किसकी गणना वस्तु की मांग में हुए प्रतिशत परिवर्तन को वस्तु की कीमत में हुए प्रतिशत परिवर्तन से विभाजित करके होती है?

Ans
✗ A. अधिशेष
✗ B. उत्पाद लागत
✗ C. कुल उपयोगिता
✓ D. मांग की लोच

Q.99 1 अप्रैल 2022 तक, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे?

Ans
✗ A. सुनील अरोड़ा
✓ B. सुशील चंद्र
✗ C. अचल कुमार ज्योति
✗ D. ओम प्रकाश रावत

Q.100 एयर इंडिया की यात्रा, प्रतिष्ठित उद्यमी जे.आर.डी. टाटा द्वारा कंपनी की स्थापना किए जाने के साथ वर्ष _____ में शुरू हुई।

Ans
✗ A. 1930
✓ B. 1932
✗ C. 1942
✗ D. 1947

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर आर सी - ०१/२०१९ - CEN RRC - 01/2019

Test Date	20/09/2022
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	Level 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **Mathematics**

Q.1 एक धनराशि, 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से दो वर्ष के लिए उधार ली जाती है, जहां ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है। यदि इसे ₹882 की दो समान वार्षिक किश्तों में चुकाया जाता है, तो उधार ली गई धनराशि कितनी है?

Ans
- ✗ A. ₹1,560
- ✗ B. ₹1,740
- ✗ C. ₹1,680
- ✓ D. ₹1,640

Q.2 चार वर्ष पहले पुत्र और उसके पिता की उम्र का अनुपात 2 : 7 था, और 10 वर्ष बाद यह 3 : 7 हो जाएगा। उनकी उम्र के बीच धनात्मक अंतर क्या है?

Ans
- ✗ A. 60 वर्ष
- ✓ B. 40 वर्ष
- ✗ C. 50 वर्ष
- ✗ D. 30 वर्ष

Q.3 यदि $\frac{y}{x}=\frac{5}{6}$ है, तो $\frac{x^2-y^2}{x^2+y^2}$ = _____ होगा।

Ans
- ✗ A. $\frac{25}{36}$
- ✗ B. $\frac{36}{25}$
- ✓ C. $\frac{11}{61}$
- ✗ D. $\frac{9}{61}$

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.4 पांच वर्ष पूर्व रोशन की आयु, प्रीति की आयु की तीन गुनी थी। यदि उनकी आयु के बीच 6 वर्ष का अंतर हो, तो प्रीति की वर्तमान आयु (वर्ष में) _____ होगी।

Ans

✗ A. 4

✓ B. 8

✗ C. 7

✗ D. 6

Q.5 एक पाइप एक टंकी को, दूसरे पाइप से तीन गुना तेजी से भर सकता है। एक साथ खोले जाने पर, ये दोनों पाइप टंकी को 36 मिनट में पूरा भर सकते हैं। अकेले तेज पाइप को खाली टंकी को पूरा भरने में कितने घंटे लगेंगे?

Ans

✗ A. $\frac{1}{2}$

✓ B. $\frac{4}{5}$

✗ C. $\frac{12}{5}$

✗ D. $\frac{8}{5}$

Q.6 10% और 20% की क्रमिक छूटें, _____ की एकल प्रतिशत छूट के बराबर हैं।

Ans

✗ A. 22%

✗ B. 30%

✓ C. 28%

✗ D. 27.5%

Q.7 दो क्रमागत धन पूर्णांकों का गुणनफल 552 है। यदि इन दोनों पूर्णांकों में से छोटे पूर्णांक को x द्वारा निरूपित किया जाता है, तो नीचे दिए गए किस विकल्प के समीकरण का उपयोग x का मान ज्ञात करने के लिए किया जा सकता है?

Ans

✗ A. $x^2 + x + 552 = 0$

✓ B. $x^2 + x - 552 = 0$

✗ C. $x^2 - x + 552 = 0$

✗ D. $x^2 - x - 552 = 0$

Q.8 यदि किसी बहुभुज के आंतरिक कोणों की मापों का योग 900° हो, तो इसमें कितनी भुजाएं होंगी?

Ans

✗ A. 6

✓ B. 7

✗ C. 54

✗ D. 8

Q.9 यदि $\sqrt{6} = 2.45$ है, तो $\sqrt{6} + \sqrt{24} + \sqrt{54}$ का मान क्या है?

Ans

✗ A. 15.70

✓ B. 14.70

✗ C. 15.75

✗ D. 13.75

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.10 यदि एक गोले की त्रिज्या 7 cm हो, तो गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) _____ होगा। ($\pi = \frac{22}{7}$ मान लीजिए)

Ans

✗ A. 243

✓ B. 616

✗ C. 343

✗ D. 729

Q.11 उस छोटी से छोटी प्राकृत संख्या का चयन कीजिए, जिसे 15 और 16 के वर्गों के योग में जोड़ने या घटाने पर प्राप्त संख्या पूर्ण वर्ग हो?

Ans

✗ A. 81

✓ B. 3

✗ C. 40

✗ D. 19

Q.12 एक घनाभाकार भंडारण स्थान की विमाएं 20 m, 25 m और 10 m हैं। इसमें $2\,m \times 1.25\,m \times 1\,m$ विमाओं वाले कितने बॉक्स रखे जा सकते हैं?

Ans

✓ A. 2000

✗ B. 4000

✗ C. 6000

✗ D. 8000

Q.13 यदि 8-अंकों वाली संख्या $27x65y31$, 3 से विभाज्य है, तो $x \times y$ का न्यूनतम संभव धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 1

✗ B. 3

✗ C. 4

✓ D. 2

Q.14 सोमू और रामू की वर्तमान आयु का अनुपात 5 : 4 है और उनकी आयु का योगफल 27 वर्ष है। 8 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात _____ होगा।

Ans

✗ A. 3 : 4

✗ B. 25 : 29

✓ C. 23 : 20

✗ D. 8 : 3

Q.15 एक त्रिभुज में, यदि इसके एक कोण की माप, इस त्रिभुज के सबसे छोटे कोण की माप से दोगुनी है और त्रिभुज के तीसरे कोण की माप, इस त्रिभुज के सबसे छोटे कोण की माप से तीन गुनी है, तो इस त्रिभुज के सबसे बड़े कोण की माप _____ होगी।

Ans

✗ A. 75°

✗ B. 70°

✓ C. 90°

✗ D. 120°

Q.16 ₹651 की राशि को A, B, C के बीच इस प्रकार बांटा जाता है कि A के हिस्से का दोगुना, B के हिस्से का तीन गुना, और C के हिस्से का पांच गुना, बराबर हैं। C का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. ₹126

✗ B. ₹315

✗ C. ₹210

✗ D. ₹150

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.17 किसी व्यक्ति ने एक घोड़े को 7% की हानि पर बेचा। यदि वह घोड़े को 9% के लाभ पर बेचता, तो उसे इस घोड़े को 7% की हानि पर बेचने से प्राप्त राशि की तुलना में ₹6,400 अधिक प्राप्त होते। घोड़े का क्रय मूल्य कितना था?

Ans

✗ A. ₹50,000

✓ B. ₹40,000

✗ C. ₹45,000

✗ D. ₹55,000

Q.18 $(sin\ x + sec\ x)^2 + (cosec\ x + cos\ x)^2$ का मान क्या है?

Ans

✗ A. $(1 - sec\ x\ cosec\ x)^2$

✗ B. $(2 - sec\ x\ cosec\ x)^2$

✓ C. $(sec\ x\ cosec\ x + 1)^2$

✗ D. $(2 + sec\ x\ cosec\ x)^2$

Q.19 दिए गए व्यंजक को सरल करें।

$$\frac{76 \times 76 \times 76 - 74 \times 74 \times 74}{76 \times 76 + 76 \times 74 + 74 \times 74}$$

Ans

✓ A. 2

✗ B. 120

✗ C. 5

✗ D. 121

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 1 से 10 (दोनों शामिल) तक की सभी प्राकृत संख्याओं से विभाज्य है?

Ans

✗ A. 100

✗ B. 608

✓ C. 2520

✗ D. 10

Q.21 मृदुल के प्रतिदिन के कार्य घंटे में 25% की वृद्धि हुई और उसके प्रति घंटा वेतन में 20% की वृद्धि हुई। उसकी दैनिक आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans

✗ A. 46%

✓ B. 50%

✗ C. 40%

✗ D. 30%

Q.22 यदि एक द्विघात समीकरण के दो मूल −3 और 3 हैं, तो द्विघात समीकरण _____होगा।

Ans

✗ A. $x^2 + 5 = 0$

✓ B. $x^2 - 9 = 0$

✗ C. $9x^2 - 1 = 0$

✗ D. $x^2 - 6 = 0$

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.23 दी गई तालिका का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

तालिका में एक सर्वेक्षण में प्राप्त विभिन्न साइज के जूतों की मांग को दर्शाया गया है।

Shoe size	Number of pairs demanded
5	44
6	48
7	58
8	46
9	39
10	37

[Shoe Size - जूते की साइज, Number of pairs demanded - मांग की गई जूतों की जोड़ियों की संख्या]

सर्वेक्षण से प्राप्त परिणामों के आधार पर, मांग किए गए जूतों के साइज का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 6

✓ B. 7

✗ C. 5

✗ D. 9

Q.24 240 m और 320 m लंबी दो ट्रेनें समान दिशा में 59 km/h और 50 km/h की चाल से समानांतर पटरियों पर दौड़ रही हैं। दोनों ट्रेनें एक दूसरे से मिलने के क्षण से एक दूसरे को पार करने में कितना समय लेंगी?

Ans

✗ A. 2 मिनट 24 सेकंड

✓ B. 3 मिनट 44 सेकंड

✗ C. 3 मिनट 24 सेकंड

✗ D. 2 मिनट 18 सेकंड

Q.25 10 व्यक्तियों की आयु (वर्ष में) नीचे दी गई है। माध्यिका आयु ज्ञात करें।

22, 23.5, 26, 22.5, 24, 26, 23, 24.5, 25, 21

Ans

✗ A. 22.00

✗ B. 22.25

✗ C. 25.00

✓ D. 23.75

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती है और बताएं कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी लड़के, लड़कियां हैं।

सभी नर्तक, लड़के हैं।

कोई भी लड़की, गायक नहीं है।

निष्कर्ष:

1. कुछ लड़के, गायक हैं।
2. कोई भी गायक, नर्तक नहीं है।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।

✓ B. केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

✗ C. निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।

✗ D. न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 पालन करता है।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.27 उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

20, 30, 18, 27, 16, 24, 14, 21, 12, 18, ?

Ans

✔ A. 10

✘ B. 15

✘ C. 14

✘ D. 12

Q.28 यदि संख्या 8356427 के प्रत्येक अंकों को बाएं से दाएं की ओर आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से दूसरे, और दाईं ओर से दूसरे स्थान पर मौजूद अंकों का योग कितना होगा?

Ans

✘ A. 9

✔ B. 10

✘ C. 11

✘ D. 12

Q.29 बिंदी, मोनी, साया, अर्जुन, हिमेश और पंकज नामक छह मित्रों में से, प्रत्येक की आयु अलग-अलग है। बिंदी, मोनी से छोटी है, लेकिन साया से बड़ी है। अर्जुन केवल एक व्यक्ति से छोटा है। हिमेश, पंकज से बड़ा है, लेकिन मोनी से छोटा है। साया, पंकज से बड़ी है, लेकिन बिंदी से छोटी है। इन छह मित्रों में से कौन सबसे छोटा/छोटी है?

Ans

✘ A. साया

✔ B. पंकज

✘ C. हिमेश

✘ D. मोनी

Q.30 गरिमा, उत्तर की ओर 15 m चलती है, और फिर दाईं ओर मुड़ती है, और 20 m चलती है। फिर वह बाईं ओर मुड़ती है, और 5 m चलती है। अंत में, वह पुनः बाईं ओर मुड़ती है, और 20 m चलती है। वह आरंभ बिंदु से कितने मीटर दूर है और किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

Ans

✘ A. 15 m, उत्तर

✔ B. 20 m, उत्तर

✘ C. 15 m, दक्षिण

✘ D. 20 m, दक्षिण

Q.31 शब्द 'ABRUPT' के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। यदि इस प्रकार बने प्रत्येक अक्षर को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो दाएं से चौथे स्थान पर निम्न में से कौन सा अक्षर आएगा?

Ans

✔ A. O

✘ B. B

✘ C. Q

✘ D. S

Q.32 उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

289, 256, 225, 196, ?

Ans

✘ A. 121

✘ B. 151

✘ C. 176


✔ D. 169

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.33 दिए गए लाइन ग्राफ का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

दिया गया लाइन ग्राफ तीन दुकानों (A, B और C) द्वारा बेचे गए पेनों और पेंसिलों की संख्या को दर्शाता है।



(संदर्भ - Number Of Pens - पेनों की संख्या, Number Of Pencils - पेंसिलों की संख्या)

दुकानों A और B द्वारा बेचे गए पेनों की कुल संख्या, तथा दुकान C द्वारा बेची गई पेंसिलों की संख्या का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 22

✘ B. 12

✘ C. 24

✘ D. 14

Q.34 यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

30 - 2 ÷ 4 + 12 × 6 = ?

Ans

✘ A. 50

✘ B. 58

✔ C. 62

✘ D. 64

Q.35 DJ 15 और GM 20 के बीच एक निश्चित संबंध है। OW 25 और RZ 30 के बीच भी वही संबंध है। समान तर्क के आधार पर, RM 35 निम्न में से किससे संबंधित होगा?

Ans

✔ A. UP 40

✘ B. PU 04

✘ C. PU 40

✘ D. UP 45

Q.36 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और तय करें कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:
1. R, I से बड़ा है।
2. I, N का जुड़वा भाई है, जो P से बड़ा है।
3. Y, R से छोटा नहीं है, जो K से बड़ा है।

निष्कर्ष:
I. K, I से बड़ा है।
II. I, Y से छोटा है।

Ans

✘ A. निष्कर्ष I पालन करता है

✔ B. निष्कर्ष II पालन करता है

✘ C. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं

✘ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.37 एक पंक्ति में मनोज आगे से 10वें स्थान पर है और अजय पीछे से 12वें स्थान पर है, और उनके बीच कोई नहीं है। यदि पंक्ति में अजय, मनोज के पीछे खड़ा है, तो पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं?

Ans

✗ A. 20

✗ B. 21

✓ C. 22

✗ D. 23

Q.38 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BOAT' को 'DQCV' लिखा जाता है और 'PLAN' को 'RNCP' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'PHONE' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. JQPGR

✓ B. RJQPG

✗ C. QPGRJ

✗ D. PGQST

Q.39 उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है, और दूसरी संख्या का पहली संख्या से है।

2 : 19 :: 6 : 57 :: 44 : ?

Ans

✗ A. 177

✗ B. 399

✗ C. 212

✓ D. 418

Q.40 छह व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हुए हैं। सैफ, राज और सैम दोनों के ठीक बगल में बैठा है। कैलाश, राज के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। अंकित, सैफ के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। कैलाश, शिव और अंकित दोनों के ठीक बगल में बैठा है। निम्न में से कौन राज और कैलाश दोनों के ठीक बगल में बैठा हुआ है?

Ans

✓ A. शिव

✗ B. अंकित

✗ C. सैम

✗ D. सैफ

Q.41 निम्न तालिका क्रमशः गणित और सांख्यिकी की परीक्षाएं देने वाले 100 छात्रों के 2 अलग-अलग समूहों द्वारा प्राप्त अंकों के बंटन को दर्शाती है। तालिका का अध्ययन करें, और प्रश्न का उत्तर दें।

100 में से प्राप्त अंक / विषय	80 और उससे अधिक	60 और उससे अधिक	40 और उससे अधिक	20 और उससे अधिक	0 और उससे अधिक
गणित	11	32	70	90	100
सांख्यिकी	9	21	64	81	100

अपनी-अपनी परीक्षाओं में 40% से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 33

✓ B. 66

✗ C. 64

✗ D. 29

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.42 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

23 : 44 :: 35 : 56 :: 43 : ?

Ans
- ✔ A. 64
- ✘ B. 66
- ✘ C. 63
- ✘ D. 70

Q.43 छह व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के परितः केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। Q, S के बाईं ओर ठीक बगल में, और T के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। जबकि K, O के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। K, S के दाईं ओर ठीक बगल में, और M के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

Ans
- ✘ A. Q
- ✘ B. S
- ✘ C. O
- ✔ D. T

Q.44 इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का पालन करने वाले कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है।

संख्या/प्रतीक	6	8	4	+	5	#	%	2	$	1	^	7	9	*	@
कूट	S	U	T	W	N	P	V	D	A	Z	J	M	O	M	Y

शर्तें:
(i) यदि पहले और अंतिम घटक संख्याएं हैं, तो अंतिम घटक को प्रतीक @ से बदला जाएगा।
(ii) यदि पहला घटक एक प्रतीक है, तो पहले घटक को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
(iii) यदि पहले और दूसरे दोनों घटक संख्याएं हैं, तो तीसरे घटक को * के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
निम्न के लिए कूट क्या होगा?
5 4 2 % @ 6

Ans
- ✔ A. NT*VY@
- ✘ B. NTDVYS
- ✘ C. SNTDVY
- ✘ D. NTDVYZ

Q.45 एक ही कंपनी के पांच कर्मचारी - जागृति, कृष्णा, लक्ष्मण, माया और निरुपम एक ही इमारत की पांच अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 5 है।
कृष्णा और निरुपम क्रमशः सबसे ऊपरी और सबसे निचली मंजिल पर रहते हैं। जागृति, लक्ष्मण के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहती है। माया, निरुपम के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहती है।
दूसरी मंजिल पर कौन रहता है?

Ans
- ✘ A. कृष्णा
- ✘ B. जागृति
- ✔ C. माया
- ✘ D. लक्ष्मण

Q.46 निम्न में से कौन सा अक्षर-समूह दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?

MAN 7, PDQ 16, SGT 25, VJW 34,?

Ans
- ✘ A. ZLU 36
- ✔ B. YMZ 43
- ✘ C. YNZ 43
- ✘ D. ULZ 40

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.47 यदि निम्न समीकरण में '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी?

$4 \times 2 \div 6 - 3 + 1 = ?$

Ans


✔ A. 14

✘ B. 15

✘ C. 12

✘ D. 18

Q.48 दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।



कितने व्यक्ति चार्टर्ड अकाउंटेंट (chartered accountants) होने के साथ-साथ डायबिटिक (diabetic) भी हैं, लेकिन पिता (fathers) नहीं हैं?

Ans

✘ A. 3

✔ B. 8

✘ C. 11

✘ D. 5

Q.49 शब्द 'PREDICT' के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। यदि इस प्रकार बने प्रत्येक अक्षर को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो दाएं से तीसरे स्थान पर निम्न में से कौन सा अक्षर आएगा?

Ans

✘ A. J

✔ B. O

✘ C. Q

✘ D. F

Q.50 हरभजन दक्षिण दिशा की ओर चल रहा है, और 5 m की दूरी तय करने के बाद, वह बाईं ओर मुड़ता है, और आगे 3 m की दूरी तय करता है। अंत में, वह अपनी दाईं ओर मुड़ता है और 5 m की दूरी तय करता है। अब हरभजन के सामने की ओर कौन सी दिशा है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

Ans

✘ A. पूर्व

✘ B. पश्चिम

✔ C. दक्षिण

✘ D. उत्तर

Q.51 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 438 645 327 153 276 (दाएं)

(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

(नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए)

यदि प्रत्येक संख्या के पहले अंक में 3 जोड़ दिया जाए, तो कितनी संख्याओं का पहला अंक, 2 से पूर्णतः विभाज्य होगा?

Ans

✘ A. चार

✘ B. तीन

✔ C. दो

✘ D. एक

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.52 एक कथन के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। कथन और तर्कों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

कथन:

आवास और औद्योगीकरण के लिए अधिक से अधिक कृषि भूमि बेची जानी चाहिए।

तर्क:

I. यदि कृषि भूमि का औद्योगिक भूमि में परिवर्तन जल्द नहीं रुका तो गंभीर खाद्य कमी को टाला नहीं जा सकेगा।

II. यह सिद्ध हो चुका है कि किसी क्षेत्र में औद्योगीकरण उसके पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता को नष्ट कर देता है।

Ans

✗ A. I कथन का समर्थन नहीं करता, जबकि II कथन का समर्थन करता है

✗ B. II कथन का समर्थन नहीं करता, जबकि I कथन का समर्थन करता है

✓ C. I और II दोनों कथन का समर्थन नहीं करते हैं

✗ D. I और II दोनों कथन का समर्थन करते हैं

Q.53 यदि 8 मार्च 2009 को रविवार है, तो 1 फरवरी 2021 को सप्ताह का कौन सा दिन होगा?

Ans

✗ A. रविवार

✗ B. मंगलवार

✓ C. सोमवार

✗ D. शनिवार

Q.54 एक कक्षा में पल्लवी का रैंक ऊपर से 25वां और नीचे से 18वां है। कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या ज्ञात कीजिए?

Ans


✗ A. 41

✓ B. 42

✗ C. 43

✗ D. 44

Q.55 दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं। वृत्त 'प्रबंधकों' को निरूपित करता है, वर्ग ' बी टेक डिग्री धारकों' को निरूपित करता है, और त्रिभुज 'एमबीए डिग्री धारकों' को निरूपित करता है। ऐसे कितने प्रबंधक हैं जो बी.टेक डिग्री धारक हैं, लेकिन एमबीए डिग्री धारक नहीं हैं?



Ans

✗ A. 6

✓ B. 1

✗ C. 5

✗ D. 2

Section : **General Science**

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.56 स्तंभों को सुमेलित कीजिए।

समूह-I	समूह-II
I. यांत्रिक रोध (मैकेनिकल बैरियर)	A. कॉपर-टी
II. रासायनिक विधि	B. शुक्रवाहिका-उच्छेदन
III. उपकरण/साधन	C. कंडोम
IV. शल्यक्रिया विधि	D. गोली

Ans
✗ A. I-C; II-A; III-D; IV-B
✓ B. I-C; II-D; III-A; IV-B
✗ C. I-C; II-B; III-D; IV-A
✗ D. I-C; II-A; III-B; IV-D

Q.57 किसी कुंडली में विद्युत चुंबकीय रूप से प्रेरित EMF और प्रेरित धारा की कुंडली के प्रतिरोध R पर निर्भरता किस प्रकार होती है?

Ans
✗ A. प्रेरित EMF, R पर निर्भर करता है, किंतु प्रेरित धारा निर्भर नहीं करती है
✓ B. प्रेरित EMF, R पर निर्भर नहीं करता है, किंतु प्रेरित धारा निर्भर करती है
✗ C. दोनों R से स्वतंत्र होते हैं
✗ D. प्रेरित EMF और प्रेरित धारा दोनों R पर निर्भर करते हैं

Q.58 इनमें से कौन सी संरचना कार्बन परमाणुओं की एक बंद शृंखला से बनती है?

Ans
✗ A. सीधी शृंखला संरचना (Straight chain structure)
✗ B. शाखित शृंखला संरचना (Branched chain structure)
✓ C. वलयी संरचना (Ring structure)
✗ D. अचक्रीय संरचना (Acyclic structure)

Q.59 पादप किस प्रक्रिया द्वारा अतिरिक्त जल का उत्सर्जन करते हैं?

Ans
✗ A. परिवहन
✗ B. स्थानांतरण
✓ C. वाष्पोत्सर्जन
✗ D. प्रकाश संश्लेषण

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.60 अमोनिया और जल की उपस्थिति में, सोडियम क्लोराइड की कार्बन डाईऑक्साइड के साथ अभिक्रिया के फलस्वरूप इनमें से कौन सा यौगिक बनता है?

Ans

✗ A. $NaCO_3$

✓ B. $NaHCO_3$

✗ C. Na_2SO_4

✗ D. $CaCO_3$

Q.61 धातुओं के संबंध में इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है?

Ans

✗ A. धातुएं, प्रकृति में वैद्युत धनात्मक होती हैं।

✗ B. धातुएं, बंध निर्माण के दौरान इलेक्ट्रॉन त्यागने की प्रवृत्ति प्रदर्शित करती हैं।

✓ C. सामान्यतः, धातुएं अम्लीय ऑक्साइड बनाती हैं।

✗ D. धातुओं को आवर्त सारणी में बाईं ओर रखा गया है।

Q.62 श्रेणी क्रम में संयोजित 6 Ω और 4 Ω के दो प्रतिरोध 12V की एक बैटरी के साथ संयोजित हैं। परिपथ में प्रभावी धारा का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 2 Amp

✗ B. 0.5 Amp

✓ C. 1.2 Amp

✗ D. 0.8 Amp

Q.63 तारों के टिमटिमाने का क्या कारण है?

Ans

✗ A.
हवा की विभिन्न परतों के घनत्व में परिवर्तन की वजह से टिंडल प्रभाव में निरंतर परिवर्तन होने के कारण

✗ B.
हवा की विभिन्न परतों के घनत्व में परिवर्तन की वजह से प्रकीर्णन तीव्रता में निरंतर परिवर्तन होने के कारण

✓ C.
हवा की विभिन्न परतों के घनत्व में परिवर्तन की वजह से अपवर्तनांक में निरंतर परिवर्तन होने के कारण

✗ D.
हवा की विभिन्न परतों के घनत्व में परिवर्तन की वजह से आकाश के रंगों में निरंतर परिवर्तन होने के कारण

Q.64 एक प्रतिबिंब का आवर्धन +1.5 है तथा गोलीय दर्पण से वस्तु की दूरी 30 cm है। प्रतिबिंब _____ पर बनेगा।

Ans

✗ A. दर्पण के पीछे, 20 cm की दूरी

✓ B. दर्पण के पीछे, 45 cm की दूरी

✗ C. दर्पण के सामने, 45 cm की दूरी

✗ D. दर्पण के सामने, 20 cm की दूरी

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.65 मेंडेलीफ की आवर्त सारणी की खोज के समय, निम्न में से किस तत्व समूह की खोज नहीं हुई थी?

Ans

✗ A. क्षार धातुएं

✗ B. क्षारीय मृदा धातुएं

✓ C. उत्कृष्ट गैसें (Noble gases)

✗ D. हैलोजन (Halogens)

Q.66 एक बल्ब की शक्ति 40 W है। उसके द्वारा 100 s में व्यय की गई ऊर्जा SI इकाई में ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 40 J

✗ B. 400 J

✓ C. 4000 J

✗ D. 40000 J

Q.67 अजैव निम्नीकरणीय पदार्थों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

Ans

✗ A. अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ निम्नीकरण में कम समय लेते हैं।

✗ B.
अजैव निम्नीकरणीय पदार्थों का निम्नीकरण एंजाइमों द्वारा आसानी से किया जा सकता है।

✓ C. अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ पर्यावरण में बने रहते हैं।

✗ D.
अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ पारिस्थितिकी तंत्र के घटकों (members) को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

Q.68 मानवों में उत्सर्जन तंत्र के सही अनुक्रमिक क्रम की पहचान कीजिए।

Ans

✓ A. वृक्क, मूत्रवाहिनी, मूत्राशय, मूत्रमार्ग

✗ B. वृक्क, मूत्रमार्ग, मूत्रवाहिनी, मूत्राशय

✗ C. वृक्क, मूत्रवाहिनी, मूत्रमार्ग, मूत्राशय

✗ D. वृक्क, मूत्राशय, मूत्रवाहिनी, मूत्रमार्ग

Q.69 पादप कोशिकाओं में कोशिका भित्ति क्यों पाई जाती है?

Ans

✗ A. क्योंकि प्रकाश संश्लेषण के लिए इसकी आवश्यकता होती है।

✓ B.
क्योंकि कोशिका भित्ति विभिन्न पर्यावरणीय कारकों से पादप कोशिकाओं की रक्षा करती है।

✗ C. क्योंकि पादप कोशिकाएं सजीव होती हैं।

✗ D. क्योंकि पादप कोशिकाओं में कोशिका झिल्ली नहीं होती है।

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.70 -60 के आवर्धन वाला प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए एक वस्तु को प्रोजेक्टर से 10 cm की दूरी पर रखा जाता है। प्रोजेक्टेड प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए स्क्रीन को कितनी दूरी पर रखा जाना चाहिए?

Ans

✗ A. 4.5 मीटर

✓ B. 6.0 मीटर

✗ C. 5.5 मीटर

✗ D. 5.0 मीटर

Q.71 बेकिंग सोडा का उपयोग सामान्यतः _____ नहीं किया जाता है।

Ans

✗ A. प्रतिअम्ल के रूप में

✓ B. विसंक्रामक के रूप में

✗ C. बेकिंग पाउडर के रूप में

✗ D. अग्निशामकों में

Q.72 एक शेविंग दर्पण को इस प्रकार निर्मित किया गया है कि दर्पण से 30 cm की दूरी पर स्थित एक व्यक्ति, अपना 1.33 गुना आवर्धित प्रतिबिंब देखता है। दर्पण की वक्रता त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 34.25 cm

✗ B. 30.4 cm

✗ C. 28.6 cm

✗ D. 27.5 cm

Q.73 _____ के क्षेत्र में योगदान करने वाले व्यक्तियों को स्टॉकहोम जल पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Ans

✗ A. मृदा के संरक्षण और सुरक्षा

✗ B. वन्य जीवन के संरक्षण और सुरक्षा

✓ C. जल संसाधनों के संरक्षण और सुरक्षा

✗ D. वनों के संरक्षण और सुरक्षा

Q.74 दी गई अभिक्रिया में निम्न में से किसका अपचयन होगा?

$ZnO + C \rightarrow Zn + CO$

Ans

✓ A. ZnO

✗ B. कार्बन

✗ C. Zn

✗ D. CO

Q.75 मान लीजिए कि 500 W का एक विद्युत रेफ्रिजरेटर 12 घंटे/दिन संचालित होता है। ₹5.00 प्रति kWh की दर से, 30 दिनों तक इसे संचालित करने के लिए आवश्यक ऊर्जा की लागत कितनी होगी?

Ans

✗ A. ₹500/-

✗ B. ₹700/-

✓ C. ₹900/-

✗ D. ₹1,000/-

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.76 सरीसृपों में, संतति का लिंग किस तापमान से निर्धारित होता है?

Ans
✗ A. वह तापमान, जिस पर डिंब रखा होता है

✗ B. वह तापमान, जिस पर शुक्राणु रखा होता है

✓ C. वह तापमान, जिस पर निषेचित अंडा रखा होता है

✗ D. वह तापमान, जिस पर अनिषेचित अंडा रखा होता है

Q.77 छड़ चुंबक के भीतर, चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा _____ होती हैं।

Ans
✗ A. मध्य भाग से सभी ओर

✗ B. मध्य भाग से केवल उत्तरी ध्रुव की ओर

✓ C. दक्षिणी ध्रुव से उत्तरी ध्रुव की ओर

✗ D. उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव की ओर

Q.78 पांच-कार्बन परमाणु वाले यौगिक 'पेंटानल' में क्रियात्मक समूह का चयन कीजिए।


Ans
✗ A. कीटोन

✗ B. ऐल्कोहॉल

✗ C. एल्कीन

✓ D. एल्डिहाइड

Q.79 नीचे एक वृक्काणु (nephron) का चित्र दिया गया है। उस विकल्प का चयन कीजिए, जो इसके a, b, c और d द्वारा नामांकित भागों के सही नामांकन को दर्शाता है।



Ans
✗ A. a - वृक्क शिरा की शाखा, b - बोमैन संपुट, c - केशिकागुच्छ
d - वृक्क धमनी की शाखा

✗ B. a - वृक्क धमनी की शाखा, b - बोमैन संपुट, c - केशिकागुच्छ,
d - वृक्क शिरा की शाखा

✗ C. a - वृक्क शिरा की शाखा, b - केशिकागुच्छ, c - बोमैन संपुट d - वृक्क धमनी की शाखा

✓ D. a - वृक्क धमनी की शाखा, b - केशिकागुच्छ, c - बोमैन संपुट d - वृक्क शिरा की शाखा

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.80 उदासीनीकरण अभिक्रिया में निम्न में से कौन से उत्पाद बनते हैं?

Ans

✗ A. लवण और अम्ल

✗ B. अम्ल और जल

✓ C. लवण और जल

✗ D. अवक्षेप और क्षारक

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र योजना, स्वामित्व (SVAMITVA) योजना कब शुरू हुई थी?

Ans

✗ A. 2019

✗ B. 2020

✓ C. 2021

✗ D. 2022

Q.82 फरवरी 2022 के महीने में, किस क्रिकेट टीम ने 1000 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) मैच खेलने वाली पहली टीम होने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की?

Ans

✗ A. वेस्ट इंडीज

✗ B. ऑस्ट्रेलिया

✓ C. भारत

✗ D. इंग्लैंड

Q.83 निम्न में से कौन-सा स्थान जैन धर्म से संबंधित नहीं है?

Ans

✓ A. कुशीनगर

✗ B. दिलवाड़ा

✗ C. श्रवणबेलगोला

✗ D. पार्श्वनाथ

Q.84 ब्रह्मपुत्र हिमालय की _____ सीमा बनाती है।

Ans

✗ A. सबसे उत्तरी

✗ B. सबसे दक्षिणी

✗ C. सबसे पश्चिमी

✓ D. सबसे पूर्वी

Q.85 M3 (अर्थात मुद्रा आपूर्ति का माप) की गणना के लिए किस सूत्र का उपयोग किया जाता है?

Ans

✓ A. M3= CU + DD + वाणिज्यिक बैंकों का निवल सावधि जमा राशि

✗ B. M3 = M2 + डाकघर में बचत के रूप में जमा राशि

✗ C. M3 = M1 + डाकघर में कुल जमा राशि

✗ D. M3 = M1 + राष्ट्रीय बचत पत्र को छोड़कर डाकघर में कुल जमा राशि

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.86 इनमें से किस वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी- सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए एक व्यापक नियामक ढांचा जारी किया था?

Ans

✗ A. 2010

✓ B. 2011

✗ C. 2012

✗ D. 2013

Q.87 बूढ़ाबलंग (Budhabalanga) और वैतरणी (Baitarani) नदियों का उद्गमस्थल _____ में स्थित है।

Ans

✗ A. पश्चिम बंगाल

✗ B. छत्तीसगढ़

✓ C. ओडिशा

✗ D. झारखंड

Q.88 निम्न में से कौन भारत के अंतिम वायसराय थे?

Ans

✗ A. लॉर्ड रिपन

✓ B. लॉर्ड माउंटबेटन

✗ C. लॉर्ड वेवेल

✗ D. लॉर्ड कर्जन

Q.89 भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI), जिसका मुख्यालय _____ में है, और इसकी उपस्थिति 16 क्षेत्रीय स्टेशनों में है, भारत के प्राणी संसाधनों के सर्वेक्षण के लिए जिम्मेदार है।

Ans

✗ A. कर्नाटक

✓ B. कोलकाता

✗ C. केरल

✗ D. आंध्र प्रदेश

Q.90 भारतीय संविधान के अनुच्छेद _____ के अनुसार, किसी व्यक्ति को उस कृत्य के लिए सिद्धदोष/दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, जो उसके किए जाने के समय अपराध नहीं था।

Ans

✗ A. 30

✗ B. 27

✓ C. 20

✗ D. 23

Q.91 भारत में बारहवीं पंचवर्षीय योजना की समयावधि क्या थी?

Ans

✗ A. 2010 से 2015

✗ B. 2013 से 2018

✓ C. 2012 से 2017

✗ D. 2011 से 2016

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.92 भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक INSPIRE (इंस्पायर) योजना का पूर्ण रूप क्या है?

Ans

✗ A. Innovation in Science Pursuit for Indian Research (इनोवेशन इन साइंस परसूट फॉर इंडियन रिसर्च)

✗ B. Innovation in Science Pursuit for Indigenous Research (इनोवेशन इन साइंस परसूट फॉर इंडिजेनस रिसर्च)

✓ C. Innovation in Science Pursuit for Inspired Research (इनोवेशन इन साइंस परसूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च)

✗ D. Innovation in Science Pursuit for Interdisciplinary Research (इनोवेशन इन साइंस परसूट फॉर इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च)

Q.93 POCSO Act (पॉक्सो एक्ट) का पूर्ण रूप क्या है?

Ans

✓ A. The Protection of Children from Sexual Offences Act (द प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट)

✗ B. The Prevention of Children from Sexual Offences Act (द प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट)

✗ C. The Protection of Children from Sensual Offences Act (द प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेंसुअल ऑफेंसेस एक्ट)

✗ D. The Prevention of Children from Serious Offences Act (द प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सीरियस ऑफेंसेस एक्ट)

Q.94 (जुलाई 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार) प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) में आकस्मिक मृत्यु पर जोखिम कवरेज _____ है।

Ans

✓ A. ₹2 लाख

✗ B. ₹5 लाख

✗ C. ₹10 लाख

✗ D. ₹15 लाख

Q.95 NEP 2020, भारत में अनुसंधान और नवाचार में तेजी लाने के लिए इनमें से किस संस्थान/संगठन को स्थापित किए जाने की अनुशंसा करता है?

Ans

✗ A. भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान

✓ B. नेशनल रिसर्च फाउंडेशन

✗ C. नेशनल फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन इंडिया

✗ D. महात्मा गांधी इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन इंडिया

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.96 जनवरी 2022 में जारी 'इन्वेस्टमेंट ट्रेंड्स मॉनिटर' रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्रवाह, 2020 की तुलना में 26% कम था। यह रिपोर्ट किसने जारी की थी?

Ans

✗ A. भारतीय रिजर्व बैंक

✗ B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

✓ C. संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (UNCTAD)

✗ D. विश्व बैंक

Q.97 निम्नलिखित में से कौन सा विषय भारतीय संविधान की समवर्ती सूची का भाग है?

Ans

✗ A. लिकर (Liquor)

✓ B. अपमिश्रण (Adulteration)

✗ C. पुलिस (Police)

✗ D. लोक स्वास्थ्य (Public Health)

Q.98 गालो एक तानी भाषा है, जो _____ में बोली जाती है।

Ans

✗ A. हरियाणा

✗ B. हिमाचल प्रदेश

✗ C. झारखंड

✓ D. अरुणाचल प्रदेश

Q.99 21 जनवरी 2022 को, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय ने अपना _____ स्थापना दिवस मनाया।

Ans

✗ A. 25वां

✓ B. 50वां

✗ C. 55वां

✗ D. 75वां

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.100 निम्नलिखित में से किस गेंदबाज ने 31 मार्च 2022 को इंडियन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के पंद्रहवें संस्करण में सर्वकालिक सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज होने का गौरव हासिल किया?

Ans

✗ A. पैट कमिंस

✗ B. रविचंद्रन अश्विन

✗ C. मोहम्मद शमी

✓ D. ड्वेन ब्रावो

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर आर सी - ०१/२०१९ - CEN RRC - 01/2019

Test Date	20/09/2022
Test Time	5:00 PM - 6:30 PM
Subject	Level 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **Mathematics**

Q.1 $123.4\overline{7}$ को $\frac{p}{q}$ के रूप में व्यक्त करें, जहां p और q पूर्णांक हैं तथा $q \neq 0$ है।

Ans

✗ A. $\frac{12347}{99}$

✗ B. $\frac{11113}{9}$

✗ C. $\frac{12347}{90}$

✓ D. $\frac{11113}{90}$

Q.2 जब कोई तिर्यक प्रतिच्छेदक रेखा दो सीधी रेखाओं को प्रतिच्छेदित करती है, तो तिर्यक प्रतिच्छेदक रेखा पर इस प्रकार एक ही ओर दो कोण बनते हैं कि दोनों कोण उन दोनों रेखाओं के सापेक्ष ऊपर या नीचे स्थित होते हैं, जिन पर वे बने होते हैं, इनको _____ कोण युग्म कहा जाता है।

Ans

✗ A. आसन्न

✓ B. संगत

✗ C. पूरक

✗ D. एकांतर

Q.3 यदि $x^3y : xy :: xy : a$ है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से a का मान क्या होगा?

Ans

✓ A. $\frac{y}{x}$

✗ B. $\frac{y}{x^2}$

✗ C. $\frac{y^2}{x}$

✗ D. $\frac{y^2}{x^2}$

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.4 एक बेईमान डीलर अपने माल को लागत मूल्य पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह एक किलोग्राम के लिए 950 gm वज़न का उपयोग करता है। उसका लाभ प्रतिशत क्या है?

Ans

✔ A. $5\frac{5}{19}\%$

✘ B. $4\frac{5}{19}\%$

✘ C. $6\frac{5}{19}\%$

✘ D. $7\frac{5}{19}\%$

Q.5 यदि समीकरण $x^2 - 5x + 6 = 0$, के मूल a, b हैं, तो $a^2 + b^2 - ab$ का मान क्या होगा?

Ans

✘ A. -7

✘ B. 43

✔ C. 7

✘ D. 9

Q.6 आँकड़ा समुच्चय 5, 6, 7, 9, 10, 12 और 14 में प्रदत्त मानों के माध्य से समान आँकड़ा समुच्चय के मानों के विचलन का योग क्या है?

Ans

✔ A. 0

✘ B. -1

✘ C. 1

✘ D. 2

Q.7 प्रत्येक 5 cm की भुजा वाले तीन घन एक-दूसरे से सटाकर रखे गए हैं। इनसे बनने वाले घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या होगा?

Ans

✘ A. $27\ cm^2$

✘ B. $37.5\ cm^2$

✔ C. $350\ cm^2$

✘ D. $125\ cm^2$

Q.8 यदि 256, b और 324 सतत समानुपात (continued proportion) में हैं, तो b का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. 312

✘ B. 308

✔ C. 288

✘ D. 296

Q.9 जब किसी वस्तु के मूल्य में 20% की वृद्धि की जाती है तो उसकी बिक्री में 20% की कमी आती है। आय पर होने वाला शुद्ध प्रभाव क्या है?

Ans

✘ A. 20% की वृद्धि

✘ B. 20% की कमी

✔ C. 4% की कमी

✘ D. 4% की वृद्धि

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.10 एक त्रिभुज और समांतर चतुर्भुज के आधार और क्षेत्रफल समान हैं। यदि त्रिभुज की भुजाएं 26 cm, 28 cm और 30 cm हैं, और समांतर चतुर्भुज का आधार 28 cm है, तो समांतर चतुर्भुज की ऊंचाई कितनी है?

Ans

✔ A. 12 cm

✘ B. 10 cm

✘ C. 14 cm

✘ D. 11 cm

Q.11 $9\frac{1}{6} \times 4\frac{2}{3} + 5\frac{1}{2} \div 2\frac{2}{3}$ का मान ज्ञात करें।

Ans

✔ A. $\frac{6457}{144}$

✘ B. $\frac{6417}{144}$

✘ C. $\frac{6457}{72}$

✘ D. $\frac{6157}{144}$

Q.12 $\frac{\sin A - \sin B}{\cos A + \cos B} + \frac{\cos A - \cos B}{\sin A + \sin B}$ का मान क्या है?

Ans

✘ A. 1

✘ B. −1

✘ C. 2

✔ D. 0

Q.13 72 cm परिधि वाले एक अर्धवृत्त का क्षेत्रफल (cm^2 में) क्या होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans

✘ A. 144

✘ B. 154

✘ C. 616

✔ D. 308

Q.14 A और B की वार्षिक आय समान है। A अपनी आय के $\frac{1}{5}$ हिस्से की बचत करता है लेकिन B वार्षिक रूप से A से ₹80,000 अधिक व्यय करता है, और 4 वर्ष के अंत में उस पर ₹2,20,000 का ऋण हो जाता है। A और B में से प्रत्येक की वार्षिक आय क्या है?

Ans

✘ A. ₹1,10,000

✘ B. ₹1,30,000

✘ C. ₹1,20,000

✔ D. ₹1,25,000

Q.15 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 6 और गुणनफल 2520 है, उनका लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. 2520

✔ B. 420

✘ C. 1320

✘ D. 880

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.16 यदि एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $25\sqrt{3}\,cm^2$ है, तो इस समबाहु त्रिभुज की प्रत्येक भुजा की लंबाई _____ cm होगी।

Ans

✗ A. $5\sqrt{2}$

✗ B. $10\sqrt{3}$

✓ C. 10

✗ D. 8

Q.17 एक कक्षा के 10 छात्रों के वजन (kg में) 35, 42, 56, 44, 55, 44, 36, 44, 49 और 35 के रूप में दर्ज किए गए हैं। बहुलकीय वजन (modal weight) ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 44.0 kg

✗ B. 35.0 kg

✗ C. 36.0 kg

✗ D. 35.5 kg

Q.18 यदि $x = -\frac{1}{2}$ और $y = 2$ है, तो $\frac{4y}{5}(y-x) - 35\left[\frac{3x-4y}{5} - \frac{1}{10}\left\{3x - \frac{5}{7}(7x-4y)\right\}\right]$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 90

✓ B. 94

✗ C. 92

✗ D. 91

Q.19 $6\sqrt{3}x^2 + 3\sqrt{3} + 5x = 0$ के मूलों का गुणनफल _____ होगा।

Ans

✗ A. $\sqrt{3}$

✗ B. 1

✗ C. 0

✓ D. $\frac{1}{2}$

Q.20 यदि $4^{2n+1} = 2^{3n+9}$ है, तो n का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. −8

✓ B. 7

✗ C. 8

✗ D. $\frac{9}{2}$

Q.21 दो सह-अभाज्य संख्याओं का योग 122 है और उनका गुणनफल 3717 है। वे संख्याएँ कौन-सी हैं?

Ans

✗ A. (33; 89)

✗ B. (53; 69)

✓ C. (59; 63)

✗ D. (79; 43)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.22 अरबाज़ और अमन एक इमारत को क्रमश: 16 दिन और 12 दिन में पेंट कर सकते हैं। यदि अरबाज़ काम शुरू करता है और वे वैकल्पिक दिनों में काम करते हैं, तो इमारत की पेंटिंग कितने दिनों में पूरी हो जाएगी?

Ans

✔ A. $13\frac{3}{4}$

✘ B. $15\frac{1}{4}$

✘ C. 12

✘ D. 13

Q.23 एक बेईमान डीलर अपने माल को क्रय मूल्य की $6\frac{1}{4}\%$ हानि पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह प्रत्येक 16 gm के बजाए 14 gm माल देता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. $7\frac{1}{7}\%$ लाभ

✘ B. $7\frac{1}{3}\%$ हानि

✘ C. $6\frac{1}{7}\%$ लाभ

✘ D. $6\frac{1}{7}\%$ हानि

Q.24 वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या क्या है जिसे 369 में जोड़ने पर एक पूर्ण वर्ग संख्या प्राप्त होगी?

Ans

✘ A. 25

✔ B. 31

✘ C. 30

✘ D. 40

Q.25 यदि तीन क्रमागत विषम संख्याओं का योग 309 है, तो उनमें से सबसे बड़ी संख्या _____ होगी।

Ans

✘ A. 101

✘ B. 109

✔ C. 105

✘ D. 103

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 निम्नलिखित अनुक्रम का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। दी गई सभी संख्याएं 2-अंकीय संख्याएं हैं।

18 @ 61 # 22 63 76 $ 42 48 % 29 94 ø 56 27 75

यदि उपरोक्त अनुक्रम में से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो दाएं से तीसरी और बाएं से चौथी संख्या का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 3528

✘ B. 3498

✘ C. 3696

✘ D. 3575

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.27 एक कथन के बाद तीन निष्कर्ष दिए गए हैं। बताएं कि कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथन के आधार पर सत्य है?

कथन:

A = B ≥ C = D, E > F ≥ G = D

निष्कर्ष:

I. E > C

II. A ≥ G

III. E ≥ B

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I सत्य है।

✗ B. केवल निष्कर्ष II सत्य है।

✗ C. केवल निष्कर्ष III सत्य है।

✓ D. केवल निष्कर्ष I और II सत्य हैं।

Q.28 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

$(\sqrt{785} + 72 \div 4 \times 3 - \sqrt{120}) \times 2 = ?$

Ans

✗ A. 180

✗ B. 124

✓ C. 142

✗ D. 200

Q.29 नीचे दिए गए कथनों से निकाले जा सकने वाले सही निष्कर्ष का चयन कीजिए।

Statements:

1. C > A ≥ D > Z
2. Z = V ≤ K

Ans


✓ A. C > V

✗ B. K > A

✗ C. K > D

✗ D. C = D

Q.30 दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं। वृत्त 'अध्यापकों' को निरूपित करता है, वर्ग 'पुरुषों' को निरूपित करता है, और त्रिभुज ' स्नातकोत्तरों' को निरूपित करता है। ऐसे कितने पुरुष हैं, जो **न तो** शिक्षक हैं और **न ही** स्नातकोत्तर हैं?



Ans

✗ A. 4

✗ B. 3

✗ C. 2

✓ D. 1

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.31 वाणी अपने घर से अपने ऑफिस पैदल जाती है। घर से पैदल चलने के बाद, कार्यालय जाते समय, वह दो बार दाएं मुड़ी और फिर कार्यालय पहुंचने से पहले बाएं मुड़ गई। यदि वाणी का मुख अपने कार्यालय पहुंचने पर दक्षिण की ओर है, तो जब उसने अपने घर से पैदल चलना शुरू किया था तब उसका मुख किस दिशा की ओर था?

Ans

✔ A. पूर्व

✘ B. पश्चिम

✘ C. उत्तर

✘ D. दक्षिण

Q.32 30 क्रिकेटर एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके खड़े हुए हैं। अमर पंक्ति के दाएं सिरे से 10वें स्थान पर है, जबकि दिनेश पंक्ति के बाएं सिरे से 5वें स्थान पर है। अमर और दिनेश के बीच में कितने क्रिकेटर खड़े हुए हैं?

Ans

✘ A. 16

✔ B. 15

✘ C. 18

✘ D. 17

Q.33 दिए गए कथनों और तर्कों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

कथन:

मानसून का मौसम मुंबई के लोगों के जीवन को कई तरह से प्रभावित करता है।

तर्क:

I. मानसून के दौरान मुंबई में जलजमाव एक आम समस्या है।

II. आमतौर पर लोग मुंबई में मानसून के मौसम का लुत्फ उठाते हैं।

Ans

✘ A. I कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि II कथन का समर्थन करता है।

✘ B. II कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि I कथन का समर्थन करता है।

✘ C. I और II दोनों कथन का समर्थन नहीं करते हैं।

✔ D. I और II दोनों कथन का समर्थन करते हैं।

Q.34 निम्न तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

एक ही वर्ष के अलग-अलग महीनों में विभिन्न पर्यटन स्थलों की यात्रा करने वाले पर्यटकों की संख्या निम्न तालिका में दी गई है।

महीना	पर्यटक					कुल
	पर्यटन स्थल A	पर्यटन स्थल B	पर्यटन स्थल C	पर्यटन स्थल D	पर्यटन स्थल E	
सितम्बर	200	70	30	290	10	600
अक्टूबर	120	130	70	150	290	760
नवम्बर	45	35	25	125	160	390
दिसम्बर	160	110	40	115	130	555
जनवरी	80	90	70	100	140	480
फरवरी	130	150	30	40	390	740

दिसंबर और जनवरी के महीनों के बीच पर्यटन स्थल A पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में कितना अंतर है?

Ans

✘ A. 85

✘ B. 75

✔ C. 80

✘ D. 70

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.35 यदि शब्द 'MARGINS' के सभी अक्षरों को वर्णानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans

✗ A. शून्य

✓ B. एक

✗ C. दो

✗ D. तीन

Q.36 तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

कुछ जर्नल, उपन्यास हैं।

कुछ उपन्यास, विवरणिका हैं।

सभी विवरणिका, चार्ट हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ चार्ट, उपन्यास हैं।

II. कुछ विवरणिका, जर्नल हैं।

Ans

✓ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✗ C. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

✗ D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Q.37 उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।
EXA : HSH :: LWQ : ORX :: KNO : ?

Ans

✗ A. MIV

✗ B. MIW

✗ C. NHW

✓ D. NIV

Q.38 उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

7 : 345 :: 8 : 514 :: 2 : ?

Ans

✗ A. 110

✓ B. 10

✗ C. 8

✗ D. 115

Q.39 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GRAND' को 'IVGVN' लिखा जाता है और 'NIGHT' को 'PMMPD' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'MAGIC' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. OBMRS

✓ B. OEMQM

✗ C. SDOFI

✗ D. DFONR

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.40 उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

2187, 729, 243, ?, 27

Ans

✗ A. 143

✓ B. 81

✗ C. 51

✗ D. 113

Q.41 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(7, 5, 16807)
(8, 4, 4096)

Ans

✗ A. (10, 3, 100)

✗ B. (8, 6, 3456)

✓ C. (12, 3, 1728)

✗ D. (3, 4, 21)

Q.42 तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?
कथन:
सभी कवर, जार हैं।

कोई फ़नल, जार नहीं है।

कुछ कुएं, फ़नल हैं।

निष्कर्ष:
I. कुछ कुएं, कवर हैं।

II. कुछ कुएं, जार हैं।

III. कोई फ़नल, कवर नहीं है।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

✗ B. केवल निष्कर्ष II और III पालन करते हैं।

✗ C. सभी निष्कर्ष पालन करते हैं।

✓ D. केवल निष्कर्ष III पालन करता है।

Q.43 छह दोस्त B, D, F, H, J और L एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (लेकिन उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है)। F, D और J दोनों के ठीक बगल में बैठा है। L, B के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। H, D और L दोनों के ठीक बगल में बैठा है। J के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

Ans

✗ A. L

✓ B. B

✗ C. F

✗ D. H

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.44 KETCHUP शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। यदि इस प्रकार बने अक्षर-समूह के प्रत्येक अक्षर को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो दाईं ओर से तीसरे स्थान पर कौन सा अक्षर होगा?

Ans

✗ A. J

✓ B. O

✗ C. F

✗ D. S

Q.45 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BUS' को 'ACTVRT' लिखा जाता है और 'CAT' को 'BDZBSU' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'PUT' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✓ A. OQTVSU

✗ B. SUTVOQ

✗ C. TVSUQO

✗ D. VSTOQU

Q.46 पांच दोस्तों - P, M, Q, S और J की दुकानें एक ही बाजार में हैं। P की दुकान M की दुकान के उत्तर में है; जोकि Q की दुकान के पश्चिम में है; जोकि S की दुकान के पश्चिम में है। S की दुकान J की दुकान के उत्तर में है। कुछ कारणों से, M और J ने अपनी दुकानों की अदला-बदली कर ली है। अब P की दुकान के सापेक्ष J की दुकान की दिशा ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. दक्षिण

✗ B. पश्चिम

✗ C. पूर्व

✗ D. दक्षिण-पूर्व

Q.47 निम्न में से कौन सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?

DOG 8, ITL 13, NYQ 18, SDV 23, ?

Ans


✗ A. YMF 30

✗ B. XIB 28

✓ C. XIA 28

✗ D. ZJD 25

Q.48 निम्नांकित ग्राफ में अलग-अलग वर्षों के दौरान तीन कंपनियों X, Y और Z की बिक्री को दर्शाया गया है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



संदर्भ: [sales (in lacs) - बिक्री (लाख में)]

वर्ष 1996 से 1998 तक किस कंपनी की कुल बिक्री सबसे अधिक है? वर्ष 1997 में कंपनी Z की बिक्री, कंपनी Y की बिक्री से कितने प्रतिशत अधिक है?

Ans

✗ A. Y, 20%

✓ B. Z, 20%

✗ C. Y, 10%

✗ D. Z, 10%

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.49 निम्न में से कौन-सी संख्या, दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

256, 256, 243, 230, 230, 217, 204, ?

Ans

✗ A. 209

✗ B. 197

✗ C. 226

✓ D. 204

Q.50 निम्न में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

$239.99 \times 20.01 - 99.99 \times 30.01 = ?$

Ans

✓ A. 1800

✗ B. 1805

✗ C. 1810

✗ D. 1815

Q.51 शब्द LIBRARY में (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) ऐसे कितने अक्षर-युग्म मौजूद हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच में हैं?

Ans

✗ A. तीन

✗ B. एक

✓ C. शून्य

✗ D. दो

Q.52 पांच व्यक्ति - प्रवलिका, रोशन, तारक, विटिका और यधू एक ही इमारत की पांच अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 5 है।
विटिका, यधू के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहती है। प्रवलिका, तारक के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहती है। रोशन, प्रवलिका के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। यधू, तारक के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहता है।
तीसरी मंजिल पर कौन रहता है?

Ans

✗ A. रोशन

✗ B. प्रवलिका

✓ C. तारक

✗ D. यधू

Q.53 यदि निम्न समीकरण में '+' और '-' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, और साथ ही '×' और '÷' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

$16 \div 3 - 12 \times 4 \div 18 \times 3 - 7 = ?$

Ans

✗ A. 71

✗ B. 72

✓ C. 73

✗ D. 74

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.54 A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है)। उनमें से कुछ मेज के कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं। A किसी भी कोने पर नहीं बैठा है और H के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G किसी एक कोने पर बैठा है और C के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। E और B दोनों C के ठीक बगल में बैठे हैं। F किसी एक कोने पर बैठा है और B के बाईं ओर ठीक बगल में है।

निम्न में से कौन कौन H के ठीक बगल में बैठे हैं?

Ans

✔ A. D और G

✘ B. F और G

✘ C. C और F

✘ D. D और B

Q.55 एक कक्षा के सभी 25 विद्यार्थी उत्तर की ओर मुख करके एक सीधी पंक्ति में खड़े हुए हैं। अमित दाएं सिरे 10वें स्थान पर है, जबकि मधु बाएं सिरे से 18वें स्थान पर है। अमित और मधु के बीच कितने विद्यार्थी खड़े हुए हैं?

Ans

✘ A. 3

✘ B. 4

✘ C. 2

✔ D. 1

Section : **General Science**

Q.56 इनमें से कौन सा यौगिक सहसंयोजक यौगिक का एक उदाहरण है?

Ans

✘ A. CaO

✘ B. $MgCl_2$

✔ C. P_2O_5

✘ D. NaCl

Q.57 मान लीजिए कि एक दंत चिकित्सक एक गोलीय दर्पण का उपयोग करता है, जिसके द्वारा पांच गुना आवर्धित सीधा प्रतिबिंब बन सकता है। वक्रता त्रिज्या को, वस्तु की दूरी d_0 के पदों में _____ द्वारा दर्शाया जाएगा।

Ans

✘ A. $+\frac{5}{4}d_0$

✘ B. $-\frac{5}{4}d_0$

✔ C. $-\frac{5}{2}d_0$

✘ D. $+\frac{5}{2}d_0$

Q.58 जब प्रकाश अभिलंब के अनुदिश आपतित होता है और हवा से होते हुए जल में प्रवेश करता है, तो प्रकाश की दिशा _____ ।

Ans

✘ A. जल में प्रवेश करने से पहले बदल जाएगी

✘ B. जल में प्रवेश करने के बाद बदल जाएगी

✘ C. सीमा पर बदल जाएगी

✔ D. में कोई परिवर्तन नहीं होगा

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.59 चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं _____।

Ans
✔ A. एक दूसरे को नहीं काटती हैं
✘ B. एक दूसरे को 45° के कोण पर प्रतिच्छेदित करती हैं
✘ C. एक दूसरे को 60° के कोण पर प्रतिच्छेदित करती हैं
✘ D. एक दूसरे को 90° के कोण पर प्रतिच्छेदित करती हैं

Q.60 तांबे के एक तार में 3 V का विभवांतर आरोपित करने पर उसके माध्यम से 0.1 A की अपरिवर्ती धारा गुजरती है। तार का प्रतिरोध कितना होगा?

Ans
✘ A. 0.3 Ω
✔ B. 30 Ω
✘ C. 0.033 Ω
✘ D. 3 Ω

Q.61 वन अधिकारी ए. के. बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में एक निम्नीकृत हुए जंगल को फिर से जीवंत करने के लिए किस मॉडल का इस्तेमाल किया?

Ans
✘ A. उन्होंने पुराने पेड़ों की कटाई बंद कर दी।
✔ B. उन्होंने वन-संवर्धन (silviculture) में स्थानीय लोगों को शामिल किया।
✘ C. पौधों की वृद्धि में सहायता के लिए उन्होंने जंगल में एक नहर जलमार्ग बनवाया।
✘ D. उन्होंने दीमक तथा लकड़ी को नष्ट करने वाले अन्य कीड़ों को नियंत्रित किया।

Q.62 निम्न में से कौन सा कार्बन यौगिक गुड़ (molasses) के किण्वन से बनता है?

Ans
✘ A. मेथेन
✘ B. एथेन
✔ C. एथेनॉल
✘ D. प्रोपेनॉल

Q.63 बेरियम क्लोराइड और एल्यूमीनियम सल्फेट के बीच होने वाली अभिक्रिया में निर्मित उत्पाद का चयन कीजिए।

Ans
✘ A. ठोस $AlCl_3$ बनता है।
✔ B. ठोस $BaSO_4$ बनता है।
✘ C. $BaSO_4$ का जलीय विलयन बनता है।
✘ D. गैसीय रूप में $AlCl_3$ मुक्त होता है।

Q.64 परागकण को वर्तिकाग्र पर स्थानांतरित करने के बाद सबसे पहले उसका क्या होता है?

Ans
✘ A. यह नाभिक को बीजांड में विमुक्त करने के लिए घुल जाता है।
✔ B. यह नाभिक को बीजांड में स्थानांतरित करने के लिए एक नलिका विकसित करता है।
✘ C. नर युग्मक बनाने इसका अर्धसूत्रीविभाजन हो जाता है।
✘ D. यह अंडाशय तक पहुंचने के लिए वर्तिका से होकर गुजरता है।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.65 एक इलेक्ट्रिक केतली को 240 V पर संचालित किए जाने पर यह 1.5 kW की खपत करती है। इसके लिए प्रयुक्त फ्यूज़ तार की रेटिंग क्या होगी?

Ans

✔ A. 6.25 A

✘ B. 5 A

✘ C. 8 A

✘ D. 9 A

Q.66 प्रकाश संश्लेषण के दौरान, _____ से जल के छह अणु बनते हैं।

Ans

✘ A. $6H_2O$

✔ B. $12H_2O$

✘ C. $18H_2O$

✘ D. $24H_2O$

Q.67 एक त्रिकोणीय कांच के प्रिज्म में _____ होती हैं।

Ans

✘ A. 3 फ़लक और 4 कोरें

✘ B. 5 फ़लक और 8 कोरें

✔ C. 5 फ़लक और 9 कोरें

✘ D. 9 फ़लक और 5 कोरें

Q.68 2Ω,3Ω,4 Ω,6 Ω और 12 Ω प्रतिरोधों वाली 5 कुंडलियों के संयोजन से प्राप्त होने वाले अधिकतम और न्यूनतम प्रतिरोधों का मान क्या होगा?

Ans

✔ A. 27Ω, 0.75 Ω

✘ B. 27 Ω, 0.65 Ω

✘ C. 28 Ω, 0.65 Ω

✘ D. 28 Ω, 0.75 Ω

Q.69 मान लीजिए एक पिन को अवतल दर्पण के सामने रखा जाता है, और पर्दे पर पिन के आकार के तीन गुने आकार का वास्तविक प्रतिबिंब बनता है। फिर प्रतिबिंब का आकार, वस्तु के आकार का छह गुना होने तक पिन और पर्दे को खिसकाया जाता है। यदि पर्दे का विस्थापन (shift) 24 cm है, तो वस्तु का विस्थापन (shift) _____ है।

Ans

✘ A. $\frac{2}{3}$ cm

✔ B. $\frac{4}{3}$ cm

✘ C. $\frac{5}{3}$ cm

✘ D. $\frac{7}{3}$ cm

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.70 चिपको आंदोलन ('हग द ट्रीज मूवमेंट'), इनमें से किस गांव से शुरू हुआ था?

Ans
✔ A. गढ़वाल में स्थित रेनी
✘ B. कुल्लू में स्थित मलाणा
✘ C. कांगड़ा में स्थित अंद्रेता
✘ D. निचले सुबनसिरी में स्थित ज़िरो

Q.71 सामान्य मानव कोशिका में 46 गुणसूत्र होते हैं, जबकि, जनन कोशिका में _____ होते हैं।

Ans
✘ A. 44 गुणसूत्र
✘ B. 46 गुणसूत्र
✘ C. 22 गुणसूत्र
✔ D. 23 गुणसूत्र

Q.72 यौगिक 'A' तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करता है, तो बुदबुदाहट उत्पन्न होती है। इससे निकलने वाली गैस चूने के पानी के रंग को दूधिया कर देती है। यौगिक A का चयन कीजिए।

Ans
✘ A. NaOH
✘ B. Zn धातु
✔ C. Na_2CO_3
✘ D. NaCl

Q.73 आधुनिक आवर्त सारणी में तीसरे, चौथे, पांचवें, छठे और सातवें आवर्तों में मौजूद तत्वों की संख्या _____ है।

Ans
✘ A. क्रमशः 8, 8, 18, 18 और 32
✔ B. क्रमशः 8, 18, 18, 32 और 32
✘ C. क्रमशः 8, 8, 18, 32 और 32
✘ D. क्रमशः 8, 18, 32, 32 और 32

Q.74 प्रत्येक 1/6 Ω वाले सात प्रतिरोधों का उपयोग करके बनाए गए परिपथ का न्यूनतम प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. $\frac{7}{6}\Omega$
✘ B. $\frac{7}{5}\Omega$
✔ C. $\frac{6}{7}\Omega$
✘ D. $\frac{5}{7}\Omega$

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.75 स्वपोषियों की कुछ अभिलाक्षणिक विशेषताएं नीचे दी गई हैं। दिए गए कथनों में से कौन सा स्वपोषियों के संबंध में गलत है?

Ans

✗ A. स्वपोषियों की कार्बन और ऊर्जा संबंधी आवश्यकताएं प्रकाश संश्लेषण द्वारा पूरी होती हैं।

✗ B. सभी हरे पौधे और कुछ जीवाणु स्वपोषी होते हैं।

✓ C. तुरंत उपयोग नहीं किए जाने वाले कार्बोहाइड्रेट ग्लाइकोजन के रूप में संग्रहित हो जाते हैं।

✗ D. इन्हें प्राथमिक उत्पादक भी कहा जाता है।

Q.76 रक्त के तरल मैट्रिक्स (fluid matrix) को क्या कहा जाता हैं?

Ans

✗ A. RBC (लाल रक्त कणिकाएं)

✗ B. WBC (श्वेत रक्त कणिकाएं)

✓ C. प्लाज्मा

✗ D. प्लेटलेट्स

Q.77 निम्न को सुमेलित कीजिए:

आयनिक यौगिक	गलनांक (K)
i. NaCl	a. 2850
ii. $CaCl_2$	b. 1074
iii. CaO	c. 1045

Ans

✗ A. i-a, ii-b, iii-c

✗ B. i-c, ii-b, iii-a

✗ C. i-c, ii-a, iii-b

✓ D. i-b, ii-c, iii-a

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.78 $MnO + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$

दी गई अभिक्रिया के अनुसार, इनमें से कौन सा कथन गलत है?

Ans
✗ A. Cl_2 का HCl में ऑक्सीकरण होता है।
✗ B. HCl का Cl_2 में ऑक्सीकरण होता है।
✗ C. MnO_2 का $MnCl_2$ में अपचयन होता है।
✗ D. यह एक रेडॉक्स अभिक्रिया है।

Note: For this question, discrepancy is found in question/answer. So, This question is ignored for all candidates.

Q.79 निम्न में से कौन सा, मादा प्रजनन तंत्र का हिस्सा नहीं है?

Ans
✓ A. शुक्रवाहिका
✗ B. डिंबवाहिनी नलिका
✗ C. अंडाशय
✗ D. अंडवाहिनी

Q.80 दी गई अधातुओं को, उनकी वैद्युत ऋणात्मकता के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए। इनके परमाणु क्रमांक कोष्ठकों में दिए गए हैं।

O (8), Te (52), S (16), Se (34)

Ans
✗ A. Se < Te < S < O
✓ B. Te < Se < S < O
✗ C. O < S < Se < Te
✗ D. O < S < Te < Se

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 86वें संशोधन अधिनियम द्वारा भारतीय संविधान में अनुच्छेद 21(A) जोड़कर इनमें से किस अधिकार को स्वतंत्रता के अधिकार के भाग के रूप में, मूल अधिकारों की सूची में शामिल किया गया था?

Ans
✗ A. किसी भी वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारोबार में संलग्न होने का अधिकार
✗ B. कुछ स्थितियों में गिरफ्तारी और नज़रबंदी से संरक्षण का अधिकार
✗ C. शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन करने का अधिकार
✓ D. शिक्षा का अधिकार

Q.82 5 जुलाई 2021 को, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने भारत में प्राथमिक कक्षाओं में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त करने के उद्देश्य से _____ नामक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया।

Ans
